
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 195 प्रभात जयपुर, सोमवार 16 फरवरी, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT




जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
epaper.rashtradoot.com
# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

**It Is A Natural Match- Lawyers And Politicians**

The relationship between law and politics has been a natural match in Indian society. The two professions have converged not merely because legal skills are valued in politics but because the lawyer's world-view has come to dominate political institutions

**National Almond Day**



*भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सईम अयूब ने 3 विकेट लिए। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके।*

## महादेव से यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए प्रार्थना

वाराणसी, 15 फरवरी। महाशिवरात्रि के दिन वाराणसी में आस्था और विश्व शांति की अनूठी मिसाल देखने को मिली। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की विभीषिका से आहत रूसी श्रद्धालुओं ने काशी में भगवान भोलेनाथ से युद्ध विराम और वैश्विक शांति की प्रार्थना की। इसके बाद घाट-लंका स्थित तारानगर कॉलोनी के वेद मंदिर में आयोजित रुद्राभिषेक अनुष्ठान में रूस से आए 12 श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

- रूस के दल ने वाराणसी के वेद मंदिर में विधि-विधान से रूद्राभिषेक किया

वैदिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष एवं ज्योतिषाचार्य पंडित शिवपूजन शास्त्री के सान्निध्य में ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक संपन्न कराया। रूस की जूलिया के संयोजन में काशी पहुंचे 12 सदस्यीय दल के श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर का अभिषेक कर दोनों देशों के बीच शांति और सौहार्द स्थापित होने की कामना की। जूलिया ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजन-अर्चन कर उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी प्रार्थना है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध शीघ्र समाप्त हो, ताकि दोनों देशों में अमन-चैन कायम हो सके।

# दो भारत विरोधी आतंकी भी बांग्लादेश चुनावों में जीते

## ये दोनों आतंकी बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के हैं

- बांग्लादेश चुनावों में कुल तीन घोषित अपराधी जीते हैं। तीसरा सांसद जमात-ए-इस्लामी पार्टी से है।
- बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के दोनों आतंकियों में से एक, लुत्फोज़्ज़मान बाबर पर तत्कालीन शेख हसीना पर ग्रैनेड हमला करने का आरोप था, इस हमले में शेख हसीना तो बच गईं, पर, 24 लोग मारे गए थे। दूसरे नेता अब्दुस सलाम पिंटू का नाम उत्तर प्रदेश के वाराणसी के अदालत परिसर और अजमेर दरगाह पर आतंकी हमले की घटना में आया था।
- यूनुस सरकार ने इन तीनों पर सभी आरोप हटा लिए थे और इन्हें दोष मुक्त कर दिया था।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। शुक्रवार को हुए बांग्लादेश चुनावों में तीन पूर्व अपराधी भी विजयी हुए हैं, इनमें से दो ऐसे नेता है, जिन पर भारत-विरोधी आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप रहे हैं।

इन तीन में से दो बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी से हैं तथा तीसरे नेता, जमात-ए-इस्लामी से हैं, जिसे इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

तीनों पर पहले गंभीर आरोप लगे थे, जिनमें मृत्युदंड तक की सजा दी गई थी। लेकिन शेख हसीना के भारत निर्वासन के बाद, अमेरिका से लौटे मोहम्मद युनूस ने इन तीनों के खिलाफ लगे सभी आरोप हटा दिए।

बीएनपी के दो नेता, लुत्फोज्जामान बाबर और अब्दुस सलाम पिंटू-और जमात-ए-इस्लामी के एटीएम अज़हरुल इस्लाम अब नई संसद में पहुंचने जा रहे हैं।

दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के एक उच्च न्यायालय ने 21 अगस्त 2004 को शेख हसीना पर हुए ग्रेनेड हमले से जुड़े दो मामलों में तारिक रहमान, लुत्फोज्जामान बाबर और अन्य को बरी कर दिया था। उस हमले में शेख हसीना बाल-बाल बच गई थीं, जबकि 24 लोगों की मौत हुई थी।

लुत्फोज्जामान बाबर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 1.6 लाख वोटों से हराया।

उनके पार्टी सहयोगी अब्दुस सलाम पिंटू भारत के दृष्टिकोण से अधिक विवादित माने जाते हैं। बाबर के बरी होने के एक वर्ष बाद पिंटू के खिलाफ भी आरोप हटा दिए गए थे।

पिंटू पर पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हुजी) का समर्थन करने का आरोप था, जिस पर भारत में कई हमलों में शामिल होने के आरोप लगे थे। इनमें 2006 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी की अदालत परिसर में विस्फोट, 2007 में अजमेर शरीफ दरगाह विस्फोट और 2011 में दिल्ली में हुए हमले शामिल थे।

पिंटू ने कम से कम दो लाख वोटों से जीत दर्ज की।

## केदारनाथ धाम के दर्शन 22 अप्रेल से होंगे

उखीमठ/रुद्रप्रयाग, 15 फरवरी। ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष यात्रा के लिए 22 अप्रैल को वृष लग्न में प्रातः 8 बजे से श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। इसका निर्णय महाशिवरात्रि के दिन परंपरानुसार शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में एक बैठक में पंचांग गणना के उपरांत लिया गया।

- रविवार को विद्वानों, आचार्यों, हक-हकूकधारियों तथा बद्री-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों की बैठक में कपाट खोलने की तिथि व समय तय हुआ।

रविवार को ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में विद्वान आचार्यों, हक-हकूकधारियों तथा बदरी-केदार मंदिर समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि और समय तय किया गया। परंपरा के अनुसार निर्धारित तिथि से पूर्व बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारपुरी के लिए प्रस्थान करेगी।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी के अनुसार पंचमुखी डोली के प्रस्थान से पूर्व 18 अप्रैल को उखीमठ में भैरवनाथजी की पूजा-अर्चना होगी। 19 अप्रैल को डोली उखीमठ से फाटा के लिए प्रस्थान करेगी, 20 अप्रैल को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तारिक रहमान के शपथ ग्रहण में भारत का प्रतिनिधित्व ओम बिड़ला करेंगे

## फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ 17 फरवरी को पूर्व निर्धारित बैठक के कारण मोदी बांग्लादेश नहीं जाएंगे

- राजनयिक सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव व भूटान शामिल हैं।

नई दिल्ली, 15 फरवरी। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से साझा की गई है। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि पीएम मोदी बीएनपी अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश का दौरा कर सकते हैं। लेकिन भारत में एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन और कई देशों के गणमान्य अतिथियों के आगमन सहित अन्य प्रस्तावित कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण पीएम मोदी बांग्लादेश नहीं जा सकते हैं। पीएम मोदी का 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक का कार्यक्रम पहले से तय है।

विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, 17 फरवरी, 2026 को ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नई चुनी हुई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अहम कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बयान में आगे कहा गया- साझा इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसियों के तौर पर, बांग्लादेश में तारिक रहमान के नेतृत्व में चुनी हुई सरकार के आने का भारत स्वागत करता है।

राजनयिक सूत्रों के अनुसार,आमंत्रित देशों की सूची में भारत, चीन, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संसद के साउथ प्लाजा में होगा।

पड़ोसी देश में हाल ही में आयोजित हुए 13वें राष्ट्रीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। अब 17 फरवरी, मंगलवार को तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की नई सरकार का शपथ ग्रहण करेगी। जानकारी के अनुसार, तारिक रहमान की कैबिनेट में 32 से 42 सदस्य हो सकते हैं।

बीएनपी ने 300 में से 212 सीटों पर जीत दर्ज की है। जबकि जमात-ए-इस्लामी गठबंधन ने 77 सीटों पर जीत दर्ज की है। पूर्व सत्ताधारी दल अवामी लीग (शेख हसीना की पार्टी) को इस चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई।

## सिलचर-शिलाँग-गुवाहाटी हाई स्पीड कॉरिडोर बनेगा

गुवाहाटी, 15 फरवरी। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को मुख्यमंत्री मुख्यालय लोक सेवा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले माह मार्च में असम दौरे के दौरान महत्वाकांक्षी सिलचर-शिलांग-गुवाहाटी हाई-स्पीड कॉरिडोर की नींव रखेंगे।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 22,864 करोड़ रुपये है, जो केंद्र सरकार द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए किए गए सबसे बड़े हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर आवंटन में से एक है। मुख्यमंत्री ने इसे एक गेम-चेंजिंग पहल बताया जो असम और मेघालय में कनेक्टिविटी को काफी बदल देगी।

- प्रधानमंत्री मार्च में 22864 करोड़ रूपए की परियोजना की नींव रखेंगे।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के एक बार पूरा हो जाने पर, कॉरिडोर से गुवाहाटी और सिलचर के बीच यात्रा का समय लगभग 4.5 से 5 घंटे कम होने की उम्मीद है, जिससे तेज, सुरक्षित और ज़्यादा कुशल ट्रांसपोर्टेशन मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

यह घोषणा राज्य सरकार के बड़े

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार संसद चलाना चाहती है, विपक्ष से बातचीत को तैयार- रिजिजू

## उन्होंने कहा कि अगर संसद में चर्चा नहीं होती है तो यह विपक्ष के लिए नुकसान है

- संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि विपक्ष स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है, पर उसके पास इतनी संख्या नहीं है कि स्पीकर को हटा सके।

नई दिल्ली, 15 फरवरी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि अगर संसद में चर्चा नहीं होती है, तो यह विपक्ष के लिए नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बहुमत है और वह सदन में कुछ भी (विधेयक) पारित करने में सक्षम है। लेकिन सरकार चाहती है कि सबकुछ चर्चा के बाद पारित हो।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। लेकिन उनके पास इतनी संख्या (सांसद सदस्य) नहीं है कि स्पीकर को हटाया जा सके। रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने स्पीकर और अधिकारियों की मेज पर चढ़ कर, उनके कमरे में घुसकर संसदीय संस्था का अपमान किया।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार स्पीकर से सख्त कार्रवाई की मांग कर सकती थी। लेकिन आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के उनके फैसले पर उसे (सरकार) कोई आपत्ति नहीं थी।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद चलाना चाहती है। सरकार विपक्ष से बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने स्पीकर से मिलने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं, जिसमें सांसदों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रधानमंत्री मोदी 28 को अजमेर आयेंगे

जयपुर, 15 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर में प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को कई सौगातें देंगे।

इस अवसर पर प्रदेशभर में 23 हजार 500 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही, रोजगार उत्सव के तहत 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे जाएंगे।

- वे 23 हजार 500 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे व 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति से 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को नई शक्ति मिलेगी तथा प्रदेशवासियों में नई ऊर्जा एवं प्रेरणा का भी संचार होगा।

# यूएस ट्रेड डील किसानों के साथ विश्वासघात है- राहुल गांधी

## उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सोशल मीडिया पर ट्रेड डील के बारे में 5 सवाल पूछे

- लोकसभा में विपक्ष के नेता ने जीएम फसलों पर सवाल उठाया कि एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और खुलने से हम कैसे रोकेंगे। हर बार सौदे में धीरे-धीरे और फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा।

नई दिल्ली, 15 फरवरी। भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जहां एक ओर संसद में इस मुद्दे को जोरशोर से रखा तो वहीं अब उन्होंने इस डील को लेकर सरकार से 5 सवाल पूछे हैं। राहुल ने कहा, यूएस ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं।

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी ने पोस्ट कर पीएम मोदी से 5 सवाल पूछे और सरकार पर हमला भी बोला। राहुल गांधी ने कहा, कि इन मुद्दों पर किसानों को सफाई तो मिलनी ही चाहिए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है – क्या हम किसी दूसरे देश को भारत के कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं।

राहुल ने सवाल किया कि, डीडीजी आयात करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जेनेटिकली मोडिफाइड (जीएम) अमेरिकी मक्का से बना चारा खिलाया जाएगा? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?

अगर हम जेनेटिकली मोडिफाइड सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?

उन्होंने यह भी सवाल किया कि जब आप अतिरिक्त उत्पाद और कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

राहुल गांधी ने पीएम मोदी से सवाल किया कि गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया कि एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार डील को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता अप्रेल में लागू होगा

नई दिल्ली, 15 फरवरी। भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई, 2025 में हस्ताक्षिरत मुक्त व्यापार समझौता (सीईटीए) के इस साल अप्रैल में लागू होने की प्रबल संभावना है। इसके तहत भारतीय निर्यातकों को यूके में 99 फीसदी उत्पादों पर (शून्य शुल्क यानी शुल्क मुक्त) पहुंच मिलेगी, जबकि कारों और व्हिस्की पर शुल्क कम होगा।

- भारतीय निर्यातकों के 99 प्रतिशत उत्पाद ब्रिटेन में बिना ड्यूटी के जा सकेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी गई जानकारी में बताया कि दोनों देश इसे अंतिम रूप देने के लिए काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल जुलाई में हुआ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता इस साल अप्रैल में लागू होने की संभावना है। हालांकि, इस समझौते पर ब्रिटिश संसद की मुहर लगना अभी बाकी है।

अधिकारी ने बताया, कि दोनों देशों ने दोहरा अंशदान संधि (डीसीसी) पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत व फ्रांस हैमर मिसाइल के संयुक्त निर्माण समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे

## बेंगलुरु में भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद में भारत के सुरक्षा मंत्री व फ्रांस की सशस्त्र बल मंत्री भी शामिल होंगी

- इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री व फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों कर्नाटक के वेमगल में टाटा एयरबस के एच 125 हैलीकॉप्टर असेम्बली संयंत्र का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

नई दिल्ली, 15 फरवरी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बेंगलुरु में फ्रांस के साथ छठे भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में फ्रांस की सशस्त्र बल मंत्री कैथरीन वौत्रिन भी शामिल होंगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा होगी और रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। बैठक में रक्षा सहयोग समझौते का अगले 10 वर्ष के लिए नवीनीकरण किया जा सकता है। हैमर मिसाइल के संयुक्त निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। दोनों देश भारतीय सेना और फ्रांसीसी थल सेना में अधिकारियों की पारस्परिक तैनाती को लेकर घोषणा कर सकते हैं।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों कर्नाटक के वेमगल में टाटा एयरबस के एच125 हेलीकॉप्टर अंतिम असेंबली संयंत्र का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम को दोनों रक्षा मंत्री देखेंगे।

मंत्रालय के अनुसार भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सैकड़ों हाथों से इकट्ठा करो और हजारों हाथों से बांटो। –अथर्ववेद

# अपने लोकतंत्र को हमें ही मज़बूत करना है!

संयुक्त राज्य अमरीका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने 19 नवंबर, 1863 को दिए गए गेटिसबर्ग सम्बोधन में, जिसकी गणना दुनिया के उत्कृष्ट एवं सर्वाधिक लोकप्रिय भाषणों में की जाती है, कहा था: ये मृतक व्यर्थ नहीं मरे होंगे– कि यह राष्ट्र, ईश्वर की कृपा से, स्वतंत्रता का एक नया जन्म प्राप्त करेगा; और कि जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए चलने वाला शासन इस धरती से लुप्त नहीं होगा। इस भाषण में आए वाक्यांश 'जनता का जनता के द्वारा, जनता के लिए चलने वाला शासन को लोकतंत्र की सर्वाधिक लोकप्रिय परिभाषा के रूप में उद्धृत किया जाता है। बहुत बार सोचने का मन करता है कि कोई शासन जनता का और जनता के द्वारा तथा जनता के लिए कैसे हो सकता है? यह भी सोचने का मन करता है कि क्या इस परिभाषा पर भारत का आज का लोकतंत्र खरा उतरता है? मैं सोचने की कोशिश करता हूं कि अपने देश के लोकतंत्र में मेरी, एक सामान्य नागरिक की क्या भूमिका है? हर पांच बरस बाद चुनाव होता है और मैं वोट डाल आता हूं। इसके अलावा? यह सवाल मैं ख़ुद से इसलिए करता हूं कि मैं एक मध्यमवर्गीय नागरिक हूं। जो निम्न वर्गीय हैं, उनके लिए दो वक़्त की रोटी जुटाने का संकट ही इतना बड़ा है कि वे कुछ और सोच ही नहीं सकते। और जो उच्च वर्गीय हैं, उनके सामने कोई संकट है नहीं। वे तो सरकारों को अपने इशारों पर नचाते हैं। सरकारें भी उनकी ही परवाह करती हैं। उनके लिए सारी सुख सुविधाएं जुटाने को व्याकुल रहती हैं। बचते हैं मेरे जैसे मध्यमवर्गीय लोग।

सवाल यह भी उठता है कि आखिर मध्यमवर्ग में कौन आते हैं। आम तौर पर हम मध्यमवर्ग को उसकी आय के अनुसार परिभाषित करते हैं। प्यू रिसर्च सेण्टर ने 2021 में बताया था कि भारत की लगभग 31 प्रतिशत आबादी मिडिल इनकम श्रेणी में आती है। अब इसके साथ यह तथ्य और मिलाकर देखें। वर्ल्ड इनइक्वलिटी डेटाबेस के अनुसार भारत की राष्ट्रीय आय का लगभग 57 प्रतिशत शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत में मध्यमवर्ग आकार में तो बड़ा है लेकिन उसके भीतर ऊपर और नीचे में बहुत अंतर है। और यही अंतर उसकी प्राथमिकताओं और नागरिक सक्रियता को भी प्रभावित करता है। जो नीचे है वह ऊपर जाना चाहता है और इसलिए वह स्थिरता और नीतिगत निरंतरता के पक्ष में जा खड़ा होता है। लेकिन अपनी असुरक्षा के चलते वह जोखिम लेने से भी कतराता है।

इन बातों को ध्यान में रखते हुए हम देखें कि भारतीय मध्यमवर्ग लोकतंत्र में अपनी भागीदारी कैसे निबाह रहा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय मतदान लगभग 67 प्रतिशत रहा, लेकिन मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई जैसे महानगरों में 55–60 प्रतिशत ही रहा। असल में यही शहरी मध्यमवर्ग राजनीति की बात तो बहुत करता है लेकिन मतदान के प्रति उदासीन रह जाता है। मतदान कर देने के बाद भी, यह मध्यमवर्ग अपनी असुविधाओं को लेकर शायद ही कभी मुखर होता हो। यातायात, प्रदूषण, जल निकासी, नागरिक सुरक्षा, कर व्यवस्था, सरकारी फिज़ूलखर्ची, वीआईपी जन के कारण होने वाली असुविधा – किसी भी मुद्दे पर वह आक्रोशित नहीं होता। और नागरिकों की यह उदासीनता हर स्तर पर व्याप्त है। मुहल्ले की सोसाइटियों में भी वह बहुत कम सहभागिता करता है। हां, वह अपनी बात सोशल मीडिया पर ज़रूर कहता है। यह नई विकसित हुई प्रवृत्ति है।

इधर जो बड़ा बदलाव आया है वह इण्टरनेट के प्रसार की वजह से आया है। (2023) के अनुसार भारत में इण्टरनेट के उपभोक्ता 800 मिलियन से अधिक हैं। इस डिजिटल विस्तार ने नागरिकों को मुखर तो बनाया है लेकिन उनकी नागरिक सहभागिता को सघन नहीं किया है। हर मुद्दे पर ऑनलाइन अभियान चला दिए जाते हैं, जिनकी उम्र बमुश्क़िल 24 से 72 घण्टे होती है। फिर कोई नया मुद्दा आ जाता है। नागरिक खुश है कि उसने डिजिटल मंच पर ख़ुद को नागरिक साबित कर दिया है। जबकि हक़ीक़त में इसका कोई प्रभाव देखने को नहीं मिलता है। इस आभासी सक्रियता ने उसे और अधिक निष्क्रिय बना दिया है।

**कुल मिलाकर देश का आम नागरिक राजनीतिक विमर्श और निर्णय तंत्र से दूर होने को विवश है। उसकी इस निष्क्रियता ने राजनीतिक विमर्श को दो ध्रुवीय बना डाला है।। संतुलनकारी और तर्कप्रधान आवाज़ें निरंतर कमज़ोर हो रही हैं। राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थों के अनुरूप काम कर रहे हैं। न नागरिक की उन्हें परवाह है और न नागरिक का उनसे कोई ख़ास रिश्ता है, जो होना चाहिए था।**

असल लोकतंत्र उन संस्थाओं से बनता और चलता है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष होती हैं। भारत के संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच विचार कर ऐसी संस्थाओं का ताना–बाना बुना था। न्यायपालिका, चुनाव आयोग, विश्वविद्यालय, नियामक निकाय, कार्यपालिका, व्यवस्थापिका, प्रेस – ये सब मिलकर लोकतंत्र को आकार देती हैं। लेकिन हमारे देखते–देखते इनका बहुत द्रुत क्षरण हुआ है। न्यायालयों में लम्बित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है, न्याय मिलने में होने वाली देरी बढ़ती जा रही है। विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता लगातार कम हो रही है, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल दर सवाल उठते जा रहे हैं और जिन्हें उन सवालों का जवाब देना था, वे चुप्पी साधे बैठे हैं, मीडिया की हालत यह है कि वह केवल एक पक्ष का भोंपू बनकर रह गया है। जिन मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए उनसे उसने पूरी तरह आंखें मूंद रखी है।

लेकिन जो हो रहा है उसके लिए केवल ये ही ज़िम्मेदार नहीं हैं। जिन्हें इनसे सवाल करने चाहिए थे, वे भी तो मौन और उदासीन हैं। यहां मेरा आशय इस देश के आम नागरिक से है। हमारे देखते–देखते लोकतंत्र के स्तंभ कमज़ोर किए जा रहे हैं और हम मौन हैं, जैसे यह हमारे नहीं किसी और के लोकतंत्र का मामला हो।

आखिर हमारी उदासीनता का सबब क्या है? क्या यह कि हम भयभीत हैं? अगर हमने प्रतिरोध कर दिया तो कहीं उस प्रतिरोध की सज़ा हमें न मिल जाए! क्या यह कि उदासीनता हमारे सोच का ही हिस्सा है –'कोऊ नृप हो हमें का हानि' वाला सोच! या यह कि हममें से हरेक के अपने–अपने कष्ट भी कम नहीं हैं। हमारा युवा बेरोज़गारी के संकट से ही नहीं उबर पा रहा है। नौकरियां कम हो रही हैं, शिक्षा महंगी होती जा रही है और जो शिक्षा उसे दी जा रही है वह उसकी दक्षता में कोई ख़ास वृद्धि भी नहीं कर रही है।

यह भी एक तथ्य है कि भारत में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे का बहुलांश कॉर्पोरेट घरानों से आता है, इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि राजनीतिक दल भी उनके हितों की ही अधिक फिक्र करते हैं। आम नागरिक के छोटे चंदे की उन्हें परवाह होती ही नहीं है। आम नागरिक उनकी प्राथमिकता में बहुत नीचे होता है। वह जानता है कि उसकी परवाह किसी को नहीं है। इसलिए नागरिक भी राजनीतिक गतिविधियों के प्रति उदासीन रहता है।

कुल मिलाकर देश का आम नागरिक राजनीतिक विमर्श और निर्णय तंत्र से दूर होने को विवश है। उसकी इस निष्क्रियता ने राजनीतिक विमर्श को दो ध्रुवीय बना डाला है।। संतुलनकारी और तर्कप्रधान आवाज़ें निरंतर कमज़ोर हो रही हैं। राजनीतिक दल अपने–अपने स्वार्थों के अनुरूप काम कर रहे हैं। न नागरिक की उन्हें परवाह है और न नागरिक का उनसे कोई ख़ास रिश्ता है, जो होना चाहिए था। यह स्थिति राजनीतिक दलों और सरकारों को तो रास आ रही है। उन पर नियंत्रण कम होता जा रहा है। वे अपनी मनमानी करने के लिए खुल्ले छोड़ दिये जा रहे हैं। कोई रोक टोक नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। कोई ज़िम्मेदारी नहीं। सब कुछ अपने मन मुताबिक करने की पूरी आज़ादी। सवाल पूछने वाला एकदम मौन। इतना सब कुछ देश में घटित हो रहा है लेकिन कहीं से चूं तक की आवाज़ नहीं। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है।

अब यह नागरिक को ही सोचना पड़ेगा कि वह सब कुछ से उदासीन रहकर सत्ता को (चाहे वह किसी भी दल की हो) मनमानी करने दे या मुखर और सक्रिय होकर उसकी निरंकुशता पर रोक लगाए। करने को एक आम नागरिक बहुत कुछ कर सकता है। वह स्थानीय निकायों और जन सुनवाइयों में नियमित भागीदारी कर अपनी हताशाओं और अपेक्षाओं को अभिव्यक्त कर सकता है। इतना करना भी निरंकुशता पर लगाम लगाएगा। पारदर्शिता की अपेक्षा कर सकता है और सूचना के अधिकार को कमज़ोर करने के प्रयत्नों का विरोध करते हुए जो अधिकार अभी भी उसके पास हैं उनका उपयोग करते हुए सत्ता को जवाबदेह बने रहने को विवश कर सकता है। जिन मंचों पर भी वह जा सके उन मंचों पर स्वस्थ, तर्कपूर्ण और शालीन बहसों के माध्यम से अभिव्यक्ति की आज़ादी की अलख जगाए रह सकता है। स्वतंत्र प्रेस का समर्थन कर और उसकी यथासंभव सहायता कर उसे मज़बूत कर सकता है। राजनीति से दूर रहने को अपना गुण मानने की बजाय राजनीति में सक्रिय होकर उसे सकारात्मक आकार दे सकता है। ऐसे बहुत सारे काम हम सब कर सकते हैं।

मुद्दा यह नहीं है कि हम किसी ख़ास दल का समर्थन या विरोध करें। यह चयन हरेक का अपना हो सकता है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा करते हुए हमारी आस्था लोकतंत्र के प्रति बनी रहे, हम उसे कमज़ोर न होने दें और अपनी क्षमता भर उसे मज़बूत बनाएं– यही इस समय की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# साम्राज्यवादी शक्तियों के दबाव से मुक्ति हेतु स्वावलंबी कृषि एवं ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था आवश्यक



राजपाल जाट

सीता स्वयंवर में एकत्र प्रतिभागी राजाओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है, अच्छे राजा एवं खोटे राजा। इसी प्रकार का विभाजन दैव और दानव के रूप में है। इसी सन्दर्भ में साम्राज्यवादी शासकों का भी विवरण है। इसके विपरीत व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष को समर्पित योद्धाओं का भी वर्णन है। 'राम भी जीवित है और रावण भी जीवित है' इस लोकोक्ति का भावार्थ संकेत करता है कि अच्छाई और बुराई दोनों मानव मन में रहती है। अच्छाई को ग्रहण कर इसकी स्थापना के लिए कार्य करने वाले दैव और स्वयं को पोषित करने के लिए दूसरों की स्वतंत्रता एवं संपत्ति को छीनने वालों को दानवी प्रवृत्ति वाले के रूप में निरूपित किया गया है।

अभी अपनी क्षुद्र स्वार्थपूर्ति के लिए अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर कब्जा करना साम्राज्यवादी घटना है। साम्राज्य को पोषित करना भारत में क्षुद्र स्वार्थ वाला कार्य माना गया है। इसलिए चीन में प्राप्त एक शिलालेख के अनुसार भारत द्वारा चीन पर 2000 वर्षों तक शासन किया गया किंतु तलवार के आधार पर नहीं बल्कि ज्ञान की पुस्तक के आधार पर, इसका उल्लेख दोनों प्रवृत्तियों में श्रेष्ठ प्रवृत्ति ज्ञान को ही माना है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था विश्व के कमजोर देशों की लूट पर ही पल्लवित हो रही है। इसी हेतु से अमेरिका पाशविक शक्ति के आधार पर फल–फूल रहा है। इराक जैसे देश के शासक की निराधार आरोपों के आधार पर निर्मम हत्या भी इसी का उदाहरण है। दूसरे की संपत्ति को हड़पना भारत की ग्राम संस्कृति में निंदनीय श्रेणी में है। 'मातृवत परदारेषु, पर द्रवेषु लोष्टवत, आत्मवत सर्व भूतेषु, यः पश्यति स पंडितः। यानि दूसरों की पत्नि को माता के समान, दूसरे के धन को धूल के समान, प्राणीमात्र को स्वयं की आत्मा के समान समझने वाले को ही पंडित संबोधित किया गया है। इसी के अनुसार 'वसुधैवकुटुंबकम' की भावना को ग्रहण करने योग्य उदात्त माना गया है। देश की अर्थव्यवस्था में भी इसी मन की छाया दिखाई देती है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उत्पादक एवं उत्पादन के लिए सहायकों के सम्मान में ऊंच नीच की भावना नहीं है। इसी हेतु से सभी के गरिमामय जीवकोपार्जन की रचना दृष्टिगोचर होती है। इसी के अनुसरण में कृषि के उत्पादन के बाद किसान अपने उपासना स्थल, कृषि में सहायक के रूप में कार्य करने वाले लकड़ी, लोहा के यंत्र एवं उपकरण बनाने वाले, दैनिक उपभोग के लिए उपयोगी मिट्टी, धातु की सामग्री तैयार करने वाले तथा सेवा भाव से कार्य करने वाले सभी पुरुषार्थियों को अन्न पहुंचाने के बाद अपने घर पर लेकर जाता है। ग्राम को परिवार इकाई के रूप में स्वीकार कर व्यवहार करता है। इसीलिए 'गांव की बेटी', 'गांव का जमाई' जैसी शब्दावली सहज रूप से मुख पर रहती है। इस व्यवस्था में लूट की संभावनाएं नगण्य हो जाती है। शोषण, शोषित, वंचित एवं बेरोजगारी जैसे शब्द अप्रासंगिक हो जाते हैं। परस्पर सहयोग एवं प्रेम–भाईचारा की भावना से ओतपोत जीवन आनंदित रहता है। जागने से लेकर सोने तक संगीत का स्वर आनंद को बढाता है। ग्राम संस्कृति पर निरंतर आक्रमण एवं आघातों के कारण इस आनंदमय जीवन में टूटन एवं विकृति आई है। इसी जीवन का प्रभाव था कि गांव के उपभोग से बचने वाली वस्तुएं एवं सामग्री का नगर वासी व्यापार करते थे, जो देश के बाहर विश्व स्तर पर चलता था।

उस कालखंड में विश्व के व्यापार में भारत की भागीदारी 23 प्रतिशत तक थी। भारत के कपड़े एवं उनसे तैयार सामग्रियों के लिए विश्व जन तरसते थे, इसीलिए वे भारत का कपड़ा सोने के बराबर खरीदने को तैयार रहते थे। इस ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने भारत को सोने का भंडार बनाया था। एक हाथ में शास्त्र और एक हाथ में शस्त्र रखने के संबंध में भगवान परशुराम ने प्रकट किया कि कुछ व्यक्ति तो शास्त्र से समझ जाते हैं किंतु कुछ शास्त्र से नहीं समझते उन्हें समझाने के लिए शस्त्र की आवश्यकता होती है। इस सिद्धांत की उपेक्षा करने के कारण दैवीय शक्तियों में शक्ति की उपासना पर विराम लग गया। इसीलिए आक्रांताओं के मन ललचाये। शक्ति की साधना कमजोर होने से बाहरी आक्रान्ताओं ने भारत के धन को लूटने के लिए निरंतर आक्रमण किए। द्राम संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने के लिए अंग्रेजी शासकों ने तो नियोजित ढंग से कार्य को गति दी।

भारतवासियों के मन में हीन भावना पैदा की। इससे वे अंग्रेजीयत एवं अंग्रेजों को श्रेष्ठ मानने वालों की जमात तैयार कर सके। उनमें से अनेकों ने देश की अर्थ रचना के रणनीतिकारों के रूप में स्वयं को स्थापित कर अंधानुकरण की ओर देश को धकेल दिया। उत्तम ग्राम संस्कृति को पिछड़ेपन के प्रतीक के रूप में निरूपित करना आरंभ कर दिया। दुष्परिणामत: अमेरिका को भारत को धमकाने का अवसर प्राप्त हो गया। हमारी ग्राम अर्थव्यवस्था में इस प्रकार का कोई अवसर किसी भी अमेरिका जैसे देश को प्राप्त नहीं हो सकता था। विश्व में भारत सबसे युवा देश है, जो प्राकृतिक संसाधनों में धनी है, सबसे बड़ा उपभोक्ता समूह भारत के पास है, कुल उपलब्ध भूमि में से 25 प्रतिशत से अधिक भूमि कृषि योग्य है, देवात्मा हिमालय के कारण ठंडी हवाओं से बचाव है, छह ऋतु प्रकृति की कृपा से प्राप्त है, कृषि कार्य में निपुण एवं विशेषज्ञता रखने वालों का समूह है, गंगा–यमुना जैसी बारहमासी बहने वाली नदियों के कारण विशाल उपजाऊ भूभाग पवित्र जल उपलब्ध है। उत्पादक एवं उपभोक्ताओं के विश्व में सबसे बड़े समूह के कारण भारत की अर्थव्यवस्था स्वयंपूर्ण है। हमें अमेरिका जैसे देश की उतनी आवश्यकता नहीं, जितनी उनको हमारी है। स्वावलंबी कृषि एवं ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था होने पर किसी भी बाहरी शक्ति की दाब–धौंस की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना नहीं रहती है। आवश्यकता है स्वाभिमान से खड़े होकर स्व को जगाने की, वास्तविक रूप से स्वाभिमान एवं रणकौशल के साथ हुंकार करने की। अभी भी गांव संस्कृति की ओर लौट चलने का अनुकूल अवसर है। इसका आरंभ कृषि भूमि को संरक्षित रखते हुए खेत को पानी– फसल को दाम–युवाओं को काम के आधार पर किया जा सकता है। इससे ही लूट आधारित उपनिवेशवादी व्यवस्था समाप्त हो सकेगी। साम्राज्यवादी शक्तियां आंख उठाकर देखने का भी दुस्साहस नहीं करेगी।

इस विषय में 5 अक्टूबर 1945 को महात्मा गांधी की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू को लिखे हुए पत्र को समयाकुल बनाकर मार्ग चयन करने की आवश्यकता है। इस पत्र के उत्तर में पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा देहातियों को संकीर्ण मानसिकता एवं पिछड़ेपन के प्रतीक बताने वाले तथ्य को सहज रूप से सद्भाविक भूल के रूप में स्थापित किया जा सके। इसके बाद गांधी द्वारा लिखे गए पत्र का पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कोई उत्तर नहीं दिया। गांधी नेहरू के मध्य हुए पत्राचारों में ये तीन अंतिम पत्र स्वतंत्र भारत के शासकों की मानसिकता को समझने के लिए अवलोकन करने योग्य है। किसी भी गाड़ी की स्टेयरिंग पर बैठे हुए चालक की चूक से कितनी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, इसे समझने के लिए भी ये तीनों पत्र महत्वपूर्ण है।

**–रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत**

# जीवट का ही नाम है जीवन

## कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपना जज़्बा और जीवट बनाए रखते हैं और पूरे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ पुनः उठ खड़े होते हैं



राजेन्द्र भाणावत

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उतार –चढ़ाव आते हैं। कई लोग ऐसे होते हैं जो परिस्थितियां विपरीत होने पर या किसी प्रकार का संकट आने पर, विचलित हो जाते हैं। वे अपने भाग्य एवं ईश्वर को कोसने लगते हैं। इसके विपरीत, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपना जज़्बा और जीवट बनाए रखते हैं और पूरे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ पुनः उठ खड़े होते हैं एवं जीवन के संघर्ष को पूरे मनोयोग से के आगे बढ़ाते हैं।

इस आलेख में हम चार ऐसे साधारण व्यक्तियों की बात करेंगे जिनको मैने निकट से देखा और जिन्होंने परिस्थितियों से हार नहीं मानी अपितु असाधारण साहस के बल पर अपने जीवन को भरपूर जीने का प्रयास किया। इसका उद्देश्य यही है कि इससे पाठक प्रेरणा ले सकें।

**पहला उदाहरण है एक डॉक्टर का।** एम बी बी एस के दूसरे साल में पढ़ने वाली यह खूबसूरत , चुलबुली और लोकप्रिय 20 वर्ष की छात्रा जब लूना पर घर से कॉलेज जा रही थी तो पीछे से बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस इसे लूना सहित घसीटते हुए कुछ दूरी तक ले गई। इस दुर्घटना में उसके कई फ्रैक्चर हुए तथा खून भी बहुत बह गया। उसे मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भरती कराया गया जहां कई दिनों तक यहां जीवन और मृत्यु के बीच झूलती रही। इसे वॉटर बेड पर रखा गया और चूंकि वह बहुत लोकप्रिय थी, सभी इसके स्वस्थ होने की दुआएं कर रहे थे। उन्हीं दिनों में संयोग से मैं अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का उप संयोजक होने के नाते जया बच्चन के संपर्क में आया जो इस फिल्म महोत्सव की प्रमुख आयोजक थीं। मैंने जया जी को इस छात्रा की स्थिति के बारे में बताया और अनुरोध किया कि यदि वह एक बार उससे मिल सके तो उसे खुशी मिलेगी क्योंकि वह अमिताभ बच्ची की " फैन" थी।

जया जी ने मेरी बात मानी और तत्काल मेरे साथ अस्पताल जाकर इस छात्रा से मिलीं। उसका एक ही प्रश्न था कि "अमित जी कैसे हैं?". उदयपुर में उपयुक्त इलाज की व्यवस्था न होने के कारण उसे मुंबई ले जाया गया। जया जी ने मुझे अमिताभ बच्चन का सीधा संपर्क का एक फोन नंबर दिया और कहा कि आवश्यकता होने पर मैं उनसे फोन कर सकता हूँ।जब यह छात्रा मुंबई के अस्पताल में भर्ती थी तो मैने अमिताभ बच्चन को सीधे फोन किया और आग्रह किया कि वे अस्पताल को केवल ध्यान रखने के लिए कह दें। बाद में वहां के डॉक्टर ने बताया कि उसके लिए तो अमिताभ बच्चन का फोन आया है। इलाज के दौरान जान बचाने के लिए पहले घुटने के नीचे तक तथा बाद में घुटने के ऊपर तक पैर काटना पड़ा।

धीरे–धीरे वह स्वस्थ तो हो गई किंतु जीवन भर के लिए उसने एक पाँव को खो दिया। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी। वह जयपुर फुट लगाने के लिए जयपुर आई और जयपुर फुट के सहारे उसने अपनी मेडिकल की पढ़ाई जारी रखी। मैंने उसका कष्ट उस समय देखा है जब जयपुर फुट लगाने के बाद उसके पैर में घाव हो जाता था जिसमें खून निकलता था। यहां एक और बात उल्लेखनीय है कि उसी के सहपाठी के साथ उसका विवाह हुआ. एम बी बी एस पूरा करने के बाद उसने रेडियोलॉजी में एम डी किया।

आज वह शहर की प्रमुख रेडियोलॉजिस्ट है और दो योग्य बच्चों की माँ है। यह लड़की जयपुर फुट के सहारे देश और विदेश के कई शहरों का भ्रमण कर चुकी है। यदि और कोई लड़की शायद इन परिस्थितियों परिस्थिति जीवन समाप्त करने की बात सोचती, लेकिन इसने विपरीत परिस्थितियों पर अपने साहस और धैर्य के बल पर विजय प्राप्त की।

**दूसरा उदाहरण 40 वर्षीय उस युवती का है** जिसके दो लड़कियां थीं और पति इंजीनियर थे।उनका जीवन अच्छी तरह चल ही रहा था कि अचानक से अपने पांव में चलने में शिथिलता और दर्द महसूस होने लगा।डॉक्टर ने बताया कि उन्हें "मस्कुलर डिस्ट्रॉफी" है,जिसका कोई इलाज नहीं है। उनके चलने की शक्ति कम होती गई और कुछ ही सालों में इनका चलना बिल्कुल बंद हो गया और ये व्हीलचेयर पर ही रहने लगीं।इन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए भी उठा कर ले जाना पड़ता। इनका एक हाथ भी काम नहीं करता है। गत लगभग 12 वर्षों से वे व्हीलचेयर पर हैं। इन सबके बावजूद ये एक स्वैच्छिक संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य कर रही हैं। ये व्हीलचेयर पर बैठे–बैठे और केवल एक जो हाथ ठीक काम करता है , उसकी सहायता से संस्था में काम करने वाले सैंकड़ों कार्मिकों को जीवन कौशल का प्रशिक्षण दे चुकी हैं। संस्था के काम की मॉनिटरिंग भी वे ही करती हैं। वंचित वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं का मार्गदर्शन करती हैं। उनके चेहरे पर मैंने कभी मायूसी

नहीं देखी और उनसे मिलने पर ऊर्जा का संचरण होता है। संस्था से निकली हुई बालिकाएं उनसे मिलने को सदैव इच्छुक रहती हैं। ये अपने पति की सहायता से कार में बैठकर संस्था की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेती हैं। उन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को अपने लक्ष्य के लिए निरंतर काम करने में कभी बाधा नहीं बनने दिया। इस प्रकार उन्होंने जीवन को उद्देश्य पूर्ण बना लिया है। उनको अनेक सम्मान से भी सरकार और संस्थाओं द्वारा नवाज़ा गया है। उनकी आयु अब लगभग 60 वर्ष है और वे आज भी पूरी ऊर्जा के साथ में काम में लगी हुई हैं।

**तीसरा उदाहरण**

राजस्थान बोर्ड में योग्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एक लड़की का है। इनका विवाह 21 वर्ष की आयु में हो गया, जब यह कॉलेज में अध्ययन रत थीं।विवाह के लगभग 10 दिन बाद ही किसी पर्यटन स्थल पर एक होटल की छत से अंधेरे में अचानक गिरने के कारण उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई। सामान्यत: कूल्हे की हड्डी का फ्रैक्चर वृद्धावस्था में होता है। किंतु मात्र 21 वर्ष वर्ष की आयु में उनके साथ यह हुआ। इनका ऑपरेशन किया गया और उनको पूरी तरह ठीक होने में लगभग 1 वर्ष लग गया। इसके बाद कॉलेज की पढ़ाई पुन: प्रारंभ प्रारंभ की और अंठोजी साहित्य में एम ए, एम फिल किया। जब लगा कि वापस जीवन पटरी पर आना प्रारंभ हुआ है तभी लगभग सात साल बाद इनके कूल्हे की हड्डी में भयंकर दर्द होना प्रारंभ हो गया और पांव भी थोड़ा छोटा हो गया।इसके कारण कई रातें बहुत कष्ट में गुजारनी पड़ीं। इसके अतिरिक्त भी दमा, एसिडिटी जैसी कई अन्य बीमारियों के कारण लगातार शारीरिक कष्ट का सामना करना पड़ा। इन सब के बावजूद इन्होंने न केवल अपने परिवार और समाज की जिम्मेदारियां को बेहतर तरीके से पूरा किया अपितु एक महाविद्यालय में लंबे समय तक अंठोजी विषय का अध्यापन भी किया। उनके काम करने की गति और उनकी ऊर्जा को देखकर कोई यह नहीं कह सकता था कि ये कितने कष्ट से गुजर रही हैं। हड्डी का दर्द बढ़ता गया तो लगभग 12 साल बाद इनका एक बड़ा ऑपरेशन मुंबई में किया गया, जिसमें पूरे कूल्हे को ही बदल दिया गया। इस घटना को भी लगभग 25 वर्ष हो चुके हैं और आज ये लगभग 65 वर्ष की अवस्था में भी पूरे समर्पण, संवेदनशीलता और ऊर्जा के साथ अपनी स्वैच्छिक संस्था, जिसकी ये अध्यक्ष हैं, के माध्यम से वंचित वर्ग की महिलाओं और

बालिकाओं के साथ काम करने में डटी हुई हैं। ये बालिकाओं को अंग्रेजी पढ़ाने के साथ संस्था का भी पूरा प्रबंधन संभालती हैं। इन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य ही निर्धन, वंचित वर्ग की लड़कियों को पढ़ने और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने में सहायता करने को बना लिया है। इनकी संस्था से जुड़ी हुई लड़कियां आज अपने जीवन में बहुत बेहतर कर रही है और आत्मविश्वास में भी दूसरों से बहुत आगे हैं।

इन्होंने स्वयं के कष्ट को, अपने जीवट के बल पर,जीवन के लक्ष्य को पूरा करने के बीच में कभी रुकावट नहीं बनने दिया। बस आवश्यकता केवल सकारात्मक सोच की है।


चौथा अंतिम उदाहरण सरकार में उच्च पद पर काम कर चुके एक अधिकारी और उनकी पत्नी का है जो लगभग 15 वर्ष से व्हीलचेयर पर है। उनकी पत्नी की भी लगभग वही स्थिति है जो उदाहरण संख्या दो में दर्शाई गई है। इन्हें भी " मस्कुलर डिस्ट्रॉफी" के कारण, भौतिक रूप से एक स्थान से उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना पड़ता है। सामान्य स्थिति में इस प्रकार की पत्नी को कोई भी अधिकारी अपने हाल पर छोड़ देता और पत्नी भी हताशा और निराशा में डूबी रहती। किंतु, इस दंपति ने हर नहीं मानी और शारीरिक अक्षमता को अपने जीवन पर हावी होने नहीं दिया। यह देखकर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि ये गत दो वर्षों में यह 5 – 6 बार देश के विभिन्न भागों जैसे असम, उड़ीसा, केरल, उत्तर प्रदेश, गुजरात ,मध्य प्रदेश आदि की यात्रा कर कर चुके हैं। एक ओर जहां उनकी पत्नी की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि वे अपनी तकलीफ को एक तरफ रखते हुए हर यात्रा में पति के साथ गईं। और पति ने तो हर स्थान पर पत्नी की अक्षमता को एक तरफ रखते हुए ,उनको गोदी में उठाकर और व्हीलचेयर पर जैसे भी संभव था, वायुयान और सड़क यात्रा करके पूरे देश के विभिन्न राज्यों का दौरा किया।

उपरोक्त चार उदाहरण देने का मेरा एक ही उद्देश्य है कि यदि इच्छा शक्ति दृढ़ हो और जीवन का लक्ष्य स्पष्ट हो तो शारीरिक अक्षमता किसी प्रकार आड़े नहीं आती। संभवतया, इसे पढ़ने के बाद कई व्यक्ति जो दुर्भाग्यवश विभिन्न प्रकार के शारीरिक कष्टों का शिकार हो जाते हैं, वे अपनी हताशा और निराशा को त्यागकर, अपने जीवन को पुन: संवारने का और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ाने का प्रयास करने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

इन उपरोक्त चारों उदाहरणों में जिन लोगों ने अपने जीवट व का परिचय दिया, उन्हें बस केवल सलाम किया जा सकता है। ऐसे अनेक उदाहरण होंगे, किंतु मैंने उन्हीं का उल्लेख किया है जिनसे मैं व्यक्तिगत रूप से भली भांति परिचित हूँ।

**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई. ए. एस. अधिकारी )**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 16 फरवरी, 2026

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, श्रवण नक्षत्र रात्रि 8:48 तक, वारियान योग रात्रि 1:50 तक, शकुनि करण सायं 5:35 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मकर, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–कुम्भ, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 8:48 तक है। आज मुनि वासुदेव पूज्यनाथ जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:30 तक, शुभ 9:54 से 11:17 तक, चर 2:05 से 3:28 तक, लाभ–अमृत 3:28 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:07, सूर्यास्त 6:15

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**कर्क**
परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय से समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता संभव है। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**कन्या**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/भाई–बंधुओं के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# राजस्थान में शिक्षा का बदला परिदृश्य : ड्रॉपआउट दर घटी, सुविधाओं में सुधार

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते 2 वर्ष में स्कूलों को लेकर हुए नवाचार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राज्य की आर्थिक समीक्षा 2025-26 के आंकड़े बताते हैं कि जहां एक ओर ड्रॉपआउट दर में कमी आई है, वहीं विभिन्न स्तरों पर संक्रमण दर में भी सुधार हुआ है। साथ ही बजट 2026-27 में गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक और नवाचार आधारित शिक्षा के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं।

आर्थिक समीक्षा के अनुसार माध्यमिक से उच्च माध्यमिक स्तर पर संक्रमण दर वर्ष 2023-24 के 82.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 88.2 प्रतिशत हो गई है। वहीं प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर यह दर 90.7 प्रतिशत से बढ़कर 93.8 प्रतिशत पहुंच गई। ड्रॉपआउट दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। प्राथमिक स्तर पर यह 7.6 प्रतिशत से घटकर 3.6 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक स्तर पर 6.8 प्रतिशत से घटकर 3.6 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर 11.1 प्रतिशत से घटकर 7.7 प्रतिशत रह गई है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बजट वर्ष 2026-27 में प्रारंभिक शिक्षा के लिए 21 हजार 646 करोड़ रुपये से अधिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए 19 हजार 473 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रारंभिक शिक्षा में 13 हजार 767 करोड़ रुपये से अधिक तथा माध्यमिक शिक्षा में 2821 करोड़ रुपये से अधिक व्यय प्रस्तावित है।

इसके अलावा, आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों को शिक्षण शुल्क पुनर्भरण के लिए 1250 करोड़ रुपये तथा पीएमश्री योजना के लिए 434 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

- वर्ष 2024-25 में ड्रॉप आउट रेट प्राथमिक स्तर के लिए 7.6 से घटकर 3.6 एवं माध्यमिक स्तर के लिए 11.1 से घटकर 7.7 हुई
- टेबलेट-लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण योजनाओं में ई-वाउचर एवं डीबीटी से विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ
- 'स्कूल टू वर्क', 'स्कूल ऑन व्हील्स' के नवाचारों से व्यावसायिक एवं समावेशी शिक्षा को मिलेगी नई उडान
- बजट 2026-27 में प्रारम्भिक शिक्षा के लिए 21 हजार 646 करोड़ रुपये तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए 19 हजार 473 करोड़ रुपये का प्रावधान किए

विद्यार्थियों को टेबलेट/लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण योजनाओं को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए डीबीटी एवं ई-वाउचर प्रणाली लागू की जाएगी। कक्षा 8, 10 और 12 के चयनित मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट या लैपटॉप खरीदने के लिए 20 हजार रुपये तक की सहायता ई-वाउचर के माध्यम से दी जाएगी।

इसी प्रकार 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल के लिए ई-वाउचर दिया जाएगा। नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत लगभग 3.90 लाख बालिकाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। वहीं कक्षा 1 से 8 तक के 40 लाख से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क यूनिफॉर्म के लिए 250 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे।

नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2025-26 में लगभग 80 लाख विद्यार्थियों को 4 करोड़ से अधिक पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

बजट 2026-27 में कक्षा 1 से 8 तक के लिए 150 करोड़ रुपये तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगामी सत्र में 500 अतिरिक्त विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिसके लिए 51 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। प्रत्येक जिले में 'स्कूल टू वर्क' कार्यक्रम, घुमंतू समुदायों के बच्चों के लिए 'स्कूल ऑन व्हील्स', जयपुर और जोधपुर में स्पेस गैलरी तथा एक हजार विद्यालयों में एआई आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग लैब्स स्थापित करने की पहल की गई है।

इसके अलावा 400 विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से 'सीएम राइज' विद्यालयों में क्रमोन्नत करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

राज्य सरकार का मानना है कि इन पहलों से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता, पहुंच और रोजगारपरकता को नई दिशा मिलेगी तथा भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सक्षम मानव संसाधन तैयार होंगे।

# आरजीएचएस योजना में अनियमितता पर सख्ती, आठ कार्मिक निलंबित

## अब तक अनियमितताओं पर19 एफआईआर हो चुकी हैं तथा अस्पतालों, फार्मेसी व अन्य हितधारकों से लगभग 39 करोड़ रुपये की रिकवरी की गई है।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) को सुदृढ़ बनाने के साथ ही अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने गंभीर अनियमितताओं के मामलों में आठ कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार आरजीएचएस योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, कार्ड तथा राजकीय धनराशि के दुरुपयोग के आरोप प्राथमिक जांच में सही पाए गए। इसे सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन एवं राजकीय संसाधनों के दुरुपयोग की श्रेणी में मानते हुए संबंधित कार्मिकों को निलंबित किया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई नियमानुसार जारी रहेगी।अब तक योजना में अनियमितताओं के मामलों में करीब 19 एफआईआर हो चुकी हैं तथा अस्पतालों, फार्मेसी एवं अन्य हितधारकों से लगभग 39 करोड़ रुपये की रिकवरी की गई है। इससे पूर्व सात चिकित्सकों को निलंबित किया गया था और एक अस्पताल एवं एक डायग्नोस्टिक सेंटर के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

- इससे पूर्व 7 चिकित्सकों को निलंबित किया गया था और एक अस्पताल एवं एक डायग्नोस्टिक सेंटर के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

ताजा कार्रवाई में सौरभ कुमार रावत (नर्सिंग ऑफिसर, आरबीएम चिकित्सालय, भरतपुर), मीना कुमारी चौधरी (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, उप स्वास्थ्य केन्द्र खुडासा, भरतपुर), किशन देई (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, उप स्वास्थ्य केन्द्र कुचावटी, जिला डीग), सत्यप्रकाश छावडी (नर्सिंग ऑफिसर, जिला चिकित्सालय बयाना, भरतपुर), मंजू कुमारी (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, उप स्वास्थ्य केन्द्र नगला माय, भरतपुर), तुलसी देवी (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, उप स्वास्थ्य केन्द्र हनुमानपुरा, जिला फलौदी), अनुपमा (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचसी उच्चैन, भरतपुर) तथा सुरेश चंद गुप्ता (नर्सिंग ऑफिसर, आरबीएम चिकित्सालय, भरतपुर) शामिल हैं।

राज्य सरकार ने साफ किया है कि आरजीएचएस योजना में पारदर्शिता एवं सुशासन के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं में आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं और भविष्य में भी किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को महाशिवरात्रि पर प्रज्ञा प्रवाह एवं युवा साथी संगठन द्वारा आयोजित ''शिवोऽहम्'' कार्यक्रम में भगवान शिव को स्मरण करते हुए सभी के मंगल की प्रार्थना की। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक करते हुए उनकी विधिवत पूजा अर्चना की।

## सात स्थानों की दबिश में 15 तस्कर दबोचे

जयपुर। राजस्थान में नशे के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक साथ सात स्थानों पर कार्रवाई कर पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और हथियार जब्त किए गए हैं। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने बताया कि बाड़मेर, पाली, बालोतरा, जालोर, राजसमंद और श्रीगंगानगर में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। पाली की सांभरिया दिवेर नाल घाटी में नाकाबंदी के दौरान तस्करों ने फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में 506 किलो डोडा चूरा, पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 12 बोर गन, 13 कारतूस और स्कॉर्पियो जब्त की गई। जोधपुर निवासी दिनेश गिरफ्तार, एक घायल तस्कर उपचाराधीन है।

## उपमुख्यमंत्री ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

जयपुर ।महाशिवरात्रि पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नींदड़ मोड स्थित रविदास कॉलोनी में आयोजित शिव परिवार एवं बाबा रामदेव जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव और बाबा रामदेव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में दिया कुमारी ने कहा कि भगवान शिव त्याग, तप और शक्ति के प्रतीक हैं, जबकि बाबा रामदेव जी लोक आस्था, सेवा और समानता के संदेशवाहक हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक चेतना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने भक्ति भाव के साथ आयोजन में सहभागिता निभाई।



## 64 योगिनियों पर आधारित एग्ज़ीबिशन आज से

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र की अलंकार दीर्घा में राष्ट्रीय स्तर की ट्रैवलिंग आर्ट एग्ज़ीबिशन 'एका : द वन' सोमवार से शुरू होने जा रही है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में वरिष्ठ कलाकार डॉ. बीना एस उन्नीकृष्णन द्वारा बनायी गयी पेंटिंग्स सुबह 11 से शाम 7 बजे तक प्रदर्शित की जाएगी। डॉ. बीना ने पिछले पाँच वर्षों में 68 एकल चित्र बनाये हैं।

# मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने किया जयपुर मेट्रो का विस्तृत निरीक्षण

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को जयपुर मेट्रो का विस्तृत निरीक्षण किया। दौरे का उद्देश्य मेट्रो परियोजना की प्रगति, तकनीकी व्यवस्थाओं और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करना था।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी सहित जयपुर मेट्रो के पूर्णकालिक निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने फेज-1डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास, अजमेर रोड चौराहा) के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने गुणवत्ता नियंत्रण, संरचनात्मक मानकों और कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

मानसरोवर डिपो स्थित ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर और सिक्योरिटी कंट्रोल सेंटर में मेट्रो परिचालन, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग और सुरक्षा प्रणाली की जानकारी प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव ने मानसरोवर से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कर परिचालन व्यवस्था का निरीक्षण किया।

छोटी चौपड़ स्टेशन पर स्थापित कला दीर्घा में प्रदर्शित मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली तथा खुदाई के दौरान प्राप्त ऐतिहासिक संरचनाओं के संरक्षण कार्यों की जानकारी दी गई। स्टेशन नियंत्रक कक्ष, यात्री सुविधाओं, रखरखाव व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। टनल निरीक्षण के दौरान आपात स्थिति के लिए बनाए गए क्रॉस-पैसेज और उनकी तकनीकी विशेषताओं का विवरण प्रस्तुत किया गया।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को जयपुर मेट्रो का विस्तृत निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति, तकनीकी व्यवस्थाओं और सुरक्षा मानकों की जांच की।

इस अवसर पर निदेशक (कम्पनी मामलात) महेश कुमार भुराडिया, निदेशक (परियोजना एवं परिचालन एवं प्रणाली) ओम प्रकाश, निदेशक (वित्त) सुनील ढाका, पुलिस उपायुक्त जयपुर मेट्रो सुशील सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने मेट्रो कर्मियों के कार्य की सराहना की और कहा कि परियोजना में आधुनिक तकनीक के साथ शहर की विरासत के संरक्षण का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि मेट्रो फेज-2 की स्वीकृति शीघ्र मिलने की अपेक्षा है और जयपुर मेट्रो सुरक्षित एवं सुगम सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राजस्थान के कई जिलों में 17 व 18 को बारिश की संभावना

## प्रदेश में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदलने के आसार

जयपुर। प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। प्रदेश में सक्रिय हो रहे पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से 17-18 फरवरी को कई शहरों में बारिश की संभावना है।

रविवार को प्रदेश में गर्मी का असर देखने को मिला। प्रदेश के जयपुर सहित 21 शहरों का दिन का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 35.8 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 17 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर के अलावा अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, पिलानी, कोटा, चित्तौड़गढ़, डबोक, पाली, जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, नागौर, डूंगरपुर, जालोर, फतेहपुर, करौली, दौसा और लूणकरणसर का दिन का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

वहीं 5.6 डिग्री के साथ पाली की रात सबसे सर्द रही। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 17-18 को प्रदेश के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बारिश संभव है।

जयपुर में रविवार को कुछ स्थानों पर धूलभरी हवाएं चली। जयपुर के पारे में उछाल दर्ज किया गया। दोपहर में लोग धूप से बचते नजर आए। जयपुर के अधिकतम तापमान में 1.8 और न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज किया गया।

जयपुर का अधिकतम तापमान 30.9 और न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया।

## एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग में आग

जयपुर। राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह अस्पताल में रविवार दोपहर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी मरीज, परिजन या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं हुआ।

अस्पताल के इमरजेंसी भवन में बिजली के एक स्विच बोर्ड में अचानक चिंगारी भड़कने से आग लग गई। आग ने पास में रखे कुछ दस्तावेजों और उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे परिसर में धुआं फैल गया।

# शिवमयी हुई छोटी काशी : महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी आस्था

## मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु, सड़कों पर कई कि.मी. लम्बी कतारें लगी

जयपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गुलाबी नगरी जयपुर पूरी तरह शिवमय हो उठी। रविवार अलसुबह से ही हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से छोटी काशी गूंजती रही। शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं।

विशेष रूप से ताडकेश्वर महादेव मंदिर, झारखंड महादेव मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर और रोजगारेश्वर महादेव मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र बने रहे। भीड़ को देखते हुए पुलिस और मंदिर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए, जिससे श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन कर सकें।

- प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं को घंटों के इंतजार के बाद हुए भोलेनाथ के दर्शन

जयपुर की बसावट से पहले स्थापित माने जाने वाले ताड़केश्वर महादेव मंदिर में तड़के मंगला आरती के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। आरती के बाद कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की कतारें लंबी होती चली गईं। हाथों में गंगाजल से भरे कलश, बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, मोगरी, गाजर और बेर से सजी थालियां लिए भक्त बाबा के दरबार में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर भोलेनाथ का विशेष शृंगार किया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन,शिव तांडव स्तोत्र और महामृत्युंजय मंत्र के जाप से वातावरण भक्तिमय बना रहा।





महाशिवरात्रि पर रविवार को राजधानी जयपुर में शिवालयों में अभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। झाडखंड महादेव मंदिर के बाहर सड़क पर कतारे लगी ।

कई श्रद्धालुओं ने रात्रि जागरण और उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी चौपड़ से बैरिकेडिंग की गई। 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर आवागमन सुचारु रखा गया।

वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में भी घंटों इंतजार के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर मिला। छोटी चौपड़ के रोजगारेश्वर महादेव मंदिर और बनी पार्क स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में भी दिनभर भक्तों की भीड़ रही।

उधर सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में भगवान का राजसी श्रृंगार किया गया। सोने के सिंहासन और मुकुट से सुसज्जित झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मोती डूंगरी पहाड़ी (शिवगड़ी) स्थित एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर के दर्शनों का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को लगातार छठे वर्ष भी निराशा हाथ लगी, क्योंकि मंदिर आम भक्तों के लिए नहीं खोला गया।

# कोटा में 487 किलो अवैध डोडा-चूरा व नौ किलो अफीम सहित दो गिरफ्तार

## केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने दो कार्रवाई कर अवैध डोडा-चूरा व अफीम जब्त की

**कोटा,** (निसं)। मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 487 किलो डोडा-चूरा एवं 9 किलो अफीम सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त दोनों कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में डोडा-चूरा की तस्करी करने वाला है। सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल, चितौड़गढ़ -तृतीय डिवीज़न की एक टीम गठित की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि गठित टीम ने बाड़े में पहुँचने पर देखा कि जगह चारों तरफ़ से लगभग 20 फीट ऊँची दीवारों से घिरी हुई थी और मेन गेट भी लगभग 20 फीट ऊँचा था और बंद था।



कोटा में नारकोटिक्स ब्यूरो ने डोडा-चूरा बरामद किया।

प्रिवेंटिव पार्टी को देखते ही आरोपी ने बाड़े के अंदर खड़ी बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी। आग और उसमें रखे नशीले पदार्थों के नष्ट होने की आशंका को देखते हुए प्रिवेंटिव पार्टी का एक कांस्टेबल बहुत हिम्मत दिखाते हुए 20 फीट का गेट फांद कर अंदर घुसा और अंदर से गेट खोला। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि जांच के बाद मामले में सामने आया कि मादक पदार्थ से लदी एक बोलेरो गाड़ी जल रही थी और पास में भैंसें भी बंधी हुई थी। प्रिवेंटिव पार्टी के सदस्यों ने बाड़े में बंद घबराए हुए जानवरों को खोला और उन्हें सुरक्षित बाहर ले गए। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, इस बीच आग पर पानी डाल के काबू पा लिया गया। टीम के सदस्यों ने आस-पास के इलाके में आरोपी की तलाशी की तो आरोपी बाड़े के एक कोने में भूसे के ढेर के पीछे छिपा हुआ मिला। गाड़ी की अच्छी तरह तलाशी लेने पर 323.630 किलाग्राम अवैध डोडा-चूरा मिला, जिसे 13 बैग में दोबारा पैक किया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद डोडा-चूरा और गाड़ी को जब्त कर लिया गया और एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया, प्रकरण में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

**अफीम व डोडा चूरा पकड़ा :-** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने मुखबीर की सूचना पर एक घर पर छापामार कर अवैध मादक पदार्थ अफीम व डोडा-चूरा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि जिला चितौड़गढ़ के तहसील डूंगला के गांव झाजलवास में एक घर में व्यक्ति ने अवैध मादक पदार्थ जमा किया हुआ है। सूचना पर सीबीएन चितौड़गढ़ सेल, चितौड़गढ़ डिविजन-तृतीय के अधिकारियों की टीम गठित की गई और टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घर की तलाशी ली तो टीम को 9.570 किलोग्राम अवैध अफीम और 163.420 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद हुआ और एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

# 2.58 करोड़ रु. के कॉपर चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपी मालीराम यादव थाना प्रागपुरा का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है
- पुलिस टीम ने करीब 150 सीसीटीवी की फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की
- पुलिस ने पूर्व में ही चोरी किया गया कॉपर तथा घटना में प्रयुक्त कंटेनर और ट्रक बरामद कर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था

**पावटा,** (निसं)। पुलिस थाना प्रागपुरा ने बड़ी कार्रवाई करते हुये करीब 2 करोड़ 58 लाख मूल्य के कॉपर की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मालीराम यादव थाना प्रागपुरा का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है।

जिला कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि थाना प्रागपुरा में दर्ज प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मामले के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। यह टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजीम अली खान के सुपरविजन तथा वृत्ताधिकारी विराटनगर उमेश निठारवाल के निर्देशन में प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में गठित की गई। गठित टीम ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र की सहायता से जांच को आगे बढ़ाया। पुलिस ने पूर्व में ही चोरी किया गया कॉपर तथा घटना में प्रयुक्त कंटेनर और ट्रक बरामद कर लिया था। मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों में इरफान पुत्र साजिद अली, निवासी वेलकम, सीलमपुर, दिल्ली रिंकू बागड़ी पुत्र श्रीपाल बागड़ी, निवासी तावड़ू, जिला नूंह (मेवात), मिंटू उर्फ सुखबीर पुत्र रामेश्वर, निवासी बुरहेड़ा, थाना खुशखेड़ा जिला भिवाड़ी शामिल है, जिन्हें 6 जनवरी 2026 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वहीं प्रकरण में फरार चल रहे मुख्य आरोपी मालीराम पुत्र घीसाराम यादव, निवासी प्रेमनगर (त. मंडा), थाना प्रागपुरा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और पूर्व में भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस द्वारा मामले में आगे का अनुसंधान जारी है तथा अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने बताया कि परिवादी राजेश सिंह ने गत 4 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका ट्रक 1 जनवरी को मेहसाणा (गुजरात) से 2 करोड़ 58 लाख 12 हजार 500 रुपये मूल्य का कॉपर भरकर भिवाड़ी के लिए रवाना हुआ था। ट्रक को ड्राइवर अनिल सिंह शेखावत चला रहा था। तीन जनवरी की रात शाहजहांपुर टोल व उसके बाद बलदौद टोल से टोल कटने के मैसेज मिले। देर रात ड्राइवर से संपर्क करने पर फोन बंद मिला। चार जनवरी को तलाश के दौरान ट्रक प्रागपुरा स्थित ममता होटल के पास खाली खड़ा मिला। होटल गार्ड ने बताया कि रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच ट्रक के पीछे आई एक सफेद कार में बैठकर ड्राइवर चला गया। ट्रक से पूरा कॉपर माल गायब मिला। इस पर पुलिस थाना प्रागपुरा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

# तीन सौ रुपये के लेनदेन को लेकर श्रमिक की हत्या

## मृतक व आरोपी दोनों साथ ही मजदूरी करते थे और दोनों मजदूरी के मिले रूपयों को लेकर विवाद कर बैठे थे

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में मजदूरी के रूपयों के लेन-देन के विवाद को लेकर हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि को मात्र तीन सौ रूपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के बाद साथी ने अपने साथी श्रमिक पर गुनिया से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, हमले में घायल को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने रविवार को मृतक के परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया एवं मामले में आरोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नांता थाने के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर दुर्गालाल मेरोठा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक व आरोपी दोनों साथ ही मजदूरी करते है और दोनो मजदूरी के बाद मिले रूपयो को लेकर विवाद कर बैठे थे। एएसआई ने बताया कि मृतक झालावाड़ जिले के भवानीमंडी पिपलिया चौराहा निवासी रमेश बैरवा (40) था जो इलाके के नान्ता में रहकर मजदूरी करता था। आरोपी भी झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना इलाके की बड़ी खीमच निवासी परमा बैरवा है। एएसआई दुर्गालाल मेरोठा ने बताया कि मामले में सामने आया कि इलाके के पत्थर मंडी में जहां दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे, इस दौरान मजदूरी के रूपयों को लेकर दोनों में लड़ाई हो गई।

एएसआई दुर्गालाल मेरोठा ने बताया कि आरोपी परमा ने उसके साथी मजदूर रमेश पर गुनिया से उसके सिर पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों की शिकायत पर हमलावर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले में फरार हमलावर की तलाश की जा रही है।

# करंट लगने से किसान की मौत

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर उपखंड के मेड़ क्षेत्र के बिहाजर ग्राम में कृषि कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। ट्ययूबवेल पर स्टार्टर चालू करते समय 11 हजार वोल्ट का करंट दौड़ने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई, वहीं पुलिस प्रशासन की देरी से पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया।

जानकारी के अनुसार पूरावाला पंचायत के ग्राम छिंड निवासी बाबूलाल गुर्जर सुबह अपने ट्ययूबवेल पर कृषि कार्य कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने स्टार्टर चालू किया, उसमें अचानक 11 हजार वोल्ट का करंट प्रवाहित हो गया और वे उसकी चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें मेड़ सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक बाबूलाल गुर्जर चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे और परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर बताई जा रही है।

# एसीबी की कार्रवाई के बाद पंचायतीराज का एलडीसी शुभकरण परिहार निलंबित

- बीकानेर में पांच ठिकानों पर एसीबी की सर्च में मिले सोना-चांदी, नकदी और बैंक खाते सीज किये
- बैंक खातों और जमीनों व अन्य दस्तावेजों की जांच के बाद कुल संपत्ति का आकलन किया जाएगा

**बीकानेर,** (निसं)। पंचायतीराज विभाग के कनिष्ठ सहायक (एलडीसी) शुभकरण परिहार (छींपा) को निलंबित कर दिया गया है। उनके पांच ठिकानों पर एसीबी की सर्च में मिले सोना-चांदी, नकदी और बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। अचल संपत्ति का आकलन करने के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए बीकानेर में पूनरासर निवासी और फलोदी की ग्राम पंचायत कानासर हाल बाप पंचायत समिति की उदट ग्राम पंचायत में पदस्थापित कनिष्ठ सहायक शुभकरण छींपा के पांच ठिकानों पर सर्च की थी। इस दौरान उसके पास 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की चल-अचल संपत्ति का पता चला, जबकि एसीबी ने 15 सालों में उसकी नौकरी से अर्जित वैध आय करीब 17 लाख रुपए माना। आरोपी के जयपुर रोड स्थित मातेश्वरी एन्क्लेव, व्यास कॉलोनी, गंगाशहर रोड छींपों का मोहल्ला, मूल निवासी श्रीडूंगरगढ़ के पूनरासर गांव और फलोदी में कानासर व उदट से सर्च में मिला सोना, चांदी, नकदी, बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। उसके अलग-अलग जगह मिले मकान, जमीनों का आकलन शुरू कर दिया गया है। इसके लिए अनुसंधान अधिकारी एसीबी की बीकानेर चौकी के एएसपी विनोद कुमार ने सर्वेयर की टीमों को आरोपी के ठिकानों पर भेजा गया है। इसके अलावा आरोपी के तीन बैंक खाते सीज किए गए हैं जिनकी छानबीन की जाएगी। सर्वे, बैंक खातों और जमीनों व अन्य दस्तावेजों की जांच के बाद कुल संपत्ति का आकलन किया जाएगा। उसके बाद रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को भेजी जाएगी। एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने भ्रष्ट तरीकों से करोड़ों रुपयों की अवैध संपत्तियां अर्जित की है।

आरोपी के रहवासी मकान संख्या 10 मातेश्वरी एन्क्लेव कॉलोनी, वैष्णोधाम के सामने से करीब 76 लाख रुपये नकद, मकान मातेश्वरी एन्क्लेव कॉलोनी, वैष्णोधाम एवं बागीनाडा छींपो का मोहल्ला गंगाशहर रोड से करीब 1.500 किग्रा सोना और करीब तीन किलो चांदी, बीकानेर शहर में तीन आलीशान मकान और दो भूखंड, एक आलीशान मकान और दो भूखंड गांव पूनरासर में, करीब 17 हेक्टेयर कृषि भूमि, एक स्कॉर्पियो, एक स्विफ्ट कार, एक बोलेरो कैम्पर, एक बुलेट मोटरसाइकिल, एक हीरो मोटरसाइकिल के दस्तावेज आदि मिले थे। एसीबी को पंचायतराज विभाग के एलडीसी के पास से अब तक 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की चल-अचल संपत्तियों का पता चला है। इससे बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि वर्ष, 10 में नौकरी लगे कर्मचारी की अब तक वैध आय 17 लाख रुपए मानी गई, उसने करोड़ों रुपए की अवैध दौलत कैसे हासिल कर ली। इसमें आरोपी के अलावा विभागीय कामकाज का सिस्टम भी जांच के घेरे में आ गया है। आरोपी ने भ्रष्ट तरीके से अकेले ही करोड़ों रुपए की संपत्तियां हासिल की या उसके साथ अन्य लोगों की मिलीभगत है, यह भी जांच का विषय है।

# नोखा में डोडा-पोस्त से भरी तस्करों की कार पलटी, दो की मौत

- बिजली के पोल से टकराकर बेकाबू हुई कार, सड़क पर जा रहे बुजुर्ग को उड़ाया
- कार से 60 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया, चालक की भी हादसे में मौत हो गई

**नोखा,** (निसं)। बिजली के पोल से टकराकर बेकाबू हुई कार की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार पलट गई। कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत हो गई। कार में अवैध डोडा-पोस्त भरा था। हादसा बीकानेर में नोखा के चरकड़ा गांव के पास नेशनल हाइवे-62 (नागौर से बीकानेर) पर रविवार सुबह करीब आठ बजे हुआ।

नोखा थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि गाड़ी से 60 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया गया है। यह कहां ले जाया जा रहा था, इसकी जांच हो रही है। पुलिस जांच में मृतक (ड्राइवर) के खिलाफ पहले से कोई मामला दर्ज नहीं है। नोखा थाना पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह नागौर से नोखा की ओर आ रही इनोवा कार चरकड़ा में बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर से अनियंत्रित हुई कार ने सड़क किनारे जा रहे चरकड़ा निवासी नारायण सिंह राजपूत (58) को चपेट में ले लिया। नारायण सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार में ड्राइवर राजूराम (29) और रामसर निवासी लालचंद गोदारा सवार थे। नारायण को टक्कर मारने के बाद कार सड़क पर पलट गई। राजूराम और लालचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को नोखा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान राजूराम ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, लालचंद का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही नोखा पुलिस मौके पर पहुंची। कार की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में डोडा-पोस्त भरा मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद डोडा-पोस्त की जांच करवाई जा रही है। दोनों शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतकों के परिजन नोखा जिला अस्पताल पहुंचे।

# बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर, एक घायल

**बूंदी,** (निसं)। देईखेड़ा क्षेत्र में कोटा-दौसा मेगा हाइवे पर आजन्दा मोड़ के समीप एक ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर व बाइक की गति धीमी होने से बड़ा हादसा टल गया परन्तु बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया।

हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों व स्थानीय निवासी भेरू सिंह ने बताया कि रविवार शाम को छ बजे करीब आजन्दा मोड़ के यहां से ट्रैक्टर में डीजल भरवाकर सड़क पर आते ही कुछ चलने पर सामने से आई रही बाइक से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार उछल कर दूर गिर गया और बाइक ट्रैक्टर में उलझ कर कुछ मीटर तक घसीटती चली गई। गनीमत रही कि उस सड़क पर अन्य वाहन नहीं आने से बड़ा हादसा टल गया। बाइक सवार कोटा निवासी राजेन्द्र गम्भीर घायल हो गया। वहीं ट्रैक्टर चालक हनुमान मीणा सकुशल रहा।

# युवक की मौत के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

- विराटनगर थाना क्षेत्र के मैड़ निवासी सुभाष मेहरा की एक साल पूर्व हुई मारपीट के बाद चंदवाजी के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर थाना क्षेत्र के मैड़ निवासी सुभाष मेहरा की भाबरू थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व हुई मारपीट एवं उपचार के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि 8 फरवरी 2025 को किरों की ढाणी निवासी विनोद मेहरा ने मामला दर्ज करवाया था कि कैलाश ने गुर्जरपुरा निवासी रजनीश गुर्जर सहित अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सुभाष मेहरा के साथ मारपीट की व गंभीर हालत में टांडा पुलिया के पास पटक फरार हो गए थे। उपचार के दौरान सुभाष मेहरा की मौत हो गई थी, जिस पर मृतक के परिजनों ने मामले की जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए विराटनगर थाना पुलिस से करवाने की मांग की थी। जिस पर विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाते हुए चार फरार आरोपियों कैलाश चंद, अजय सिंह निवासी चतरपुरा, रजनीश निवासी गुर्जरपुरा, मनीष उर्फ मुन्ना निवासी बियावास तन बीलवाड़ी को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। वहीं प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। सुभाष मेहरा की मौत के मामले को लेकर आक्रोशित लोगों ने विराटनगर थाने का घेराव कर 17 घंटे धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद विधायक कुलदीप धनखड़ व पुलिस के उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया था। मृतक के भाई मैड़ निवासी विनोद मेहरा ने आरोप लगाया था कि मृतक सुभाष मेहरा जवानपुरा निवासी संवेदक के पास रोड पर पट्टी बनाने का काम करता था। जिसमें पूर्व में किए कार्य का बकाया था। 4 जनवरी को संवेदक ने सुभाष को बकाया रुपए देने की कहकर गांव जवानपुरा बुलाकर 8-10 साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर टांडा पुलिया के पास पटक गए थे। पीड़ित को घटना के बारे में बताने पर परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे एवं पीड़ित की तबीयत खराब होने पर अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान पीड़ित ने परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने 8 फरवरी 2025 को भाभरू थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। पीड़ित की चंदवाजी के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी।

# रूपवास तहसील कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से रिकॉर्ड जला

## एलआरसी शाखा कमरा नंबर 29 में भीषण आग लग गई थी

- तहसील परिसर में आग बुझाने के लिए अग्निशमन उपकरण तो लगे हुए थे, लेकिन वे एक्सपायर हो चुके थे
- सूचना मिलते ही दमकलकर्मी वाहन के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

**भरतपुर,** (निसं)। रूपवास कस्बे के तहसील कार्यालय स्थित एलआरसी शाखा कमरा नंबर 29 में रविवार को शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इस हादसे में शाखा में रखा महत्वपूर्ण राजस्व रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। हालांकि, दमकल की मुस्तैदी से एक बड़े हिस्से को जलने से बचा लिया गया, लेकिन तहसील परिसर में सुरक्षा इंतजामों की पोल जरूर खुल गई।



रूपवास के तहसील कार्यालय स्थित एलआरसी शाखा कमरा नंबर 29 में आग से रिकॉर्ड जल गया।

जानकारी के अनुसार निकट ही मौजूद कमरा नंबर 27 में पटवारी शिवराज कार्य करने के दौरान शौचालय गए थे। तभी पटवारी को कमरा नंबर 29 एलआरसी कम्प्यूटर शाखा में से धूंआ निकलता दिखाई दिया। घटना के समय तहसील में कार्यरत पटवारी शिवराज कमरा नंबर 27 के कंप्यूटर कक्ष में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह शौचालय की ओर गए, अचानक कमरा नंबर 29 एलआरसी कम्प्यूटर शाखा से धुआं निकलता दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत मामले की जानकारी तहसीलदार अमित शर्मा और नगरपालिका की दमकल टीम को दी। घटना के दौरान तहसील कार्यालय की बड़ी लापरवाही भी सामने आई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि तहसील परिसर में आग बुझाने के लिए अग्निशमन उपकरण तो लगे हुए थे, लेकिन वे लंबे समय से इस्तेमाल न होने के कारण एक्सपायर हो चुके थे। आपात स्थिति में इन उपकरणों के काम न करने से कर्मचारियों में रोष देखा गया। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी यतेन्द्र योगी, दीपक शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी और आजाद दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल के पहुंचने तक कुछ महत्वपूर्ण फाइलें और रिकॉर्ड जल चुके थे, लेकिन समय रहते आग बुझाने से आसपास के कमरों तक लपटें नहीं फैली। तहसील प्रशासन अब जले हुए रिकॉर्ड का आकलन कर रहा है, ताकि पता लगाया जा सके कि कौन-कौन से महत्वपूर्ण दस्तावेज इस आग की भेंट चढ़े हैं।

# ट्रक से 70 लाख की शराब व बियर के कार्टन बरामद, दो गिरफ्तार

## ट्रक में आलू की बोरियों में छुपाकर रखी पंजाब-हरियाणा निर्मित शराब और बियर के 606 कार्टन बरामद किए

- आरोपियों से शराब तस्करी मामले में पूछताछ जारी

**पाली,** (निसं)। पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर पंजाब-हरियाणा निर्मित शराब व बीयर से भरा ट्रक बरामद किया, जिसकी बाजार की अनुमानित कीमत 70 लाख रुपए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

सीओ ग्रामीण अमर सिंह रत्नु ने बताया कि 14 फरवरी की रात को रोहट थाना पुलिस को अवैध शराब ले जाने की जानकारी मिली। इस पर थाना क्षेत्र में निबली टोल पर नाकाबंदी की। ट्रक ड्राइवर को आता देख पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन उसने नाकाबंदी तोड़ ट्रक की रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने पीछे का ट्रक को रुकवाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी करने पर ट्रक में आलू की बोरियों में छुपा कर रखी पंजाब हरियाणा निर्मित शराब और बियर के 606 कार्टन बरामद किए। जिसकी बाजार में अनुमानित लागत 70 लाख है। मामले में पुलिस ने शराब से भरा ट्रक जब्त किया और बाड़मेर जिले के धनाउ थाना क्षेत्र के सारणों की नाड़ी नवलता राठौरना निवासी आसुराम पुत्र हनुमानराम और बाड़मेर जिले के ही जारणों की वेरी कोलियाना भजनलाल पुत्र भागीरथ राम को गिरफ्तार किया। आरोपी यह शराब कहां से लाए हैं और कहां लेकर जा रहे थे, पूछताछ जारी है। इस दौरान रोहट थाना क्षेत्र के एएसआई माडाराम कांस्टेबल भैराराम, गोविंद सिंह, रामप्रकाश सुरेश, महिला कांस्टेबल गुड़िया कार्रवाई में शामिल रही।

# अवैध मादक पदार्थ सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करेड़ा थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाकाबंदी और गश्त के दौरान 14 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (एमडीए) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.40 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम गठित की गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सहाड़ा) बुद्धराज और पुलिस उप अधीक्षक (आसीन्द) ओमप्रकाश के सुपरविजन में थानाधिकारी पुरण मल मीणा के नेतृत्व में टीम रात्रि गश्त पर थी। गश्त के दौरान कस्बे के चारभुजा कॉम्पलेक्स, होण्डा शोरूम के सामने एक संदिग्ध मारुति वैगनआर कार खड़ी दिखाई दी। तलाशी लेने पर कार सवारों के कब्जे से 14 ग्राम अवैध एमडीए बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें प्रमोद माली पुत्र गोपाल माली निवासी मोड़ का निम्बाहेड़ा (आसीन्द) और मुकेश तेली पुत्र गजानन्द तेली, निवासी भगवानपुरा (माण्डल) शामिल है।

### राजधानी में नहीं थम रहा तेज रफ्तार का कहर

# गलत दिशा से आई कार की टक्कर से स्कूटी सवार के दोनों पैर टूटे

- सोडाला पुलिस थाने से चंद कदम दूरी पर कार ने ट्रैफिक लाइट पर खड़े स्कूटी सवार को कुचला
- लोगों ने रोकने की कोशिश की तो चालक ने भीड़ पर कार चढ़ाने का प्रयास किया

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार सुबह सोडाला स्थित रामनगर मेट्रो स्टेशन चौराहे पर बेकाबू कार ने रेड लाइट पर खड़े स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार बाबूलाल निवासी सोडाला गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया।

चौंकाने वाली बात यह है कि घटनास्थल सोडाला थाने से महज 40 से 50 मीटर की दूरी पर है। इसके बावजूद पुलिस को मौके पर पहुंचने में करीब आधा घंटा लग गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाबूलाल सुबह करीब 7 बजे चार नंबर डिस्पेंसरी की तरफ से आ रहे थे और रामनगर मेट्रो स्टेशन चौराहे पर रेड लाइट होने के कारण रुके हुए थे। उन्हें बैकुंठनाथ मंदिर के पास सब्जी मंडी स्थित अपनी दुकान पर जाना था।

इसी दौरान चार नंबर डिस्पेंसरी की ओर जाने वाली तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर गलत दिशा में आ गई और खड़ी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाबूलाल सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद बाबूलाल दर्द से कराहते रहे। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घायल को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हुआ है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और इलाज जारी है। परिजन अस्पताल में मौजूद हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार चालक नाबालिग था। टक्कर के बाद जब दुकानदारों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने भीड़ पर कार चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गया।

घटनास्थल से थाना बेहद करीब होने के बावजूद पुलिस के देर से पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट में आने से आर.टी.ओ. दस्ते के ड्राइवर की मौत

### कानोता में हिंगोनिया टोल प्लाजा के पास चालान की कार्रवाई के दौरान हुआ हादसा

- ट्रक चालक मौके से फरार, मामला दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । कानोता थाना इलाके में स्थित हिंगोनिया टोल प्लाजा के पास चालान की कार्रवाई के दौरान आरटीओं उड़न दस्ते पर मौजूद चालक की ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आरटीओं दस्ते के साथ मौजूद अन्य कर्मचारियों ने एम्बुलेंस की सहायता से मृतक को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि आगरा रोड स्थित हिंगोनिया टोल के पास रविवार दोपहर आरटीओं दस्ता चालान की कार्रवाई कर रहा था। इसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से कोटपूतली बहरोड़ के पनियाला निवासी राजाराम (48) की मौत हो गई। वह जयपुर आरटीओ में ठेके पर लगा हुआ था। झालाना आरटीओ ऑफिस के उड़न दस्ता पर राजाराम ड्राइवर के पद पर कार्यरत था।

टक्कर मारने के बाद वाहन को लेकर ड्राइवर फरार हो गया। आरटीओ कर्मचारियों ने तुरंत गंभीर घायल हालत में राजाराम को एसएमएस हॉस्पिटल भिजवाया , जहां पर उपचार दौरान उसकी मौत हो गई।

प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि ट्रक स्थानीय लोग का है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी है।

## पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कालवाड़ थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कालवाड़ थाना पुलिस और डीएसटी पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रामला का बास से मंडा भोपावास रोड पर एक खान के पास दबिश देकर बाबूलाल ताखर (27) निवासी जोबनेर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए।

# दुकान का शटर उठाकर कॉपर वायर चुराने वाला नकबजन और खरीददार गिरफ्तार

### आरोपी ने 3-4 माह पहले भी इसी दुकान में चोरी की वारदात की थी

**जयपुर** । सोडाला पुलिस ने 22 गोदाम स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया 22 किलो तांबा भी बरामद कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी कालू उर्फ जीतू (23) सवाई माधोपुर का निवासी है और वर्तमान में ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक व अन्य नशा करने का आदी है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए ही वारदातों को अंजाम देता है। वहीं, चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी विशाल (29) मूलतः दिल्ली का रहने वाला है और यहां करतारपुरा रोड पर कबाड़ की दुकान चलाता है।

थानाधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को परिवादी हरिप्रसाद शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था कि 30 जनवरी की रात को चोरों ने उसकी दुकान शर्मा इलेक्ट्रिकल्स का शटर उठाकर करीब 2 लाख रुपये के कॉपर वायर और बंडल चोरी कर लिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की सूचना पर आरोपियों को दबोचा। पुलिस जांच में सामने आया कि कालू और उसके साथी रात करीब 2 से 3 बजे के बीच मुंह पर कपड़ा बांधकर दुकान में घुसते थे। टॉर्च की रोशनी में कीमती तांबे के तारों के बंडल कट्टे में भरकर मोटरसाइकिल से ले जाते थे। सुबह होते ही वे माल कबाड़ी को बेचकर पैसे आपस में बांट लेते थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने करीब 3-4 महीने पहले भी इसी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, जबकि मामले में वांछित अन्य आरोपियों-केदार और सन्नी हरिजन की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में एचसी रामनारायण, कांस्टेबल गणेश राम और जयपाल ने अहम भूमिका निभाई।

## 10 करोड़ के टैंडर में मांग लिया 30 करोड़ रु. का "टर्न ऑवर"

**जयपुर** । राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् के लिए 10 करोड़ रुपए के टैंडर में अधिकारियों द्वारा 30 करोड़ रुपए का अनुभव मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में 3 फर्मों ने क्रीडा परिषद् के अध्यक्ष और सचिव को 13 फरवरी को पत्र लिखकर इस शर्त को अव्यहारिक बताते हुए हटाने का आग्रह किया है।

इन फर्मों का कहना है कि सामान्यतः सरकारी विभागों में आर.टी.पी.पी. एक्ट के मुताबिक 33 प्रतिशत अथवा 50 प्रतिशत तक का अनुभव मांगा जाता है, लेकिन कुल निविदा राशि से 3 गुणा कार्यादेश का अनुभव मांगा जाना न्यायसंगत नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी विशेष फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए यह शर्त लगाई गई है। राज्य क्रीडा परिषद् की इस निविदा शर्त के विरोध में श्रीकृष्णा एंटरप्राइजेज़, एच.आर. मल्टीक्लीन सिस्टम तथा मैसर्स छोटेलाल वीरेन्द्र कुमार फर्म ने आपत्ति जताई है।

बताया जा रहा है कि राज्य क्रीडा परिषद् ने 500 प्रोफेशनल सर्विस प्वाइंट (पार्ट टाइम कोच फॉर स्पोर्ट्स कोचिंग एंड ट्रेनिंग) की निविदा जारी की थी। इस निविदा की राशि 10 करोड़ रुपए थी, लेकिन अधिकारियों ने निविदा में शामिल होनी वाली फर्मों से 10 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष तक का टर्नऑवर मांगा है, जोकि नियमानुसार अव्यवहारिक प्रतीत होती है।

## सार-समाचार

### देवधारा बस्ती में हिंदू सम्मेलन सम्पन्न




**जयपुर** । मुरलीपुरा क्षेत्र के विजयनगर अंतर्गत देवधारा बस्ती स्थित रामेश्वरधाम कॉलोनी के महेश पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। हिंदू समाज की एकता, समरसता एवं जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित सम्मेलन में समाज की दशा और दिशा पर सार्थक चिंतन किया गया। मुख्य वक्ता पर्यावरण गतिविधि राजस्थान के प्रमुख अशोक कुमार शर्मा ने समाज में जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। उन्होंने धर्म के वैज्ञानिक महत्व को समझने और समझाने की जरूरत है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर नर्बदाशंकर, मनु महाराज, साध्वी गीतांजलि का सान्निध्य प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या, शिव-पार्वती विवाह, महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती, शिव तांडव नृत्य तथा फागोत्सव जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहे। श्रद्धालुओं ने अपने घरों से लाए दीपकों से सामूहिक महाआरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर फूलों की होली का आयोजन किया गया तथा समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, संतों, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### स्वामी पुरसनाराम का जन्मोत्सव मनाया

**जयपुर** । सिंधी समाज के प्रमुख संत सतगुरु स्वामी पुरसनाराम साहिब का 193वां जन्मोत्सव रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर स्थानीय सेक्टर-4, जवाहर नगर स्थित स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरे परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्प श्रृंगार और लाल रंग के ध्वजों से सजाया गया था । शंकर भगवान की जय, जय साईं, जय साईं के उद्घोष से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह पुरसनाराम साहिब मंडल के अध्यक्ष साईं मुकेश साध द्वारा धर्म ध्वजा फहराकर किया गया। वेद मंत्रोच्चार और जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने संत स्मरण किया। दोपहर 2 बजे 331 महिलाओं की सामूहिक कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित गजराज की अगुवाई में निकली शोभायात्रा में शहर का जिया बैंड सिंधी संगीत की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहा था । स्वामी जी का दिव्य चित्र सुसज्जित बग्घी में विराजमान रहा, जिस पर मार्ग में पुष्प वर्षा की गई।

### पूनियां ने युवाओं के साथ चलाई साईकिल



**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्र सरकार के युवा मामलात एवं खेल मंत्रालय के फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे "संडे ऑन साइकिल" अभियान में भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान विश्वविद्यालय कैंपस में युवाओं के साथ साइकिल चलाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया।

### 25 फीट ऊचाई से गिरने मजदूर मौत

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में 25 फीट ऊंचाई पर रंग-पेंट करते समय सतुंलन बिगड़ने पर मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। इस दौरान अन्य मजदूरों ने एम्बुलेंस की सहायता से उसे घायल अवस्था सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी मुकेश कुमा ने बताया कि शहबाज (33) पुत्र मोहम्मद अहमद रामगढ़ मोड़ निवासी नाई की थडी स्थित एक स्कूल पर कलर-पेंट का काम कर रहा था। 12 फरवरी की दोपहर वह दूसरी मंजिल से ऊपर सीढ़ियों की दीवार पर कलर-पेंट कर रहा था। दोपहर करीब 2 बजे सीढ़ियों की स्टेप टूटने से फिसलकर वह 25 फीट नीचे जमीन पर आकर गिरा। गंभीर हालत में उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। शनिवार रात करीब 7 बजे उपचार दौरान शहबाज ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता मोहम्मद अहमद ने ठेकेदार और मालिक के खिलाफ लापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया।

### अपहरण-लूट का इनामी बदमाश पकड़ा

**जयपुर** । ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने अपहरण और लूट के मामले में कार्रवाई करते हुए पिछले चार महीनों से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी विजय मीणा को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को मुकेश कुमार वासवानी ने ब्रह्मपुरी थाने में मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसे बिजनेस प्लान का झांसा देकर अगवा किया और उसके साथ मारपीट कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी । जिसके चलते अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक और एसीपी (आमेर) सुरेंद्र सिंह राणावत के निर्देशन में थानाधिकारी हेमंत जनागल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था ।

## 'खनिज उद्योग के विकास के साथ खनन श्रमिकों की दशा सुधार के कार्य भी हो'

### माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा "विजन 2047 माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव" अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि खनिज उद्योग के समग्र विकास के साथ सुरक्षित खनन और पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना सबका साथ सबका विकास से ही संभव है। इस आलोक में खनिज उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ उनके बीमा और अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। उन्होंने खनन उद्योग से देश की आर्थिक समृद्धि के लिए प्रभावी रणनीतियों के तहत कार्य किए जाने का भी आव्हान किया।

बागडे रविवार को एक निजी होटल में माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित "विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव" विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने खनिज उद्योग में पारंपरिक भारतीय प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक तकनीक से सुरक्षित खनन के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के किए सुनियोजित रूप में कार्य किया जा रहा है। भारत डिजिटल तकनीक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सामाजिक सुधार और गरीबी उन्मूलन के अंतर्गत देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा केंद्र सरकार दे रही है। गरीबी रेखा से 25 करोड़ लोग ऊपर आ गए हैं। केंद्र सरकार जिस तरह से प्रयास कर रही है, उससे सभी क्षेत्रों में लोगों के विकास की राह बनी है।

राज्यपाल ने माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा खनिज उद्योग के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौपालन में तो बहुत काम हो रहा है परंतु पता नहीं क्यों नंदी की उपेक्षा है। उन्होंने महाशिवरात्रि पर नंदी संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया।




राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

- राज्यपाल ने नंदी संरक्षण का आव्हान करते हुए कहा कि "राजस्थान में गौपालन पर तो बहुत काम हो रहा है, परंतु पता नहीं क्यों नंदी की उपेक्षा हैं?"

## नींदड़ आवासीय योजना को लेकर किसानों और सरकार के बीच सुलह के आसार बने

**जयपुर** । पिछले 16 वर्षों से लंबित नींदड़ आवासीय योजना को लेकर किसानों और सरकार के बीच सुलह होने की उम्मीद है। किसानों की 15 सूत्री मांगों को मानते हुए अगर जेडीए व सरकार लिखित में समझौता करती है तो किसान जमीन देंगे, अन्यथा एक इंच जमीन भी नहीं देंगे।

नींदड़ बचाओ किसान संघर्ष समिति के आव्हान पर रविवार को नींदड़ में किसानों व स्थानीय नागरिकों की आमसभा बुलाई गई जिसमें वर्षो से लंबित आवासीय योजना के मुद्दे पर बातचीत हुई। संघर्ष समिति ने पिछले काफी समय से जेडीए व सरकार के स्तर पर हुई बातचीत का ब्यौरा रखा। संघर्ष समिति और किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि हमारी 15 सूत्री मांगों को लेकर सरकार लिखित में समझौता देती है तो जेडीए को नींदड़ में एंट्री देंगे, अगर नही देंगे तो एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रभाती लाल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि पिछले काफी समय से जेडीए व सरकार से इस मुद्दे के निस्तारण के लिए बातचीत की जा रही थी। डिप्टी सीएम दिया कुमारी, पूर्व जेडीसी आनंदी, विभागीय अधिकारियों और मंत्री झाबर सिंह खर्रा के साथ कई दौर की बातचीत हुई है, जिसमें अधिकांश मांगों पर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा जेडीए स्तर पर जो मांगे पूरी नहीं हो सकती उन्हें पूरा करने के लिए राज्य सरकार कैबिनेट बैठक में लेकर करेगी। जेडीए आवास योजना से प्रभावित किसानों को साथ लेकर दोबारा सर्वे करवाएं और वर्तमान दर से मुआवजा तय किया जाए। जिन खातेदारों का मुआवजा जेडीए द्वारा कोर्ट में जमा करवाया गया है उन खातेदारों को नींदड़ आवास योजना में विकसित भूमि देने का विकल्प दें।

## ज्वैलर पर हमला कर 27 लाख रुपए के गहनों से भरा बैग छीना

- प्रताप नगर इलाके में शनिवार को कार सवार बदमाशों ने की वारदात
- पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी भी कराई, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लगा

**जयपुर** । प्रताप नगर थाना इलाके में शनिवार को अज्ञात कार सवार बदमाशों ने ज्वैलर्स की कार के आगे खुद की कार लगाई और उस पर जानलेवा हमला कर 27 लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। लूट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी भी कराई। लेकिन पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बयानों के आधार पर कार सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर तलाश शुरु की है।

एसीपी (सांगानेर) हरिशंकर शर्मा ने बताया की रामनिवास सोनी श्योपुर निवासी वाटिका में गणपति ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी का काम करते है। आरोप है कि शनिवार देर रात वह शॉप बंद कर कार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रताप नगर में आरयूएचएस के पास अजय मार्ग पर कार सवार बदमाशों ने उनकी कार के आगे अपनी कार लगाकर उन्हें रोक लिया। कार से उतरे बदमाशों ने डंडे से हमला किया। ज्वेलर की कार के शीशे तोड़ने के साथ ही मारपीट की गई। हमला कर बदमाश कार में रखा ज्वेलरी से भरा बैग लेकर भाग निकले।

बैग में 50 ग्राम सोना और 7 किलो चांदी रखी थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाके में नाकाबंदी कराई। लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश जारी है। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को डिटेन किया। जिससे पूछताछ की जा रहीं है।

# मुरलीपुरा में बीच सड़क पर अवैध डेयरी, निगम प्रशासन मौन!

### 30 दिसंबर 2025 को नगर निगम का दस्ता मौके पर पहुंचा था, लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हो पाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में बीच सड़क पर पशुओं को बांधकर अवैध डेयरी संचालित करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन एक्शन लेने के बजाय चुप्पी साधे बैठा है। जबकि स्थानीय लोगों ने सैकड़ों बार जोन कार्यालय व मुख्यालय में इसकी शिकायतें दी हैं। निगम टीम 30 दिसंबर 2025 को कार्रवाई के लिए मौके पर भी पहुंची थी, लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हो पायी। वहीं दूसरी ओर बीच सड़क पर पशुओं के जमावडे के कारण लोगों की जिंदगी नारकीय दंश से गुजर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति इस अवैध डेयरी का विरोध करता है तो उसके घर के बाहर पशुओं का जमावडा खड़ा कर दिया जाता है। ताकि गोबर और गंदगी के कारण लोग परेशान हो जाए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सीकर रोड पर खेतान हॉस्पिटल के नजदीक विजयबाड़ी में पथ नंबर-6 स्थित प्लॉट संख्या 40 पर अवैध डेयरी संचालित की हुई है। भवन मालिक ने करीब 20-25 गायें व अन्य पशु बीच सड़क पर बांध रखे है। इसके साथ ही करीब 25-30 श्वान (स्ट्रीट डॉग्स) भी पाल रखे है। इस कारण आए दिन सड़क पर पशुओं का जमावडा लगा रहता है। इस कारण ना सिर्फ लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है, बल्कि स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों तथा राहगीरों के पीछे कुत्ते भागते है। ऐसे में यहां हर दिन हादसों का खतरा बना हुआ है।

सड़क पर खुले में बंधी गायों के कारण जगह-जगह गोबर और गंदगी फैली हुई है। बारिश के दिनों में यह स्थिति और विकराल हो जाती है। बदबू और गंदगी के कारण पूरे इलाके में दिनभर मक्खी-मच्छरों की समस्या है। लोगों का कहना है कि अवैध डेयरी संचालक सड़क किनारे चारा डालते हैं, और पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। इस प्रकरण की शिकायत भी नगर निगम के जोन कार्यालय और मुख्यालय में कई बार की गई, लेकिन नगर निगम प्रशासन ने इस अवैध डेयरी पर कोई कार्रवाई नहीं है। सिर्फ 30 दिसंबर 2025 को एक बार निगम की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन कार्रवाई शुन्य रही। इसके बाद ना तो निगम की ओर से कोई एक्शन लिया गया और ना ही डेयरी संचालक मानने को तैयार है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर सड़कों पर आवारा पशुओं और अवैध अतिक्रमण को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हुए है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही। क्षेत्रवासियों की मांग है कि अवैध डेयरी को तत्काल हटाया जाए, सड़क पर बैठे पशुओं को हिंगोनिया गौशाला में शिफ्ट किया जाए। क्षेत्र में नियमित सफाई और निगरानी की व्यवस्था की जाए और अवैध अतिक्रमण करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाए।






सीकर रोड पर खेतान हॉस्पिटल के पास विजयबाड़ी में पिछले कई महीनों से सड़क पर अवैध डेयरी चल रही है। नगर निगम टीम गत वर्ष 30 दिसंबर को मौके पर कार्रवाई करने पहुंची थी, लेकिन खाली हाथ वापस लौट आई।

- जो लोग अवैध डेयरी की शिकायतें करते हैं, उनके घरों के बाहर पशुओं और आवारा कुत्तों को बैठाकर किया जा रहा है परेशान


ARBIT it happens here...

राष्ट्रदूत
MONDAY
16 February 2026
A-B




## Celebrating National Almond Day


National Almond Day, observed annually on February 16th, honours the humble almond, a nut celebrated for its nutritional value, versatility, and cultural significance. Rich in vitamin E, magnesium, and fibre, almonds support heart health, digestion, and radiant skin. Culinary enthusiasts mark the day by enjoying almond milk, flour, butter, and sweet treats, while incorporating the nut into everyday recipes. Beyond the kitchen, almonds symbolize wellness and tradition, reflecting centuries of culinary and cultural appreciation. The day encourages people to savour almonds, embrace their health benefits, and celebrate their enduring role in diets worldwide.



Mahatma Gandhi.


Alexis de Tocqueville.

# It Is A Natural Match- Lawyers And Politicians

In 1835, Alexis de Tocqueville in his book Democracy in America wrote: "There is hardly any political question in the United States that sooner or later does not turn into a judicial question." Nearly two centuries later, this observation by Tocqueville has emerged as conventional wisdom and his observation is especially apt within the Indian context. In every democracy, the electoral arena is in close competition with the judicial arena in determining its course. This is especially true of India. The freedoms that all democratic societies hold sacred are mostly sanctified at the altar of the judiciary. This is especially true in the Indian context.





Jawaharlal Nehru.

• Shweta Bansal

Shannon Alder serendipitously summed up their lives when she said, "There comes a time in life when you can no longer put off choosing. You have to choose one path or the other. You can live safe and be protected by people just like you, or you can stand up and be a leader for what is right. Always, remember this: People never remember the crowd; they remember the one person that had the courage to say and do what no one would do."

"Politicians were mostly people who had too little morals and ethics to say lawyers," said George RR Martin, and yet these nine chose to play the game of thrones and win and lost and still live to tell the tale. I did say nine charmed lives. I hope that their fascinating stories will captivate the reader for their obvious relevance in decoding India as we see it today. Indian society today has evolved over the last 70 years around the enshrined in the Constitution and men like these have been keepers of the flame. They have looked at the laws and the directives and tried to walk the tightrope of interpretation with not just an eye for the greater good, but also through the prism of their own party ideologies, for what are men if not partisan creatures?

Pratap Bhanu Mehta points out: "During the national movement, the ideologies of the lawyer-politicians were more pronounced. One knew what Ambedkar stood for, what Gandhi aligned with and what was Nehru's ideology." Contemporary lawyer-politicians are party men who draw their identity from the political parties they represent, rather than the ideology they are wedded to. But that can also be attributed to the change in the nature of politics in the past few decades and the emergence of multiple national and regional parties. Therefore, contemporary lawyer-politicians play the role of key strategist to their political masters and are in a symbiotic relationship with the decision makers, they represent and defend their party and are its voice at public forums. Their role gets further enhanced because every socio-political crisis finds at least an expression, if not a solution, in law.

In 1835, Alexis de Tocqueville in his book Democracy in America wrote: "There is hardly any political question in the United States that sooner or later does not turn into a judicial question." Nearly two centuries later, this observation by Tocqueville has emerged as conventional wisdom and his observation is especially apt within the Indian context. In every democracy, the electoral arena is in close competition with the judicial arena in determining its course. This is especially true of India. The freedoms that all democratic societies hold sacred are mostly sanctified at the altar of the judiciary. This is especially true in the Indian context. India has a lengthy Constitution, which is a document that reflects a variety of influences; at the same time, India is a society fractured by multiple fault lines - of cast, class, gender and religion. It is therefore no surprise that the law and its practitioners have acquired primacy in its public life. As things stand today, the nation State in India and its Constitution are locked in an uneasy relationship. This book is an attempt to place it in context.



Ravi Shankar Prasad.


Abhishek Manu Singhvi.


Shannon Alder.


Salman Khurshid.


Arun Jaitley.


Kapil Sibal.

As the eminent advocate, Gopal Subramanium says, "The overlap or confluence of law, politics and public policy is inevitable. Law often deals with the same sort of questions as are raised in politics. Such questions include what makes a fair and just society, the balance of liberty and security; freedom of speech and expression; seeking accountability and fairness in action; and limits to individual's rights. Thinking like a lawyer, for a person, would include choosing which argument to take, exercising judgement and embracing the best argument and knowing how best to articulate it. It is much akin to choosing methods of community engagement in politics, with a sense of empathy and passion. It is for this reason that role of lawyers in politics and in the formation of public policy is and shall always remain a prominent one."

The relationship between law and politics has been a natural match in Indian society. The two professions have converged not merely because legal skills are valued in politics but because the lawyer's world-view has come to dominate political institutions. Lawyers play a vital part in Indian politics through a variety of positions: official and unofficial, public and private. The legal profession has effectively colonized the political realm in this country. Lawyers dominate the judiciary, executive, and legislative branches of government, and when they are not part of the government, they are often in a position to influence the government by attacking and defending it in courts of law.

The preponderance of lawyers in Indian politics is not a recent phenomenon. The trend lies in history. Our freedom struggle was largely shaped and led by lawyers. Mohandas Karamchand Gandhi was a barrister before he became a Mahatma, Pandit Jawaharlal Nehru and Moti Lal Nehru, Chittranjan Das, Bhimroa Ramji Ambedkar, Bipin Chandra Pal, Muhammad Ali Jinnah were all lawyers. The three important milestones of India's pre-independence history, namely the Non-Cooperation Movement, the Civil Disobedience Movement and the Quit India Movement, were launched and gathered momentum under the leadership of the lawyer-politician, Gandhi. When the Constituent Assembly of India met in the Constitution Hall, New Delhi in the year 1946, its core membership comprised an extremely small, westernised, professional middle-class. Out of the 20 members of the Drafting Committee, 12 were lawyers and politicians in their 'off' time.

From the freedom movement till now, the evolution of Indian democracy has been inextricably linked to the modern advocate. The legal world is a realm of persons with not only great legal skills, but also with great pretensions to political leadership. Fifty-four members of the 16th Lok Sabha and 67 members of the Rajya SAbha are lawyers, and the Modi cabinet has at least 15 lawyers on its rolls. The current Parliament shows how lawyers have successfully crossed over to the political domain demonstrating the weightage of law in the political arena. It is not only in India that lawyers form an important part of the political elite. More than half the former presidents of the United States had a background in law before they entered the White House. Abraham Lincoln, Franklin Roosevelt, Thomas Jefferson, Bill Clinton, Barack Obama were all lawyers. Last year's presidential candidate Hillary Clinton too is a lawyer. The United Kingdom tells a similar story - the long list of lawyers who have made the political grade includes recent Prime Ministers Margaret Thatcher and Tony Blair, and other notables such as Dominic Grieve, Sadiq Khan, the Mayor of London, and Baroness Sayeeda Warsi.


It is evident that the lawyer's relation to politics is not the product of any single factor. Politics is not an easy game, it requires a certain set of analytical and communication skills that do not come naturally to professions outside of law. Debating and public speaking are skills that all politicians need, since they are required to spend a lot of their time in the firing line being grilled by fellow politicians and the media. The legal profession is all about intense public interaction, that's great training for political life where one spends their day dealing with an incredibly diverse range of people.

For Max Weber, lawyers are the prototype of the modern professional politician as they can free their time for politics and continue to receive an income or at least can expect to return to a secure and profitable profession when their political activity has come to an end. Their occupations can be left for a time and resumed without loss of skill and earning capacity. After the electoral defeat of the Congress in 2014, its top lawyers, Kapil Sibal, Abhishek Singhvi, P Chidambaram, Salman Khurshid, and Ashwini Kumar are all back in the thick of things, this time as lawyers and have taken charge of every big political and corporate case. Singhvi and Sibal together led the party's legal attack on the imposition of President's rule in Arunachal Pradesh and spearheaded the comeback of Uttarakhand Chief Minister, Harish Rawat. Sibal and Singhvi also represented Sonia Gandhi and Rahul Gandhi in the National Herald case filed by BJP leader Subramanian Swamy. So, what is a loss of politics is a gain for law. Conversely, Arun Jaitley and Ravi Shankar Prasad have assumed important ministerial berths and given up their flourishing law practice. Law has become incidental to their political careers under the Narendra Modi government.

And as Subramanian further explains, "Lawyers are really an extension of the judicial arm. They realize the value of political power and its necessity for political discourses and for legitimacy. Lawyers have always been influential in Indian politics and there exists a natural affinity between the legal profession and politics. Knowledge of the Constitution and the judicial system enables lawyers to be active politicians. Given that lawyers in their training are continuously taught that they are 'public servants' and have a role to play that is larger than merely acting for their client, it is so ingrained in a law student by the time he graduates and joins the profession that his primary responsibility is towards the people. This may also give him a utilitarian view to issues, much like that of politicians."

## COURTING POLITICS


Dr. B.R. Ambedkar.


Muhammad Ali Jinnah.

There is also a flipside to this complex relationship. There have been criticism and arguments by several commentators that the presence of many lawyers in government produces a concern for procedures and processes over substance. Perhaps, this is one of the reasons why we haven't been able to pass litigation free legislations in more than six decades since Independence. When Arun Jaitley as a leader of the opposition targeted Manmohan Singh's ministerial advisors, blaming them for the confrontation with Anna Hazare, he said, "The problem with this government is that it has too many lawyers advising it. The problem with lawyers is that they look at issues through the prism of technology. Politics and legal profession are two different streams, but political problems require political solutions." Though Jaitley refrained from specifying names, his colleague Sharad Yadav, the Janata Dal (United) leader in Lok Sabha, made a pointed remark at Sibal, "You are in-charge of two ministries, yet, you have to negotiate with Ram Dev as well as play the government's chief spokesperson and principal defender, although sometimes, you get assistance from Chidambaram." Yadav took digs at both Chidambaram and Sibal for denying Anna supporters a venue for peaceful protest under the garb of provisions of law and called them lawyer ministers as if to indicate the profession as a problem to the solution. The irony of the argument is that Jaitley himself is a lawyer, and the speaker Meira Kumar, whom he was addressing, is also a lawyer. Team Anna, comprising Prashant Bhushan, Shanti Bhushan, and Kiran Bedi, all hold degrees in law and the Congress spokesperson, Abhishek Manu Singhvi and Manish Tewari, who launched attacks on Team Anna, are also lawyers. This demonstrates a crucial point that as much as certain traits help in politics, a lawyer must unlearn a few traits while in politics. The citizens of our country share a complex view of the lawyer-politicians. On one hand, they want the lawyer to prevent, cure or at least shield them from the law, on the other hand, they are often dissatisfied with the results.

The argument, however, is that though, there may be some dysfunctional aspects of this relationship between law and politics, many of the qualities and skills that lawyers acquire during their professional training and polish in their daily practice are essential for success in the political sphere. Therefore, lawyers continue to be the high priests of Indian politics, not only because they numerically dominate our political offices, but also because the legal approach and the views of lawyers have a significant influence on our political institutions.

Despite the perks of power, not all prominent lawyers angle for a political space. Giants like Nani Palkhivala, Soli Sorabjee, Gopal Subramaniam and Harish Salve have preferred to stay away.

Courting Politics, however, deals with only lawyer turned politicians. The book talks about some of India's most distinguished legal luminaries who have gone on to dominate the political arena and continue to hold sway. They may have entered both law and politics at very different junctions, but they all have one thing in common - their utter and complete dedication to every cause - legal and political - that they espouse. Among these men, it is conventional route of student politics before they became politicians. Salman Khurshid plunged into politics as the heir to a political legacy. Ram Jethmalani, Shanti Bhushan, Kapil Sibal, and Abhishek Manu Singhvi have taken more circuitous routes, ending up as politicians only after establishing themselves as very successful lawyers with political clientele. P Chidambaram's big break in politics came with Rajiv Gandhi and once he entered politics, law became incidental to it. While Baig, Chidambaram, Sibal and Khurshid have successfully contested Lok Sabha elections, the rest have been entrants through the Upper House of Parliament. With the exception of Baig, all have been at the national centre stage, although Baig enjoys mass popularity.

Ultimately, the men covered in this book provide examples of lawyer-politicians who have enriched and made a difference in our public life. Their stories are meant to enlighten, inform, and hopefully spur a change in perception. One may agree or disagree with their politics, have an opinion on their choice of cases and clients but one cannot deny their impact. It is my belief that without the contribution of these nine men in both law and politics, the legal political history of India would not be the same.

Drawing up any kind of list is fraught with danger, especially a list of India's foremost lawyer-politicians. I will almost certainly be accused of acts of omissions and commissions, but I have tried to be as thorough as possible in telling stories of men who have played a key role in the seminal cases of our time, shaped the opinion of government, the judiciary, and the public.

Unfortunately, a woman lawyer-politician does not find a place in this final list of nine and there is a fair explanation for this. Though, women have made great strides in law, particularly so in law firms, the nominal number of successful and established women litigators also explains their scant presence in politics. Women law firm partners rarely converge with politics. Certainly, cultural and political components also factor in. While there are some successful politicians - Sushma Swaraj, Mamata Banerjee, and Mayawati - who hold law degrees, they have a negligible legal practice. On the other hand, lawyers such as Flavia Agnes, Meenakshi Lekhi, Pinky Anand, and Indira Jaising have impressive legal careers, but prime political berths still elude them. Jayanthi Natarajan and Pramila Nesargi are examples of women who have been successful in both law and politics, but have largely remained confined to regional spheres. The underrepresentation of women lawyers in Indian politics raises grave concerns. A central criteria in evaluating the health of democracy is evaluating the degree to which all its citizens - men and women - are encouraged, willing to engage in the political system and run for public office. More women in position of power confer a greater sense of political legitimacy to the government; simply by virtue of the fact that it represents the population more fairly. Having said that, it is my earnest hope that the next attempt to chronicle the contribution of lawyer-politicians will have an equal number of men and women as its subjects.


*rajeshsharma1049@gmail.com*


Bill Clinton.


Barack Obama.


Margaret Thatcher.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चिड़ावा में लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की टीम पर हमला किया

## जानलेवा हमला करने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए


सरकारी कैंपर गाड़ी को तस्करों ने टक्कर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

- खेजड़ी की लकड़ियों से भरी पिकअप का पीछा कर रही वन विभाग टीम की सरकारी कैंपर गाड़ी को तस्करों ने बार-बार टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया
- गनीमत रही कि रेंजर सुमन सहित टीम के पांचों सदस्य सुरक्षित, खेजड़ी की लकड़ियों से भरी पिकअप जब्त

**चिड़ावा,** (निसं)। क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने कानून का खौफ ताक पर रखकर ड्यूटी पर तैनात वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। रविवार तड़के करीब 2:30 बजे अवैध खेजड़ी की लकड़ियों से भरी पिकअप का पीछा कर रही टीम की सरकारी कैंपर गाड़ी को तस्करों ने बार-बार टक्कर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि रेंजर सुमन सहित टीम के पांचों सदस्य सुरक्षित हैं।

रेंजर सुमन ने बताया कि टीम रात को सिरसला के पास गश्त पर थी, तभी दो संदिग्ध गाड़ियां गुजरी। टीम ने धंगड़िया गांव तक उनका पीछा किया। तस्करों ने पकड़े जाने के डर से सरकारी गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मारी और भागने का प्रयास किया। पीछा करने के दौरान चौराड़ी के पास जब टीम ने पिकअप को रुकवाया और गाड़ी का दरवाजा खोला, तो तस्कर ने दरवाजा तोड़ते हुए गाड़ी निकाल ली। पचानवासी की ओर मुड़ते समय तस्करों ने वन विभाग की गाड़ी को सामने से टक्कर मारने के लिए बैक लिया, लेकिन ढलान के कारण पिकअप का एक्सेल टूट गया। इसके बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। टीम में रेंजर सुमन के साथ वनपाल सुधीर, मुकेश कुमार, सहायक वनपाल सुशीला रणवा और वनरक्षक प्रकाश शामिल थे। हमले में सरकारी कैंपर गाड़ी एक तरफ से पूरी तरह नष्ट हो गई है। वन विभाग ने मौके से लकड़ियों से भरी पिकअप को जब्त कर लिया है। दोषियों के खिलाफ सूरजगढ़ पुलिस थाने में राजकार्य में बाधा, जानलेवा हमला और अवैध कटाई व परिवहन की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। रेंजर सुमन ने कहा कि अवैध तस्करी के खिलाफ विभाग का अभियान रुकने वाला नहीं है और दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगी

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित पुराना पोस्ट ऑफिस के पीछे राधेश्याम भवन में रविवार को महाशिवरात्रि पर एक भीषण हादसा होने से टल गया। वार्ड निवासी राजू तंवर के

- महाशिवरात्रि पर टला बड़ा हादसा, भाजपा नेता नवहाल और युवाओं की सूझबूझ से कई जिंदगियां बची


चिड़ावा में महाशिवरात्रि पर खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली।

घर में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली, जिससे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। इस संकट की घड़ी में भाजपा नगर उपाध्यक्ष पवन शर्मा नवहाल ने साहस का परिचय देते हुए जलते हुए सिलेंडर को घर से बाहर निकाला और एक बड़े विस्फेट को होने से रोक लिया।

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब तीन बजे घर की महिलाएं शिवरात्रि के व्रत के लिए पकवान तैयार कर रही थी। घर के हॉल में अस्थाई रूप से भट्टी लगाकर खाना बनाया जा रहा था, तभी अचानक गैस रिसाव होने लगा और देखते ही देखते सिलेंडर से तेज लपटें उठने लगी। घर में आग देखकर परिजनों के होश उड़ गए और शोर मच गया। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले भाजपा नगर उपाध्यक्ष पवन शर्मा नवहाल तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए बिना जान की परवाह किए पाइप की सहायता से जलते हुए सिलेंडर को खींचकर घर से बाहर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। इस साहसिक कार्य में भवानी सिंह, आकाश, पंकज, बंटी, सावरमल धाबाई, मनोज शर्मा और संजय शर्मा आदि ने भी सक्रिय रूप से आग बुझाने में सहयोग किया। इन सभी की त्वरित कार्रवाई से आग घर के अन्य हिस्सों में नहीं फैली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। ड्राइवर हरिंद्र कुमार और फायरमैन विकास लामोरिया ने तत्परता दिखाते हुए आग पर पूरी तरह काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते हुई इस सामूहिक कार्रवाई से कोई जनहानि नहीं हुई। मोहल्लेवासियों ने पवन नवहाल और उनके साथियों की बहादुरी की सराहना की है।

# सीमेंट से भरे ट्रेलर में आग लगी


भुसावर एवं नदबई से पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया।

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। थाना भुसावर के गांव बझेरा खुर्द सिरस में सीमेंट के कट्टे लेकर आ रहे ट्रेलर में अचानक आग लग गई। आग से ट्रेलर पूरी तरह खाक हो गया। थाना भुसावर के एएसआई ऐदल सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही थानाधिकारी रामदयाल मीणा के साथ मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी, जहां भुसावर एवं नदबई से पहुंची दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन आग से पूरा ट्रेलर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि गांव में बनने वाली सड़क के लिए नसीराबाद निवासी ट्रेलर चालक गणेश पुत्र शिवराम निम्बाहेडा से सीमेंट भरकर आया था। जहां अचानक आग लग गई और घटना घटित हो गयी।

# 3.65 लाख रूपये चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## कृषि मंडी इलाके में हुई थी चोरी

- चोरी के मामले में शराब दुकान के सैल्समैन को गिरफ्तार किया

**उदयपुर,** (का.स.)। उदयपुर की हिरण मगरी थाना पुलिस ने कृषि मंडी के सामने हुई चोरी के मामले में शराब दुकान पर काम करने वाले सैल्समैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर से चोरी किए 3.65 लाख रुपए बरामद किए हैं।

थानाधिकारी रविन्द्र सिंह चारण ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले गए। जिसके बाद संदिग्ध का पता किया। आरोपी शिवम पुत्र नागेन्द्र शाह निवासी मलीपुर थाना जिला चेनारी रोहतास बिहार हाल गायरियावास उदयपुर को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थी मदनलाल चौधरी निवासी झरनों की सराय देबारी हाल सैल्समेन अंग्रेजी शराब की दुकान ने रिपोर्ट पेश की थी। इसमें बताया कि 13 फरवरी को रात 10.15 बजे वह बिक्री के 3.65 लाख रुपए का कलेक्शन लेकर स्कूटी से ठेके पर किसी काम से जा रहा था। पैसे स्कूटी की डिक्की में रखे हुए थे। साथ में अन्य सैल्समैन शिवम भी था। स्कूटी खडी कर काम से ठेके पर गए और वापस लौटे तब डिक्की में रखी राशि गायब मिली। सभी को अज्ञात चोरी द्वारा चोरी किए जाने का अंदेशा था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता लगा कि दूसरे सैल्समेन शिवम ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# अलवर में बिजली का तार टूटने से 50 मवेशियों की मौत

## बिजली लाइन का तार टूटकर बकरियों के बाड़े में गिरने से हादसा हुआ

- पीड़ित को 10 लाख का नुकसान हुआ

**अलवर,** (निसं)। अलवर में महुआ के पास मोरेड़ा गांव में रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बिजली लाइन का तार टूटकर बकरियों के बाड़े में गिर गया, जिससे 50 बकरे-बकरियों (मवेशी) की मौत हो गई। हादसे में पशुपालक को करीब 10 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के एक घंटे बाद तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा। सरपंच ने पशुपालक इलियास पुत्र फुलू को ढांढस बंधाया। दोपहर करीब बारह बजे पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया।

पशुपालक ने बताया कि सुबह करीब साढ़े दा बजे बिजली का तार टूटा है, जो बाड़े के ऊपर से गुजर रहा था। तार टूटकर बकरियों पर गिर गया, जिससे मौके पर ही 50 बकरे-बकरियां मर गई। इलियास ने कहा कि बिजली लाइन का तार टूटने से करीब 10 से 15 मिनट पहले ही उसकी पत्नी, साला और बच्चे बाड़े में बकरे-बकरियों को चारा डालकर निकले थे। यदि वे वहां कुछ देर और रुकते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सरपंच इमरान ने बताया कि बिजलीकर्मियों की लापरवाही से पशुपालक को लाखों का नुकसान हुआ है। सरपंच ने मांग की कि पशुपालक को मुआवजा मिलना चाहिए। इसके अलावा यहां से निकल रही बिजली की लाइन को तुरंत पूरी तरह दुरुस्त किया जाए, ताकि आगे कोई हादसा नहीं हो। सरपंच ने कहा कि तीन महीने पहले भी बिजली का तार टूट गया था। तब हादसा होने से बच गया था, लेकिन बिजलीकर्मियों ने जब लाइन को दुरस्त किया तो काम ढंग से नहीं किया। सालों पुराने तारों को नहीं बदला गया, जिसके कारण अब वापस तार टूट गया। इससे पहले भी तार टूटने की घटना हो चुकी है।

# एकलिंगनाथजी के दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालु

**उदयपुर,** (का.स.)। महाशिवरात्रि पर्व पर उदयपुर के शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। भोलेनाथ की अराधना के लिए भक्त डीजे की धुनों पर नाचते-गाते मंदिर पहुंचे।

जय महादेव के जयकारो से अरावली की उपत्यकाएं गूंज उठी। उदयपुर के महाकाल मंदिर में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लग गए। उदयपुर-नाथद्वारा रूट पर कैलाशपुरी में भगवान एकलिंगनाथ के दर्शन के लिए मंदिर के मुख्य गेट से 500 मीटर से ज्यादा लंबी लाइनें लगी। वहीं शहर के गुप्तेश्वर महादेव और झामेश्वर महादेव मंदिर में भी लोग दर्शनों के लिए पहुंचे।

# आंखों में मिर्च डालकर लूट करने वाली गैंग का खुलासा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत करेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 9 फरवरी को वृद्ध महिला के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया है। पुलिस ने लूटे गए सोने के जेवरात और वारदात में प्रयुक्त मारुति कार भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार 9 फरवरी को अमरपुरा निवासी 65 वर्षीय घीसी देवी अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से खेत पर जा रही थी। दोपहर करीब 12 बजे एक सफेद रंग की मारुति कार ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। जैसे ही वे नीचे गिरे, कार सवार बदमाशों ने वृद्धा की आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और उनके पहने हुए सोने की नथ व बाली (वजन करीब डेढ़ तोला) लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी पुरण मल मीणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के रास्तों के फुटेज खंगाले गए। संदिग्ध मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया गया। पुराने अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने श्रवण लाल बलाई (36) निवासी आमदला को गिरफ्तार किया और उसके साथ शामिल एक नाबालिग को निरुद्ध किया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी पूरण मल मीणा के साथ कांस्टेबल भगवान और प्रदीप कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में कांस्टेबल पुखापुरी और संजय भी शामिल थे।पुलिस अब पकड़े गए आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# श्वान के हमले से घायल हुई बालिका के मामले में कार्रवाई की मांग

**बूंदी,** (निसं)। तालेड़ा क्षेत्र के सीतापुरा स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में बरूंधन में 12 फरवरी को कक्षा 4 की छात्रा तृप्ति सेन (9) पर स्ट्रीट डॉग द्वारा किए गए हमले को लेकर रविवार

- विद्यालय प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की
- विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही से बालिका के शरीर में 20 से ज्यादा घाव हुए थे

को भाजपा पूर्व जिला प्रवक्ता नेता अनिल जैन तालेड़ा की अगुवाई में छात्रा के पिता नरेश सेन ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ संस्था प्रधान एवं स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर तालेड़ा थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज को परिवाद दिया है।


भाजपा नेता अनिल जैन तालेड़ा एवं छात्र के पिता नरेश सेन सहित लोगों ने तालेड़ा थानाधिकारी को संस्था प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का परिवाद दिया।

इस दौरान स्थानीय ग्रामीण हरिशंकर मीणा मुकेश सेन, कुलदीप मीणा, गजेंद्र मीणा, मनीष मीणा, सोनू मीणा आदि मौजूद रहे। भाजपा नेता अनिल जैन तालेड़ा ने कहा कि बालिका के साथ हुई घटना पूरी तरीके से विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही के कारण हुई है यदि विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही नहीं होती तो आज बालिका की यह हालत नहीं होती। दो दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा नेता अनिल जैन तालेड़ा ने कहा कि घटनाक्रम साफ-साफ विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही का दिख रहा है लेकिन दो दिन बाद भी अभी तक किसी पर भी कार्रवाई नहीं करके लापरवाह कार्मिकों का बचाव किया जा रहा है यदि दो दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जालोर : वाणिज्यिक भूखण्डों की निलामी टलने से नहीं हो रहा विकास

- जालोर बस स्टैण्ड के पास नगर परिषद ने शुरु की वाणिज्यिक भूखण्डों की निलामी, वहीं हर बार होती रही है नीलामी निरस्त

**जालोर,** (कासं)। जालोर नगर परिषद की उदासीनता के चलते नया बस स्टैण्ड के पास वाणिज्यिक भूखण्डों की निलामी बार-बार टालने से क्षेत्र का विकास नहीं हो रहा है। वहीं दो बार ऑनलाइन नीलामी की विज्ञप्ति जारी कर आवेदन लिये तथा धरोहर राशि जमा करने के दो माह बाद नीलामी स्थगित कर दी गई, लेकिन इस बार फिर नगरपरिषद ने चुनाव से कुछ समय पूर्व उक्त भूखण्डों की निलामी को लेकर ऑनलाइन विज्ञप्ति जारी की है, जिसकी अंतिम तारीख 22 फरवरी रखी गई है। वहीं इस बार निलामी को लेकर पोस्टर लगाकर प्रचार किया जा रहा है। ऐसे में बार-बार निलामी स्थगित होने से क्षेत्र का विकास पर नहीं हो रहा है।

जालोर के नया बस स्टैंड के पास में नगरपरिषद द्वारा वाणिज्यिक मार्केट विकसित करने 2005 तत्कालीन जिला कलैक्टर कर्णसिंह राठौड़ ने नया बस स्टैंड के पास में पड़ी गंदगी व गंदा पानी भरा हुए देखते हुए वाणिज्यिक मार्केट बनाने का फैसला लिया गया था, लेकिन नगर परिषद की उदासीनता के चलते 8 साल तक कोई रूपरेखा तैयार नहीं हुई। इसके बाद नगरपरिषद ने इस क्षेत्र को वाणिज्यिक मार्केट योजना का नाम भी दिया गया और 2013 में प्रथम बार नीलामी की बोलियां बोली गई। लेकिन नगर परिषद ने जब भी अपनी जेब भरने के लिए पैसे की आवश्यकता हुई, उस दौरान इस भूखण्ड की निलामी लगाई। तत्कालीन आयुक्त शंकरलाल गहलोत ने मुख्य रोड की सभी दुकानें निलामी से बेचान कर दी। इसके बाद आज दिन तक कई बार नगर परिषद जालोर के द्वारा ऑनलाइन ई ऑप्शन 2013 से कई बार आईडीएसएमटी योजना व्यावसायिक भूखंड ब्लॉक बस स्टैंड के पास में जीपीएफ कार्यालय के पास में लगभग 12 साल से नाटकीकरण चल रहा है। 2013, 2016, 2018, 2021 2023 व 2025 फरवरी में निलामी रखी गई। लेकिन नगरपरिषद को अपनी इच्छा अनुसार राशि नहीं मिलने पर निलामी निरस्त कर दी गई। वहीं गत वर्ष से लगातार निलामी निरस्त कर धरोहर राशि दो से अधिक माह बाद लौटा दी जाती है। निलामी निरस्त करने का कारण पता करने पर नगर परिषद का जवाब आता है कि पर्याप्त बोली नहीं आई, जबकि ऑनलाइन ऑप्शन में नगर परिषद की बोली के ऊपर अगर पचास हजार रुपये से भी ऊपर हो तो दुकान फाइनल करनी चाहिए, लेकिन नगरपरिषद द्वारा ऑप्शन राशि से अधिक राशि आने के बाद बोलीदाता को दुकान का आवंटन नहीं किया जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में व्यावसायिक भूखण्ड फाइनल नहीं होने की वजह से दुकानों का निर्माण नहीं हो रहा है, जिसके चलते जगह-जगह गंदगी की पड़ी हुई है। इस बार 12 फरवरी से नगरपरिषद निलामी को लेकर खासा प्रचार प्रसार कर रही है। इसके लिए आवेदक 22 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निलामी में दुकान लोगों को दी गई तो यह क्षेत्र एक मार्केट रुप में विकसित होने के साथ जालोर शहर के लिए विकास का एक बड़ा कदम होगा। लेकिन हमेशा की तरह यदि इस बार भी निलामी निरस्त हो गई तो भविष्य में यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर हो जायेगा।

नगरपरिषद के प्रशासक व जिला परिषद के सीईओ नंदकिशोर राजौरा ने बताया कि हमेशा निलामी में एक ही बोलीदाता आने से भूखण्ड का आवंटन नहीं किया गया है। इस बार निलामी को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा मौके पर ही निलामी की जाकर इस बार भूखण्ड का आवंटन किया जायेगा।

नगरपरिषद के ईओ दिलीप माथुर ने बताया कि आवेदकों से निलामी को लेकर आवेदन मांगे गये हैं। हमेशा की तरह इस बार निलामी निरस्त नहीं होगी तथा पर्याप्त बोली लगने पर भूखण्ड का आवंटन किया जायेगा। नगरपरिषद भी चाहता है कि भूखण्ड का आवंटन हो, ताकि क्षेत्र विकसित हो सके।

रियल एस्टेट सेवा समिति जालोर के कोषाध्यक्ष फूलाराम ने बताया कि नया बस स्टैण्ड के पास नगरपरिषद द्वारा बार-बार निलामी को लेकर विज्ञप्ति जारी कर बोलीदाता से धरोहर राशि ली जाती है तथा बिना किसी उचित कारण निलामी निरस्त कर दी जाती है, इस बार निलामी निरस्त हुई क्षेत्र का विकास रुक जायेगा। इस क्षेत्र के विकास के लिए इस बार निलामी निरस्त नहीं होनी चाहिए तथा भूखण्ड का आवंटन बोलीदाता को देने से शहर का विकास होगा।

# बर्ड विलेज मेनार में दो दिवसीय मेवाड़ हेरिटेज फेस्टिवल शुरू

## पक्षियों को बचाने के ग्रामीणों के जज्बे की तरीफ की

- फेस्टिवल में कुदरत और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है

**उदयपुर,** (का.सं.)। बर्ड विलेज मेनार में इनक्रेडिबल इंडिया और इथेरियल सर्किट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मेवाड़ हेरिटेज फेस्टिवल का शुभारंभ रविवार को निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने किया। उन्होंने यहां के तालाब और पक्षियों के बीच समय बिताया और ग्रामीणों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि फेस्टिवल में कुदरत और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कहा कि मेनार के लोगों ने पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जो काम किया है वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। ग्रामीणों का अपनी प्रकृति के प्रति यह समर्पण और जागरूकता वाकई काबिले तारीफ है। उन्होंने धंड तालाब पर पक्षियों को निहारा और मृदेश्वर महादेव के दर्शन भी किए। फेस्टिवल के पहले दिन परिसर में 19 अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। यहां आने वाले लोगों के लिए बहुत कुछ खास था। बस्सी की प्रसिद्ध कावड कला से लेकर मोलेला के टेराकोटा (मिटी शिल्प) तक हर स्टॉल अपनी कहानी कह रहा था। इसके अलावा ट्राइबल आर्ट, ब्लॉक प्रिंटिंग, हैंड एम्ब्रॉयडरी और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी की प्रदर्शनी ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में उन लोगों को खास तौर पर सम्मानित किया गया जो सालों से खामोशी के साथ पक्षियों की सेवा कर रहे हैं। पक्षी मित्र धर्मेंद्र मेनारिया, नितेश लोहार, कीर्ति जोशी और तिरुपति मेरावत को मोमेंटो देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। साथ ही, दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने वाली हर्षमीता मेनारिया, खुशी मेनारिया और किशन गुर्जर का भी सम्मान हुआ।

फेस्टिवल के दूसरे दिन सोमवार की शुरुआत श्मैराथन फॉर वेटलैंडश् के साथ होगी। इसका मकसद लोगों को अपनी जल संरचनाओं के प्रति जागरूक करना है। इसके बाद गांव के बुजुर्गों और विशेषज्ञों के बीच संवाद होगा। हेरिटेज वॉक के जरिए लोग गांव की पुरानी गलियों और धरोहरों को करीब से देख सकेंगे। बच्चों के लिए कहानी सुनाने का भी एक खास सत्र रखा गया हैए ताकि वे अपनी संस्कृति से जुड़ सके। इस अवसर पर डीएफओ अजय चित्तौड़ा, राहुल भटनागर, गौरव सिंघवी, डॉ. सतीश शर्मा और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### लगभग 5 किलो डोडा पोस्त छिलके के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में निवाई पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। निवाई थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस टीम ने गोविन्दपुरा से खणदेवत रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर कार्यवाही करते हुए मुमताज कुरैशी निवासी मस्जिद के सामने, रेलवे स्टेशन रोड, निवाई और मुकेश रैगर निवासी ढींग की ढाणी, कच्ची बस्ती, खणदेवत रोड, निवाई के कब्जे से 4 किलो 900 ग्राम डोडा पोस्त छिलका बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बनेठा थाने के दो कॉन्स्टेबल लाइन हाजिर

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बनेठा थाने के दो कॉन्स्टेबलों को लाइन हाजिर कर दिया। विभागीय स्तर पर इन्हे ड्यूटी में लापरवाही की कार्यवाही बताया जा रहा है। जबकि स्थानीय स्तर पर मामला अवैध बजरी खनन और परिवहन से जुड़ी सांठ-गांठ की शिकायतों से जोड़कर देखा जा रहा है। एसपी ने मामले को गंभीर मानते हुए दोनों के खिलाफ जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कॉन्स्टेबल ड्राइवर नरेन्द्र सिंह राजपूत और कॉन्स्टेबल विक्रम सिंह मीणा को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण लाइन हाजिर किया गया है। दोनों के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। वही अन्य जानकारी के असार कुछ दिन पहले बनेठा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली को बजरी से भरा दिखाकर मुकदमा दर्ज कर लिया था, पीड़ित ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। हालांकि शिकायतकर्ता के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज होने के बाद वह फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

### आरोग्य मेले में उमड़ा जन सैलाब

**टोंक।** मुख्यालय स्थित गांधी खेल मैदान में राजस्थान सरकार व आयुर्वेद विभाग द्वारा चल रहे चार दिवसीय आरोग्य मेले में रविवार के तीसरे दिन अपार जनसमूह ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मेले में आयुर्वेद चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, होम्योपैथी व सिद्धा द्वारा लोगों की चिकित्सा व परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर आज इंडियन मेडिसिन बोर्ड के भूतपूर्व रजिस्ट्रार कमल चंद शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय आयुर्वेद कॉलेज जयपुर ने आयुर्वेद में औषधि सेवन काल के महत्व पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रोग का एक नियत सेवन काल होता है यदि उसके अनुसार दवाइयों का प्रयोग किया जाए तो लाभ अधिकाधिक मिलता है। मेले के तीसरे दिन आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न उपक्रमों द्वारा जनसाधारण को लाभान्वित किया गया। पंचकर्म चिकित्सा में सेवाएं दे रहे डॉ. मयंक मीना ने बताया कि स्नेहन, स्वेदन,जानुबस्ति, कटी बस्ती द्वारा 50 से अधिक लोगों को वात व्याधियों से लाभ प्रदान किया गया। अग्निकर्म व विद्धकर्म व जलौका अवचारण द्वारा भी लोग लाभान्वित हुए। इस आयुष मेले में औषधीय पादप प्रदर्शनी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रदर्शनी, व निशुल्क क्वाथ वितरण व मेले का भ्रमण, आयुर्वेद व देशी चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जानने व समझने के लिए लगभग 10 हजार 500 लोगों ने शिरकत की । मेला प्रभारी प्रमोद जोनवाल व मीडिया प्रवक्ता डॉ धर्मराज मीणा ने बताया कि आयुर्वेद के विभिन्न स्टॉल जैसे स्त्री रोग, क्षारसूत्र, अग्निकर्म, जराव्याधि, बालरोग, त्वचा रोग, आदि पर लोगों की भीड़ रही । उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग टोंक रामसहाय बैरवा ने बताया कि होम्योपैथी ,यूनानी व सिद्धा पद्धतियों के काउंटर्स पर भी लोगों का हुजूम रहा,इनके द्वारा लगभग 1780 लोगों की चिकित्सा प्रदान की गई।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# 'विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी'

**कोटपूतली।** विधायक हंसराज पटेल रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पवाना अहीर के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया। इस मौके पर पटेल ने सामुदायिक भवन निर्माण, खेल मैदान विकास कार्य, अहीर समाज श्मशान भूमि चार दीवारी निर्माण, एससी समाज श्मशान भूमि चार दीवारी व चबूतरा निर्माण, दिलीप सिंह (उपसरपंच) के मकान की ओर सड़क

- हंसराज पटेल रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पवाना अहीर के दौरे पर रहें।

निर्माण व मुख्य सड़क से कानाराम खटीक के मकान की ओर सड़क निर्माण एवं ग्यारसी लाल नायक के मकान से मामचन्द नायक के मकान की ओर सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

इस मौके पर विधायक पटेल ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये कहा कि विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी ।



विधायक हंसराज पटेल ने ग्राम पंचायत पवाना अहीर में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि विकास ही हमारी पहचान है एवं जनसेवा ही हमारा धर्म। पटेल ने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्रामवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हमारा उद्देश्य है कि गांव का प्रत्येक नागरिक बेहतर सुविधाओं से जुड़ा रहे और विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि नवीन सड़क के निर्माण से आमजन को सुगम, सुरक्षित और आसान आवागमन की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, मजबूत आधारभूत ढ़ांचे और आमजन की सुविधा के लिये हम दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर कार्यरत हैं। पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें ही विकास का माध्यम हैं, जो कि प्रगति की पहली सीढ़ी होती हैं। इनके निर्माण से हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी व जन जीवन को नई गति मिलेगी।

## 'दहेज प्रथा, नशा जैसी सामाजिक बुराईयों को खत्म कर रहे हैं'

**चूरू, (कासं)।** सरकारें करोड़ों रुपए खर्च करके जिन सामाजिक बुराइयों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है, दहेज प्रथा, नशा जैसी उन सामाजिक बुराइयों को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के प्रवचन खत्म कर रहे हैं। यही कारण रहा कि 39वें बोध दिवस पर रविवार को भिवानी के सत लोक आश्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। सत लोक आश्रम में उमडा आस्था का सैलाब इस बात का गवाह है। यहां संत गरीबदास महाराज की अमरवाणी का अखंड पाठ किया गया। इस मौके पर चूरू से आए कमल सुंडा ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सोमवार को द्वितीय दिवस बिना दहेज के सामूहिक विवाह होंगे। यहां युवक युवती और उनके माता पिता की सहमति से बिना किसी दहेज और तडक भडक के विवाह किए जाते हैं। संत रामपाल महाराज के विचार समाज को नई दिशा देने वाले हैं। संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से लाखों लोग नशे की लत छोड़ चुके हैं। इससे कई घर उजड़ने से बच गए हैं। घरों में शांति हो गई है। श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां आने से मन की अशांति दूर हो जाती है। यहां आने वाले लोग निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। तभी तो व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं दिखी।

## रामचरण महाराज की जयंती महोत्सव मनाई

**टोंक।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा टोंक के तत्वावधान में रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक संत शिरोमणी स्वामी रामचरण महाराज की 307वीं जयंती महोत्सव पुरानी टोंक स्थित रामद्वारा में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रामद्वारा के संत कोमलराम महाराज एवं रामनिवास महाराज द्वारा वाणी का पठन कर स्वामी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

स्थानीय अध्यक्ष रमेश कुमार विजयवर्गीय मुल्तानी मेहन्दवास, महामंत्री राजेन्द्र विजयवर्गीय डारडा एवं मीडिया प्रभारी अनिल विजयवर्गीय ने बताया शिरोमणी संत कोमलराम महाराज एवं रामनिवास महाराज के सानिध्य में आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में रामस्नेही सम्प्रदाय के संत शिरोमणी स्वामी रामचरण महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि संत शिरोमणी रामचरण महाराज ने आज से करीब पौने तीन सौ साल पहले रामस्नेही संप्रदाय की स्थापना की थी। वह निर्गुध भक्ति शाखा के संत भी थे।

# सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति ने की प्रतियोगिता आयोजित

**अलवर।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति (रजि.) अलवर के तत्वाधान में रविवार को प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास, अलवर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सहसंयोजक एवं प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शकुन्तला सैनी चेयरमैन नगर पालिका रामगढ़, एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ. मोनिका सैनी ग्राम विकास अधिकारी, अनिता सैनी, डॉ. अलीशा सैनी, समाज सेविका चित्रा सैनी, अध्यापिका ज्योति सैनी, एडवोकेट सीमा सैनी ने कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्पांजली एवं माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन कर की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सैनी (धारा भाई) ने की। इस अवसर पर

- कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में 134, मैहन्दी प्रतियोगिता में 96 व रंगोली प्रतियोगिता में 90 प्रतिभागियों सहित कुल 320 प्रतिभागियों ने भाग।

फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में महिला एवं बालिकाओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, माता सावित्री बाई फूले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले, पुलिस आफिसर, वायू सैना अधिकारी, भारत माता, शिव शंकर, कृष्ण कन्हैया सहित राजस्थानी परिधानों में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मैहन्दी सहित रंगोली प्रतियोगिता में भी बालिकाओं ने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, जल ही जीवन है, शिक्षित महिला विकसित समाज का संदेश देते हुए सुन्दर रंगोली बनाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को भी आगे आकर राष्ट्र एवं समाज के कार्यों में भागेदारी निभानी चाहिये, उन्नत समाज में शिक्षित बेटी एवं बहुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभाओं को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है।

आज आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहित कुल 33 लक्की ड्रॉ कुपन के विजेताओं को दिनांक 19 फरवरी 2026 गुरूवार फुलेरादोज को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में दोपहर 12:30 बजे प्याज मण्डी परिसर अलवर में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जावेगा। मंच संचालन मास्टर लक्ष्मण सिंह सैनी ने किया।

## निकला नगर कीर्तन, दर्शनों को उमड़ी संगत

**अलवर।** मनुमार्ग गुरुद्वारे में आयोजित किए जा रहे गुरुमुख सम्मेलन के तीन दिवसीय मुख्य आयोजनों की शुरुआत रविवार से हुई। इसके तहत गुरुद्वारा सुखधाम में सुबह आसा दी वार का पाठ हुआ। इसके बाद यहां से नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में संगत दर्शनों के लिए उमड़ी। रास्ते में जगह जगह पर स्वागत हुआ। इस दौरान नगर कीर्तन के आगे पुष्प वर्षा की गई। संगत की ओर से जगह जगह पर प्रसाद वितरण किया गया। संगत में शामिल पुरुषों ने पीली टोपियां व महिलाओं ने पीली चुन्रियां पहनी हुई थी। इससे मार्ग पर केसरिया रंग ही नजर आ रहा था इससे माहौल भक्तिमय हो गया। इसी के साथ ही मनुमार्ग गुरुद्वारा में 48 घंटे का कीर्तन प्रारंभ हो गया। सम्मेलन के तहत 17 फरवरी को आनंद कारज में जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया जाएगा।इसी के साथ ही 102 वें गुरुमुख सम्मेलन का समापन हो जाएगा। सम्मेलन में देश भर से संगत शामिल हो रही है। गुरुद्वारे के बाहर दुकानें सजी हुई है, जहां खरीदीरी की भीड़ उमड़ रही है। इससे मेले जैसा माहौल बना हुआ है।

# पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**पावटा।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में पावटा कस्बा स्थित घंटाघर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार ओला,

- श्रद्धांजलि सभा के दौरान दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों को याद किया

चंद्रमोहन सैन, सुनील बोहरा, दामोदर शर्मा, नरेंद्र गौड, सुनील गौड़, दीपक शर्मा, योगेश जागीरदार, बालकृष्ण योगी, कमलेश यादव, बलदेव सिंह, अग्रवाल समाज कोषाध्यक्ष अमित पंसारी व महामंत्री यतीश बंसल, युवा



पुलवामा शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में पावटा कस्बा स्थित घंटाघर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया ।

नेता ओपी बायला, रामशरण बोहरा, नेतराम कुमावत सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया।

वक्ताओं ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को हुए इस कायराना हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका त्याग और समर्पण देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की जय और शहीद अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा।

## भरतपुर में भाजपा ने की संगठनात्मक बैठक

**भरतपुर ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भरतपुर पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा की अध्यक्षता में एक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल रहे।

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के भरतपुर आगमन को लेकर बैठक में संगठनात्मक चर्चा की व संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर गहन चर्चा की गई।

नरेश बंसल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे पूर्ण समर्पण, अनुशासन और सेवा भाव के साथ जनता के बीच जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं।

- बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर गहन चर्चा की

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रज्जन महुआ, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा एवं जगत गुर्जर,जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी, कार्यालय सह प्रभारी वीरेंद्र गुर्जर, जिला सहसंयोजक आईटी विभाग सुनील सहनावली, विधानसभा प्रवासी भूपेंद्र चौधरी, सोशल मीडिया सह संयोजक सौरभ शर्मा, पूर्व जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपू पंडित, मंडल महामंत्री राजेश मौरोली, पुष्पेंद्र मौरौली, जय किशन दीक्षित, पंकज शर्मा, अभय गुर्जर, कन्हैया जादौ आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर किशनगढ़ बास में भक्ति का उल्लास, शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा

**किशनगढ़ बास।** नगर पालिका क्षेत्र के अहमदबास मोहल्ले में स्थित शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु महिला-पुरुष और बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने भोले शंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर शिव सेवा समिति के तत्वावधान में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य झांकी निकाली गई। झांकी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजारों से गुजरती हुई पुनः मंदिर पहुंची। झांकी में भोले शंकर का सजीव नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु झांकी के साथ चलते हुए भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।शहर के अन्य शिव



शिव सेवा समिति के तत्वावधान में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य झांकी निकाली गई।

मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, गाजर, बेर और सींगाड़े अर्पित किए। गाजर और सिंहाड़े से बने हलवे का भोग लगाया गया।

भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मनोकामनाएं मांगीं।बीती रात्रि विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन का

- अहमदबास मोहल्ले के शिव मंदिर से निकली भव्य झांकी, ढोल-नगाड़ों के बीच गूंजा हर-हर महादेव
- भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मनोकामनाएं मांगीं।बीती रात्रि विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ

आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने देर रात तक भगवान शिव का गुणगान किया। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण भी किया गया। पूरे नगर में महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

## सार-समाचार

### फागोत्सव में बही भक्ति की सरिता

**रतनगढ़ (निसं)।** सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी श्यामजी मंदिर प्रांगण में विगत रात्रि द्वादशी मासिक श्याम भजन संध्या के अंतर्गत भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। श्री श्याम मोरछडी दीवाने परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ संजय मुरारका सपत्नीक द्वारा ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात भजनों की स्वर लहरियों ने वातावरण को पूर्णतः श्याममय कर दिया। गायक एस.पी. वर्मा, संजय मुरारका, सुशीला बंशीवाल, अंकिता बंशीवाल, नवरतन बबेरवाल, शैलेन्द्र त्रिवेदी, बलबीर स्वामी, बालकिशन धरड एवं सूरज पारीक सहित अन्य भजन गायकों ने मनोहारी प्रस्तुतियां दी, जिन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।कीर्तन के मध्य बाबा श्याम के जयकारों के साथ चंग-धमाल, अबीर-गुलाल और फूलों की होली ने समूचे परिसर को ब्रज जैसा आनंदमय बना दिया। पुजारी राकेश इन्दोरिया व गोपीकिशन इन्दोरिया ने पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और श्याम रंग में सराबोर हो गए। फागोत्सव के इस भव्य आयोजन में शुशील इन्दोरिया, धनराज इन्दोरिया, मनोज इन्दोरिया, नीलेश इन्दोरिया, निखिल इन्दोरिया, रवि इन्दोरिया, अजय इन्दोरिया, जसकरण चौधरी, अभिषेक भार्गव, अरुण चौधरी, बालकिशन भार्गव, बालकिशन जोशी, सुशील स्वामी, विष्णु धर्ड, गणेश चौधरी, गोविन्द सिंधी, नंदकिशोर धरड, चंद्रप्रकाश सैनी, सीताराम प्रजापत, कमल शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### समझाईश के बाद फिर से साथ रहने के लिए तैयार हुए पति-पत्नि

**सीकर (निसं)।** पति पत्नियों में आपसी मनमुटाव के पर वह एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस थाने पहुंच जाते हैं सीकर महिला थाना पुलिस ऐसे मामलों में लगातार काउंसलिंग करके उन्हें फिर से साथ-साथ रहने को तैयार करने में जुटा है महिला थाना अधिकारी मुनेशी मीणा ने पिछले 1 साल से अलग-अलग रह रहे दो परिवारों को समझाईश के बाद फिर से साथ रहने के लिए तैयार किया है थानाधिकारी मीणा ने बताया कि पीड़िता ममता पत्नी दीपक तथा मनीषा पत्नी चिरंजी लाल निवासी दातारामगढ़ हाल निवास खटीकन प्याऊ जगमालपुरा रोड के आपस में 1 साल से आपसी विवाद चल रहा था जिनका काउंसलिंग के जरिए फिर से घर बसा दिया समझाइश के बाद पीड़िता ममता व मनीषा ने महिला थाना अधिकारी मुनेशी मीणा का आभार जताया है।

### वरिष्ठ विशेषज्ञ पदोन्नित पर डॉ. कस्वां का सम्मान

**रतनगढ़ (निसं)।** राजकीय जालान अस्पताल में कार्यरत डॉ. सुखवीर कस्वां के सर्जरी विभाग में वरिष्ठ विशेषज्ञ पद पर पदोन्नत होने पर रोडवेज बस स्टैंड के व्यापारियों ने उनका सम्मान किया। व्यापारियों ने दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता भीमराज भोभरिया, रामचंद्र मेघवाल, विनोद जांगिड़ व यज्ञदत्त जोशी सहित अन्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कस्वां ने अपनी सेवा भावना व कुशल कार्यशैली से क्षेत्रवासियों का विश्वास जीता है। उनकी पदोन्नित से अस्पताल को और बेहतर सेवाएं देने में मजबूती मिलेगी।डॉ. कस्वां ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समर्पित भाव से सेवा देने का संकल्प दोहराया।

### महाशिवरात्रि पर्व आस्था के साथ मनाया

**बीदासर (निस)**कस्बे में रविवार को महा शिवरात्रि का पर्व भक्ति व आस्था के साथ मनाया गया। प्रातः से ही कस्बे के शिव मंदिरों में शिव भक्तो का तांता लगा रहा। शिव भक्तो ने भगवान शिव को रिझाने में कोई कसर नही छोडी। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शिवालय, भूतनाथ महादेव मंदिर, बाबा भोलेनाथ अखाड़ा शिवालय, बैरी चौक स्थित हनुमान मंदिर शिवालय में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को आक, धतूरा, बैल पत्र, दुग्ध, दही, शहद, इत्र आदि चढ़ाकर शिव को रिझाया। दिनभर मंदिरों में हर हर महादेव के नारे गुंजते रहे। श्रद्धालुओं ने महा शिवरात्रि के उपलक्ष में उपवास रखा। वही भूतनाथ महादेव मंदिर में महादेव का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया।

### विवादित भूमि को कुर्क किया

**तारानगर (निसं)।** तारानगर के सरदारशहर रोड पर करणपूरा गाँव की तरफ जाने वाले रास्ते पर खसरा नंबर 875/423 व 874/423 की कुल 12 बीघा भूमि पर न्यायालय संभागीय आयुक्त के आदेश पर तारानगर पुलिस ने जमीन को रिसीवर नियुक्त (कुर्क) किया गया है। जिसका प्रभारी तारानगर थानाधिकारी को नियुक्त किया गया है। उक्त भूमि को न्यायालय ने विवादित मानते हुए उक्त आदेश जारी किया है। जिसको लेकर पुलिस ने उक्त भूमि पर थानाधिकारी द्वारा रिसीवरी बोर्ड लगाया गया एवं जमीन को कुर्क कर दिया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि उक्त भूमि पर कोई निर्माण व दखल अंदाजी न करें अंदर जाने पर दंडनीय अपराध है।

### सबका साथ सबका विकास पर विशेष ध्यान दिया- निर्मल सूरा

**अलवर।** भामडाका गांव स्थान शिव मंदिर मंडल गैलपुर तिजारा जिला अलवर उत्तर मे ओबीसी मोर्चा द्वारा केंद्रीय एवं राज्य बजट 2026 श्रमिक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम प्रभारी निर्मल प्रकाश सूरा, हर्ष यादव पूर्व जिला महामंत्री, अनूप यादव जिला महामंत्री, कंचन तिवाड़ी जिला मंत्री,, नानक राठौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाहू एवं तेलिक समाज,सलोना यादव, मीडिया प्रभारी,सतपाल प्रजापत जिलाध्यक्ष, प्रजापत समाज अनिल सैनी पार्षद, अमर सिंह अध्यक्ष किसान मोर्चा आदि ने प्रभु राम की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया.मंच संचालक कुलदीप यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष ने किया ग्राम भामडाका से डा कैलाश योद्धा,देशराज योद्धा, जंग बहादुर, देवेंद्र शर्मा, करण सिंह, ललतेश यादव वेद प्रकाश, अमर सिंह ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया. ग्राम महिलाओ ने कंचन तिवाड़ी, एवं सलोना मिडिया प्रभारी, मौसम शर्मा का शाल पहनाकर एवं मालाओ से स्वागत किया।

## कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

**झुंझुनूं, (निसं)।** धर्मप्रेमी विनोद कुमार पुजारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा का आयोजन श्रीहनुमान मंदिर डिफेंस स्कूल के पीछे न्यू कॉलोनी के पास से कथा स्थल विवेक नगर तक किया गया। जिसमें गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त बडी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। श्रीमद्भागवत कथा में व्यासपीठ से कथा मर्मज्ञ संतश्री हरिशरण जी महाराज ने कथा के प्रथम दिवस पर श्रीमद्भागवत कथा का महात्तम बताते हुए विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से विवेचन किया। इस अवसर पर उनके द्वारा गाए गए भजनों पर श्रोता भक्तों ने नाचकर गाकर खुशियां मनाई। कथा के मुख्य आयोजक विनोद कुमार पुजारी ने बताया कि झुंझुनूं के भगवत प्रेमी व दूर दूर से आ रहे परिवार के स्वजन व रिश्तेदारो ने कथा सत्संग का आनंद लिया। कथा सत्संग में आनंद लेने व व्यवस्था बनाने में श्रोताओं में दिनेश ढंढारिया, कुंदन सिंगड़ोदिया, कुंजबिहारी वशिष्ठ, सुमन, शशि वशिष्ठ, निर्मला ढंढारिया, सुरेंद्र एडवोकेट, हेमंत सोनी एवं झुंझुनूं प्रभात फेरियों के सदस्य सहित अन्य जन बडी संख्या में उपस्थित रहे। प्रति दिवस नित्य पांच बजे संत हरिशरण जी महाराज के अमृत प्रवचन एवं प्रार्थना सभा के पश्चात प्रभातफेरी का आयोजन भी किया जाता है।

भारती बाल मंदिर समिति
आयुर्वेद नर्स/कम्पा. प्रशिक्षण केन्द्र
प्रवेश प्रारंभ Diploma in Ayush Nursing & Pharmacy में (ढाई वर्षीय) राज्य सरकार एवं राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद, जयपुर से मान्यता प्राप्त। योग्यता 12वीं उत्तीर्ण किसी भी विषय से। आवेदन की अन्तिम तिथि- 25-02-2026 तक।
पता- प्राचार्य, भारती बाल मंदिर समिति आयुर्वेद नर्स/कम्पा. प्रशिक्षण केन्द्र
ए-10, नया रामगढ़ रोड, जयपुर-2
8619105633

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं.24/25
विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम: श्रीमती चंचल देवी पत्नी स्व. श्री धूप सिंह जाति जाटव
विवाद स्थान........
मृतक स्व. श्री धूप सिंह की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक: 19.02.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्री धूप सिंह पुत्र श्री करण सिंह जाति जाटव निवासी B-24, महावर कॉलोनी, आगरा रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशनन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19.02.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे, हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया
मोहर
रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायधीश सं.-11, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय, सांगानेर

## संक्षिप्त

### कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** ग्राम पंचायत पहाडी में हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान महिलाओं एवं पुरुषों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। हिंदू सम्मेलन में संत रामकृष्ण वेदांती सहित कई महिला-पुरुषों ने बढ़-चढ़कर धर्म लाभ कमाया। मुख्य वक्ता गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने सामाजिक समरसता, परिवार के संस्कार एवं समस्त हिंदू समाज को संगठित रहने का आ ह्वान किया। उन्होंने भारत की एकता अखंडता एवं सनातन धर्म एवं पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, राजाराम चौधरी, बद्री पटवारी, रामावतार व पूर्व प्रधान ममता जाट सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने ताश पत्तो पर जुआ खेलते 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिनसे 4 हजार 330 रूपए जब्त किए है। सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में जुआ खेलने के आरोपियों की धरपकड़ को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान जुआ खेलते हुए राजेश लुहार नवासी पलाई थाना उनियारा, जीतराम गुर्जर निवासी मंजुकडा थाना सदर निवाई, राकेश यादव निवासी कनेसर थाना निवाई सदर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों से जुआ की राशि 4 हजार 330 रूपए जब्त किए है।

### खुसरो सुल्तान खान ने बिस्मिल्लाह पढ़ी

**मनोहरपूर।** जयपुर में स्तिथ हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मीर जी के बाग की दरगाह में पीर ओ मुर्शद हबीबुर्रहमान नियाजी साहब द्वारा चौमू रावण गेट जामा मस्जिद के पास में रहने वाले रिय्याज़ खान लोहानी के नवासे खुसरो सुल्तान खान को बिस्मिल्लाह पढ़ाई गई! बिस्मिल्लाह पढ़ाने की रस्म की अदायगी के बाद अब्दुल अज़ीज़ लोहानी मोहम्मद अल्ताफ़ खान लोहानी मोहम्मद रफ़ीक़ खान लोहानी रिय्याज खान लोहानी फैयाज़ खान लोहानी सभी लोहानी बंधुओ ने खुसरो सुल्तान खान को बधाइयां दी हैं।

### मुनानुद्दीन कुरैषी महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**कोटपूतली।** कुरैषी महासभा संस्थान राजस्थान के प्रदेषाध्यक्ष हाजी मकबुल मण्डेलिया ने ग्राम अजीतपुरा कलां निवासी मुनानुद्दीन कुरैषी उर्फ मन्नान भाई को संगठन का कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया हैं। उल्लेखनीय हैं कि संस्थान के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत व नियुक्ति प्रमाण पत्र कार्यक्रम अजमेर में प्रदेषाध्यक्ष मण्डेलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें सभी जिलाध्यक्षों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज में व्याप्त बुराईयों से निजात दिलाकर षिक्षा, स्वास्थ्य व संगठित होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ने की आवष्यकता पर बल दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी इंसाफ अली, उपाध्यक्ष हाजी रसीद अहमद, सचिव साजिद सुलेमानी, कोषाध्यक्ष हाजी मौहम्मद मुस्तफा कुरैषी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

### डॉ. गर्ग ने माता गंगा मन्दिर पर की विशेष पूजा-अर्चना

**भरतपुर ।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग रविवार को एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे और महाशिवरात्रि पर्व पर महारानी गंगा माता मन्दिर पर आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर महारानी गंगा माता एवं गंगाजल कलश का पूजन कर क्षेत्र व प्रदेश में खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। डॉ. गर्ग ने रविवार को भरतपुर का दौरा कर विभिन्न सामाजिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की और लोगों के दु:ख-सुख में भागीदारी निभाई। इस दौरान डॉ. गर्ग ने गंगाजी मन्दिर पर विशेष पूजा-अर्चना की और गंगा मन्दिर क्षेत्र के व्यापारियों से भेंट की। इस मौके के व्यापारियों ने डॉ. गर्ग का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया।

# महाशिवरात्रि महोत्सव पर टोंक जिले के शिवालयों में सजाई झांकी

**टोंक।** जिले के अधिकांश हिस्सों में रविवार को महाशिव रात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित मंशापूर्ण महादेव मंदिर, दूधिया बालाजी स्थित पहाड़ी पर अमरनाथ बाबा के मंदिर पर श्रद्धा और उल्लास से महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। यहां दूधिया बालाजी के महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज (रामजी बाबा) के सानिध्य में भक्तों द्वारा शिवजी की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया। इस मौके पर महंत रामदास ने बताया कि सोमवार को 111 किलो पंचमेवा (ड्रायफ्रूट) महाभोग प्रसादी का भोग लगाया गया तथा चार पहर के रुद्राभिषेक जलाभिषेक के साथ ही भव्य एवं महाभोग की मनमोहक झांकी अमरनाथ महादेव की सजाई गई है।



दूधिया बालाजी स्थित पहाड़ी पर अमरनाथ बाबा के मंदिर पर श्रद्धा और उल्लास से महाशिवरात्रि पर्व मनाया ।

इसके अलावा शहर के बनास नदी के पुराने पुल स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर महादेव मन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा जिले के बीसलपुर स्थित महादेव मंदिर में भगवान के दर्शन करने के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दिनभर आना जाना रहा। इसी क्रम में महाशिवरात्रि पर नासिरदा में सैनी समाज की ओर से भव्य शिव-पार्वती शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में चारभुजा मंदिर से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई, सुसज्जित रथ में विराजित शिव-पार्वती की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। डीजे पर बज रहे शिव भजनों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा, महिलाएं और बच्चे नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे।

इसी क्रम में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा शहर में जन-जन तक परमात्मा का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य शिव संदेश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को पुरानी टोंक स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु उपहार भवन से ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी, पुरानी टोंक थाना एस.एच.ओ शंकरलाल, ब्रह्माकुमारी पूनम, गुंजन दीदी, प्रहलाद भाई, ओम प्रकाश गुप्ता ने शिव ध्वज दिखाकर रवाना किया। बंबोर गेट, घंटाघर और मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए यह के बालाजी स्थित राजयोग भवन में संपन्न हुई, जहां ब्रह्माकुमारी बीना द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा समाज में नैतिक मूल्यों के संवर्धन और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक स्थिरता प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की।

■ महाशिव रात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की

# श्रद्धा और आस्था का महासागर बना महाशिवरात्रि महोत्सव

**फुलेरा ।** स्कूल खेल मैदान के समीप स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर एवं पोषणेश्वर गौरीशंकर महादेव मंदिर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूर्णतः शिवमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत पं. आशुतोष दैवज्ञ के सानिध्य में रेलवे यार्ड स्थित शिव मंदिर में पंचामृत अभिषेक से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का दुग्ध, दही, घृत, शहद एवं गंगाजल से अभिषेक किया।

इसके पश्चात स्कूल खेल मैदान स्थित पोषणेश्वर गौरीशंकर महादेव मंदिर में रात्रि भर चार प्रहर का भव्य पूजन संपन्न हुआ। प्रत्येक प्रहर में पं. जयजय महाराज के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार, भव्य श्रृंगार, संकीर्तन, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन हुआ। शिवभक्तों ने पूरी रात जागरण कर भोलेनाथ की आराधना की। मंदिर परिसर को विद्युत सजावट, पुष्पों एवं दीपों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र दिव्य एवं अलौकिक प्रतीत हो रहा था। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंदिर परिसर मेले के रूप में परिवर्तित हो गया। प्रातः विशेष महाअभिषेक एवं दोपहर में विशाल महाभोग भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर महाप्रसादी ग्रहण की। ट्रेन मैनेजर गौरीशंकर शर्मा ने कहा कि शिव की भक्ति से जीवन में नूर आता है। भगवान शिव की आराधना से मन, तन और आत्मा पवित्र होती है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस पावन अवसर पर धर्मप्रेमी गौरीशंकर शर्मा, मीना शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंजली शर्मा, मयंक शर्मा, आदित्री शर्मा, शंकरसहाय गौड, महेश सहाय गौड, सुनील गौड, राधा शर्मा, देवेंद्र गौड, पूनम गौड सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन एवं शिवभक्त उपस्थित रहे।

# 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया

■ भरतपुर में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का कार्यक्रम कविता दीदी की अध्यक्षता एवं आद. सिद्धपीठ पीठधीश्वर स्वामी डॉ कौशल किशोर जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया

**भरतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति भवन भरतपुर में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का कार्यक्रम आगरा सबजोन सह प्रभारी राजयोगिनी ब्र. कु. कविता दीदी की अध्यक्षता एवं आद. सिद्धपीठ पीठधीश्वर स्वामी डॉ कौशल किशोर जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हमारे समाज की स्थिति बहुत ख़राब है, हर जगह धोखा धड़ी लूटपाट है द्यहर व्यक्ति एक दूसरे को लूटने में लगा हुआ है द्यभगवान शिव कहते हैं जो अशुभ है वो मुझे दे दो, जो तुम्हारे काम का नहीं वो मुझे दे दो द्यजहाँ सद्भावना युक्त समाज है वहाँ रामराज्य आता है द्यसमाज को समृद्ध बनाने के लिए ब्रह्मा कुमारी बहनें प्रयास रत हैं द्यये बहनें निश्वार्थ भाव से शिव का सन्देश दे रही हैं द्यिशव से ई की मात्रा हटाने पर शव रह जाता है जिसका कोई महत्व नहीं रह जाता अर्थात परमात्मा से जुड़ने पर शक्ति मिलती है द्यआप यहाँ आकर ज्ञान लाभ लें और स्वयं को शक्ति से भरपूर करें द्यष्उक्त विचार सिद्ध पीठाधिश्वर स्वामी डॉ कौशल किशोर महाराज ने अपने वक्तव्य में कहे। आद. राजयोगिनी कविता दीदी ने उद्बोदन देते हुए कहा हम अपने मन को बुराइयों से मुक्त करना चाहते हैं परन्तु अलबेलेपन के कारण नहीं हो पाते यदि हम अपने मन को सत्य पिता परमात्मा से जोड़ दें तो हमारा मन विकारों से मुक्त हो सकता है ।

द्यपरमात्मा का सन्देश देते देते खुद का मन भी शक्तिशाली बनता है, प्रकाश से भरपूर हो जाता है द्यमन का परिवर्तन सबसे बड़ा परिवर्तन है द्यपरमात्मा पिता हमसे कुछ छोड़ने को नहीं बल्कि जोड़ने को कहते है जब हम अपने मन को परमात्मा से जोड़ लेते हैं तो अज्ञान का अंधकार दूर हो जाता है स्वयं के परिवर्तन से विश्व का परिवर्तन स्वतः हो जाता है ध्यान रखें समय बहुत कम है अभी नहीं तो कभी नहीं। सभी अतिथियों को एवं आए हुए भाई बहनों को ईश्वरीय साहित्य, सौगात एवं प्रसाद दिया गया।

# विधायक धनकड़ ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**पावटा।** क्षेत्र के विकास को गति देते हुए विधायक कुलदीप धनकड़ ने शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जवानपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। लोकार्पित कार्यों में सड़क निर्माण कार्य शामिल रहे। विधायक धनकड़ ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यों को आमजन को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य गांव-गांव तक आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना है।

■ कुलदीप धनकड़ ने शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जवानपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया



विधायक धनकड़ ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यों को आमजन को समर्पित किया।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सड़क जैसे मूलभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी विकास कार्यों की श्रृंखला जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। अंत में विधायक धनकड ने अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम पंचायत जवानपुरा प्रशासक जयराम पलसानिया, त्रिवेणी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद सैनी, बूथ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत, बिशन सिंह तंवर सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 26वां विशाल जागरण महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**पावटा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पावटा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के प्रमुख बाबा भूतनाथ मंदिर जोहड़ा धाम सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

भक्तों ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जल, दूध, घी, दही, शहद एवं पंचामृत से अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर प्रांगण 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठा। घंटों की ध्वनि और भक्ति संगीत से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा भूतनाथ मंदिर जोहड़ा धाम के महंत जयरामदास महाराज के सानिध्य में बाबा भूतनाथ कमेटी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर से आरती के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।

रेवाड़ी एंड पार्टी द्वारा भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, जी की सजीव झांकियों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर बाबा भूतनाथ का विशेष एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर कमेटी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड़, गोपाल, उपाध्यक्ष विनय गोयल, कोषाध्यक्ष जुगल सोनी, सचिव आकाश शर्मा, लोकेश टांक, धर्मेंद्र बटवाल, विनीत शर्मा, गोपाल अग्रवाल, विजय शर्मा, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर पूरे कस्बे में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने उत्साह व श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना की।

■ शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के प्रमुख बाबा भूतनाथ मंदिर जोहड़ा धाम सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

# आयुर्वेद हमारी प्राचीन एवं प्रभावशाली चिकित्सा पद्धत्ति है : एडीएम

**खैरथल।** स्वामी लीला शाह कुटिया, वल्लभ ग्राम में आयुर्वेद विभाग एवं आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 6 फरवरी से संचालित निशुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान कार्यक्रम मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन एवं प्रभावशाली चिकित्सा पद्धित है। आयुर्वेद के सिद्धांतों और जीवनशैली का पालन करने से अनेक रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने इस प्रकार के शिविरों को जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने कहा आयुर्वेद और एलोपैथिक चिकित्सा पद्धित मिलकर कार्य करें तो यह आमजन के लिए और अधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती है। इस अवसर पर कई रोगियों ने भी अपने उपचार से जुड़े सकारात्मक अनुभव साझा किए।




शिविर में सेवाएं देने पर सम्मानित करते एडीएम शिवपाल जाट, सीएमएचओ डॉ अरविंद गेट।

शिविर प्रभारी एवं सहायक निदेशक डॉ. सुरेश वर्मा ने शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान सैकड़ों रोगियों का क्षार सूत्र विधि से भर्ती कर सफल उपचार किया गया, वहीं लगभग 3500 रोगियों को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में परामर्श एवं औषध वितरण कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही अग्निकर्म, पंचकर्म एवं स्वर्ण प्राशन जैसी आयुर्वेदिक पद्धितयों से भी रोगियों का उपचार किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने जयपुर से आए सर्जन डॉ. रामनिवास यादव, सहायक सर्जन डॉ. राधेश्याम प्रजापत एवं डॉ. पंकज गुप्ता को सम्मानित किया तथा शिविर में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

■ खैरथल में निशुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का हुआ समापन। भामाशाह ए-वन फुटवियर की ओर से शिविर स्टाफ को पानी के कैंपर भेंट किए

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अलवर डॉ. करण सिंह दहिया ने की तथा उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। भामाशाह ए-वन फुटवियर की ओर से शिविर स्टाफ को पानी के कैंपर भेंट कर सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ कंपाउंडर कैलाश चंद माण्डेया एवं नेमीचंद जाटव ने किया। अंत में सहायक निदेशक एवं सह शिविर प्रभारी डॉ. अजीत बाल्यान ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ट्रेनों का ठहराव राजनेताओं के लिए बना चुनौती

**सांभरझील।** क्षेत्र की जबरदस्त मांग हो लेकिन आंदोलन में दम ना हो तो सरकार भी इस पर गौर करना मुनासिब नहीं समझती है। रेलवे किसी भी मांग को पूरा करने में तब तक असमर्थ रहता है जब तक उसे रेल मंत्रालय से हरी झंडी न मिल जाए। सांभरझील रेलवे स्टेशन पर कुछ प्रमुख ट्रेनों के ठहराव के लिए क्षेत्र की जनता को वर्तमान हालात के मद्देनजर नितांत आवश्यकता है। सबसे पहले आपको यह बता दें कि किसी भी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए विधायक के मार्फत अथवा सीधे सांसद के जरिए रेल मंत्री को अभिशंषा ठोस तरीके से रखी जाए, ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल प्रशासन को इससे कितना राजस्व प्राप्त होगा सत्ता पक्ष के लगातार सांसद जीतने के बाद भी इस समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई हैं। आज तक एक भी ऐसा उदाहरण रिकॉर्ड नहीं है कि स्वयं सांसद ने सांभर में रेल रोकने के लिए अपनी तरफ से इच्छा प्रकट की हो हालांकि जब भी मौका मिला यहां के लोगों ने अपना मांग पत्र सोंपा ।

## सार-समाचार

### भव्य कलश यात्रा निकाली



**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव सीपुरा में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव पंचायत की स्थापना को लेकर हरभांवता आश्रम के संत महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। शिव पंचायत की स्थापना को लेकर धार्मिक उत्साह व श्रद्धा के माहौल में पूरा गांव शिवमय हो गया। कलश यात्रा बालाजी मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होती हुई नव निर्मित शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने जमकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान जेसीबी मशीन से कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से शिव पंचायत की स्थापना की गई। आचार्यों द्वारा मंत्रोचारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान में हवन कुंड में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर देवनारायण चेची, हीरालाल मेंबर, शिवजीलाल सरपंच, गजराज सिंह, कल्याण सिंह, श्रवणलाल पटेल, कंवरपाल, हरि नारायण, रूप सिंह, शैतान सिंह, भंवर सिंह, रामफूल डीलर, लाखाराम, प्रभु, प्रधान यजमान गिरिराज, नाथू, ब्रजमोहन, बुधराम डीलर, सुखदेव घोड़ला, हंसराज कोठारी, फेलीराम मीणा, कन्हैयालाल, मदनलाल,लक्ष्मीनारायण पटेल, भोलूराम, हनुमान सिंह अध्यापक, बद्रीनारायण, हरलाल चेची, प्रहलाद कुरावदा, बद्री लुनेरा, दयाराम मीणा सीपुरा, रामावतार, देवा पटेल व छाजू पटेल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगी रही भक्तों की भीड़

**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति व आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की लाईने लगी रही। इस दौरान शिवालयों में ओम नमः शिवाय व हर हर महादेव के जयकारें गूंजते रहे। शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ के चलते भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं को इंतजार करना पड़ा। शहर के सबसे प्राचीन श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर व मायला कुण्ड स्थित शिवालय, नर्बदेश्वर महादेव मंदिर, शिवाजी कॉलोनी स्थित इच्छेश्वर महादेव मंदिर, किलेश्वर महादेव मंदिर, परमहंस आश्रम, जगजीत महादेव, चिंताहरण गणेशजी के मंदिर के शिवालय, श्री राधा दामोदर जी मंदिर व टीलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की चार पहर की श्रद्धालुओं ने पूजा की और विधिवत अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक के बाद झांकी सजाई गई। इस दौरान नवविवाहिता महिलाओं ने शिवालयों में भगवान शिव के दरबार में जयगढ चढाकर भजन गाती रही। श्री राधा दामोदर जी मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। ठाकुर जी का हरि-हर रूप में अलौकिक श्रृंगार किया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। मंदिर के पुजारी कैलाश चंद, हरि नारायण, मुकेश व नितेश पंडा के सान्निध्य में भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात ठाकुर जी व राधारानी जी का नयनाभिराम दिव्य श्रृंगार किया गया। जिसमें विष्णु (हरि) व शिव (हर) के संयुक्त स्वरूप की झलक दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण-हरे राम के संकीर्तन के साथ दामोदर सरकार के दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### अभ्यास वर्ग का सफल आयोजन




**जयपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर ग्रामीण द्वारा अभ्यास वर्ग का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साहित्यिक चेतना के संवर्धन, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा बीते दिनों नवंबर माह में संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन की जानकारी एवं पारित प्रस्ताव जिला इकाई तक पहुंचाने हेतु चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रथम सत्र में परिषद का परिचय एवं राष्ट्रीय अधिवेशन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस सत्र में मनोज कुमार, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, साहित्य परिषद एवं केशव शर्मा, प्रदेश महामंत्री ने अपने विचार रखते हुए परिषद की गतिविधियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में संगठन परिचय एवं साहित्य परिषद में कार्य कैसे करें? विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। इस सत्र में डॉ. ममता शर्मा एवं डॉ. विपिन चंद्र ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली, सदस्य विस्तार, साहित्यिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा ग्रामीण अंचल में साहित्यिक चेतना के प्रसार पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विकास तिवारी ने किया। प्रस्तावना विकास बागड़ा द्वारा प्रस्तुत की गई तथा अंत में पुरुषोत्तम गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। अभ्यास वर्ग में उपस्थित साहित्यकारों एवं कार्यकर्ताओं ने परिषद के उद्देश्यों को समाज तक पहुँचाने और साहित्यिक गतिविधियों को अधिक व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

### महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मनोहरपूर।** स्थानीय कस्बे सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व विधिवत रस्म ओ रिवाज के हर्षोल्लास के साथ मे मनाया! 1008 किशन दास जी महाराज खोरा आश्रम से सुबह 9 बजे से विधिवत रस्म ओ रिवाज के ध्वजा रैली डीजे घोड़े गाड़ी से रवाना होकर छारसा जोहड़ा धाम पहुचेंगी जोहड़ा धाम से रैली बैंड बाजे के साथ निकाली गई जो कि छारसा ग्राम के प्रमुख मार्गों से गुजर कर पुनः जोहड़ा धाम में आई इस दौरान रास्ते मे ग्रामीणजन द्वारा पुष्पवर्षा की गई व अल्पाहार की व्यवस्था की गई इस बार शुभ योगों का संयोग बना, जिससे पर्व का महत्व और बढ़ गया है। पंडितों के अनुसार इस योग में किए गए जप, तप, दान और अभिषेक का कई गुना फल प्राप्त होता है। श्रद्धालु सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक और बेलपत्र अर्पित किए। कस्बे और ग्रामीण अंचलों के प्रमुख मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई। महाशिवरात्रि पर चारों प्रहर भगवान शिव का अभिषेक करना, शिवलिंग पर पंचामृत व जल अर्पित करना और जप करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। बिल्व पत्र, धतूरा, भांग, चंदन आदि शिव को अर्पित किए गए। इस दिन रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और शिव चालीसा पाठ का विशेष महत्व है। महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखी, जबकि अविवाहित युवक - युवतियां योग्य जीवनसाथी की कामना की।

### विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**दूदू ।** कस्बे एवं आसपास के गांवों में स्थित शिवालयों में महाशिवरात्रि के पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया गया तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई इस दिन गैजी स्थित शैलेश्वर महादेव के यहां भक्तजनों की भीड़ सुबह से शाम तक लगी रही मंदिर में उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा ने भी पहुंचकर पूजा अर्चना की दूदू डाक बंगला परिसर में गंगेश्वर महादेव चौराहे पर स्थित रामेश्वरम मंदिर डाकघर के सामने शिवालय बाग स्थित चमत्कारे सर महादेव के यहां भक्त जनों द्वारा पूजा अर्चना की गई के साथ ही जयपुर अजमेर रोड पर स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में ओंकारेश्वर महादेव के परिवार की विधिवत्त पूजा अर्चना की जाकर स्थापना की गई स्थापना के पूर्व परिवार को विभिन्न झांकियां के साथ नगर परिक्रमा कराई गई पश्चात हवन मूर्ति स्थापना की गई ।



अभिषेक एक शानदार बल्लेबाज हैं और उनके पास ऐसे क्रिकेटिंग शॉट्स हैं जो कई अन्य बल्लेबाजों के पास नहीं होते।

- हरभजन सिंह

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, अभिषेक को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** राशिद खान



**अफगानिस्तान** के कप्तान राशिद खान ने रविवार को कहा किछोटे देशों को बड़ी टीमों के खिलाफ नियमित रूप से खेलने का मौका देने की वकालत करते कहा कि उनकी टीम को किस्मत का साथ नहीं मिला जिससे वे टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने की कगार पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट से हार झेलने के बाद अफगानिस्तान को पिछले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो सुपर ओवर के बाद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। इस नतीजे के बाद टीम ग्रुप डी में चौथे स्थान पर है और बाहर होने के करीब पहुंच गई है।

**क्या आप जानते हैं ?...** 2022: मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की पारी के दम पर भारत ने रोमांचक जीत हासिल की।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

| आज के मुकाबले |
|---|
| पहला मैच अफगास्तिान व यूएई सुबह 11 बजे |
| दूसरा मैच इंग्लैंड व इटली दोपहर 3 बजे |
| तीसरा मैच श्रीलंका व ऑस्ट्रेलिया शाम 7 बजे |

## ईशान किशन के तूफान में उड़ी पाकिस्तानी टीम, भारत की धमाकेदार जीत



कोलम्बो, 15 फरवरी। दो पड़ोसी मुल्क यानी कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला क्रिकेट मैच हमेशा की तरह रोमांचक होता है। हालांकि, टी20 विश्व कप 2026 में कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत में पाकिस्तान को एक तरफा मुकाबले में हरा दिया है। भारत की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए थे। हालांकि पाकिस्तान की टीम महज 114 रन के ही स्कोर पर ऑल आउट हो गई। भारत की ओर से शुरू में हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह ने जबर्दस्त गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। बाद में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी ने पाकिस्तान की पूरी तरीके से कमर तोड़कर रख दी। भारत की ओर से गेंदबाजी करते हुए अक्षर पटेल ने दो सफलताएं हासिल की जबकि कुलदीप यादव को एक और वरुण चक्रवर्ती ने दो सफलताएं मिली।

एक विकेट तिलक वर्मा के खाते में भी गया। इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच शानदार बल्लेबाजी करने के लिए ईशान किशन को दिया गया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने रविवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट पर 175 रन बनाए। इशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर भारत को ठोस आधार दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। दोनों टीम ने धीमी पिच पर अपने स्पिनरों पर भरोसा किया है।

पाकिस्तान की टीम शाहीन शाह अफरीदी के रूप में एकमात्र तेज गेंदबाज के रूप में उतरी है जबकि भारत ने जसप्रीत बुमराह के अलावा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को एकादश में जगह दी है लेकिन अर्शदीप सिंह को बाहर करके कुलदीप यादव को मौका दिया। पाकिस्तान ने 18 ओवर स्पिनरों कराए जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए और उन्हें एक विकेट मिला। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा (10 रन पर एक विकेट) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पहले ओवर की अंतिम गेंद पर अभिषेक शर्मा को खाता खोले बिना शाहीन शाह अफरीदी के हाथों कैच करा दिया। इशान के अलावा भारत के अन्य बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन इस सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने शाहीन की शुरुआती दो गेंद पर छक्का और चौका मारा और फिर सलमान की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए।

तिलक ने भी शाहीन पर चौका जड़ने के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद का स्वागत छक्के के साथ किया। तिलक और इशान ने सईम पर चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 52 रन तक पहुंचाया। इशान ने अबरार पर लगातार तीन चौकों के साथ 27 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अगले ओवर में लेग स्पिनर शादाब खान की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से 17 रन बटोरे। इशान हालांकि इसके बाद सईम की गेंद को पीछे हटकर खेलने की कोशिश में चूककर बोल्ड हो गए। तिलक ने मोहम्मद नवाज पर छक्के के साथ 12वें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा किया। पाकिस्तान को इस मुकाबले में हाथ बीच में रोककर गेंदबाजी करने वाले स्पिनर उस्मान तारिक (24 रन पर एक विकेट) से काफी उम्मीदें थी। हालांकि भारतीय बल्लेबाजों को अधिक परेशानी नहीं हुई लेकिन उनके खिलाफ अधिक रन भी नहीं बने। सईम ने तिलक को पगबाधा करके भारत को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 24 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और एक छक्का मारा। सूर्यकुमार ने अबरार पर चौके के साथ बाउंड्री के सूखे को खत्म किया जबकि शिवम दुबे ने इसी ओवर में छक्का जड़ा। तारिक ने सूर्यकुमार को सईम के हाथों कैच कराया। उन्होंने 29 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके मारे। रिंकू सिंह (चार गेंद में नाबाद 11) ने पारी के अंतिम ओवर में शाहीन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ भारत का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया लेकिन दुबे अगली गेंद पर रन आउट हो गए।

## वेस्ट इंडीज ने नेपाल को रौंदकर सुपर 8 में मारी एंट्री



मुंबई, 15 फरवरी। जेसन होल्डर के चार विकेट और कप्तान शाई होप की 44 गेंदों पर 61 रनों की पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 25वें मैच में नेपाल को नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कैरेबियन टीम सुपर एट में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। नेपाल आधिकारिक तौर पर सुपर एट की दौड़ से बाहर हो गया है।शाई होप की अगुवाई वाली वेस्ट इंडीज ने 134 रनों के मामूली लक्ष्य को महज 15.2 ओवरों में हासिल कर एशियाई टीम पर आसान जीत दर्ज की।

ब्रैंडन किंग (17 गेंदों पर 22 रन) और होप (44 गेंदों पर 61 रन नाबाद) ने पहले विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी की। इसके बाद शिमरोन हेटमायर (32 गेंदों पर 46 रन नाबाद) होप के साथ जुड़े और वेस्ट इंडीज को जीत की ओर ले गए। इससे पहले, टॉस जीतकर वेस्ट इंडीज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और स्पिनर अकील हुसैन से गेंदबाजी की शुरुआत की। कुशल भुरटेल और आसिफ शेख ने नेपाल की ओर से पारी की शुरुआत की। नेपाल के लिए शुरुआत बेहद खराब रही क्योंकि मैच के पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर हुसैन ने कुशल भुरटेल को एक रन पर आउट कर दिया।

कप्तान रोहित पौडेल चौथे ओवर में मात्र पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए, जब मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर पैड पर गेंद लगने से वे एलबीडब्ल्यू हो गए। पावरप्ले में ही नेपाल ने अपना तीसरा विकेट जेसन होल्डर के हाथों गंवा दिया। आसिफ शेख (11) ने शुरुआत में दो चौके लगाए। नेपाल पावरप्ले के अंत तक तीन महत्वपूर्ण विकेट खोकर 22 रन पर ढेर हो गया। पावरप्ले के बाद, शानदार फॉर्म में चल रहे गेंदबाज जेसन होल्डर ने आरिफ शेख को दो रन पर आउट कर दिया।

लोकेश बाम के 13 रन पर शमर जोसेफ द्वारा आउट होने के बाद, नेपाल का स्कोर 11वें ओवर में 46-5 था। छठे विकेट के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी और गुलसन झा के बीच 23 रनों की छोटी साझेदारी हुई, जिसके बाद गुलसन 11 रन बनाकर रोस्टन चेस के हाथों क्लीन बोल्ड हो गए। नेपाल की पारी में दीपेंद्र ही एकमात्र सकारात्मक खिलाड़ी रहे। उन्होंने सोमपाल कामी के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में अहम भूमिका निभाई। यह साझेदारी तब समाप्त हुई जब दीपेंद्र 47 गेंदों में 58 रन बनाकर होल्डर की गेंद पर आउट हो गए। नेपाल ने अपनी पारी 133/8 के स्कोर पर समाप्त की।

## अमेरिका की लगातार दूसरी जीतः नामीबिया को 31 रन से हराया



चेन्नई, 15 फरवरी। अमेरिका ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। रविवार को टीम ने नामीबिया को 31 रन से हरा दिया। 26वें मैच में अमेरिका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। ग्रुप-ए का यह मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने नामीबिया को 200 रन का टारगेट दिया। टीम ने 4 विकेट खोकर 199 रन बना दिए। संजय कृष्णमूर्ति ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। उन्होंने 33 बॉल पर 6 सिक्स और 4 चौके लगाए। वहीं कप्तान मोनांक पटेल ने 30 बॉल पर 52 रन बनाए। उन्होंने 3 चौके और 3 सिक्स लगाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरास्मस और विलेम माईबर्ग ने 2-2 विकेट चटकाए। रूबेन ट्रम्पलमैन सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 52 रन दे दिए। 200 रन का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 168 रन ही बना सकी। टीम से लॉरेन स्टीनकैंप ने 58 रन की पारी खेली। जेजे स्मिट ने 31 रन का योगदान दिया। अमेरिका से शैडली वान शाल्कविक ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

**नामीबिया टूर्नामेंट से बाहर :** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से नामीबिया बाहर हो गया है। ग्रुप-ए में टीम अपने तीनों मैच हार गई। नामीबिया को हराकर अमेरिका अभी भी क्वालिफिकेशन राउंड में बना हुआ है। भारत पॉइंट्स टेबल के टॉप पर मौजूद है।

## अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी राजस्थान - हरियाणा मैच तीसरे दिन राजस्थान 53 रन से जीता

जयपुर, 15 फरवरी। हरियाणा के लाहली में खेले जा रहे राजस्थान - हरियाणा अंडर 23 मैच के तीसरे दिन राजस्थान जीता) क्वाटर फाइनल मैं प्रवेश।



राजस्थान - हरियाणा मैच, राजस्थान पहली पारी 215 आल आउट। हरियाणा पहली पारी194 आल आउ। राजस्थान दूसरी पारी196 आल आउट। सुमित गोदारा 33, सचिन यादव 31 , मोहित छांगरा 31 , रजत बघेल 29, अनिरुद्ध सिंह 23 व रोहन राजभर 17 रन। हरियाणा के गेंदबाज आयुष शर्मा 77 / 5 व विवेक 32 / 3 विकेट। हरियाणा दूसरी पारी 164 ऑल आउट। राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 59/4, अनिरुद्ध सिंह 16/2, मोहित चांगरा, दीपेंद्र सिंह करण लांबा 1-1 विकेट।

## पिता बनने के लिए घर लौटे लॉकी फर्ग्यूसन

### न्यूजीलैंड टीम को लगा बड़ा झटका

नई दिल्ली 15 फरवरी। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के दौरान अपनी पत्नी के साथ अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए घर लौट रहे हैं।

फर्ग्यूसन का जाना टूर्नामेंट में उनकी वापसी का संकेत नहीं है; अगर न्यूजीलैंड सुपर 8 में पहुंचता है और वह समय पर वापस आ पाते हैं, तो वह उपमहाद्वीप में टीम में फिर से शामिल हो सकते हैं। न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, हालांकि टी20 विश्व कप में उनका पिछला मैच दक्षिण अफ्रीका से हार में समाप्त हुआ था। इसके बावजूद न्यूजीलैंड सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

फर्ग्यूसन मंगलवार को कनाडा के खिलाफ ग्रुप डी के अंतिम मैच में नहीं खेल पाएंगे - यह मैच अन्य टीमों के परिणामों के आधार पर अगले चरण में उनकी जगह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने लॉकी फर्ग्यूसन के अपने पहले बच्चे के



जन्म के लिए घर लौटने के फैसले का समर्थन किया है और कहा है कि टीम को खुशी है कि वह इस खास पल में मौजूद रहेंगे। वाल्टर ने पुष्टि की कि फिलहाल फर्ग्यूसन की जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा और उम्मीद है कि वह सुपर 8 चरण के लिए वापस आ सकते हैं। वहीं, यात्रा कर रहे रिजर्व खिलाड़ी बेन सियर्स और कोल मैककॉन्ची जरूरत पड़ने पर स्टैंडबाय पर रहेंगे।

ब्लैक कैप्स के कोच ने कहा कि यह लॉकी और एम्मा के लिए बेहद खुशी का पल है और हमें खुशी है कि वह इतने खास मौके पर घर पर रहेंगे। फिलहाल, हम लॉकी की जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं करेंगे क्योंकि योजना के अनुसार वह टूर्नामेंट के सुपर 8 चरण के लिए वापस लौटेंगे। लेकिन हमारे यात्रा कर रहे रिजर्व खिलाड़ी बेन सियर्स और कोल मैककॉन्ची जरूरत पड़ने पर टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

### भारत-पाकिस्तान मैच में कायम रही 'नो हैंडशेक' की परंपरा

## सूर्यकुमार ने पाक कैप्टन को किया इग्नोर!

कोलम्बो, 15 फरवरी। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेले जा रहे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। हालांकि, इस दौरा भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। इस दौरान दोनों कप्तानों के बीच कोई बात भी नहीं हुई है। यह परंपरा पिछले साल दुबई में हुए एशिया कप से चली आ रही है। भारत ने एशिया कप 2025 से इस रुख का पालन किया है और इसे आयु वर्ग के टूर्नामेंटों के साथ-साथ पुरुष और महिला क्रिकेट में भी लागू किया है।

पहलगाम हत्याकांड और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर दुबई में आयोजित पिछले साल के एशिया कप के बाद से दोनों पक्षों के खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाए हैं। क्या आपको पहले बल्लेबाजी करने में कोई आपत्ति है सवाल के जवाब में टॉस के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि बिलकुल नहीं। हम पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। हमने यहां के नतीजे देखे हैं, और हमने पिछले दो मैचों में पहले बल्लेबाजी की है और दोनों में ही जीत हासिल की है, इसलिए हम कुछ भी बदलना नहीं चाहते।

बड़े मौके को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कहना आसान है कि यह सिर्फ एक और मैच है, लेकिन यह एक बड़ा अवसर है। ये मैच हमेशा बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन साथ ही, आपको यह भी पता होना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं। यही ज्यादा महत्वपूर्ण है। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करें, अपने कौशल पर भरोसा



रखें, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और खुद पर भरोसा रखें। (क्या फॉर्म मायने रखता है?) यह खेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। किसी भी दिन, अगर आप अच्छा खेल रहे हैं, तो किसी का भी दिन अच्छा हो सकता है। दो बदलाव। अभिषेक शर्मा टीम में आए हैं और कुलदीप यादव अर्शदीप सिंह की जगह आए हैं।

शनिवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा भी इसी तरह सतर्क दिखे। हाथ मिलाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर आगा ने कहा कि हम कल देखेंगे। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि क्रिकेट सही भावना से खेला जाना चाहिए। मेरी निजी राय मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरह खेला जाना चाहिए जैसे हमेशा से खेला जाता रहा है। यह उन पर निर्भर है कि वे क्या करते हैं। हाथ न मिलाने का रुख सबसे पहले पिछले साल के एशिया कप के दौरान विवाद का मुख्य कारण बना, जब सूर्यकुमार के इनकार पर कथित तौर पर पाकिस्तान और पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में बने रहने से पहले अपने अगले मैच का बहिष्कार करने की धमकी भी दी थी।

### यह जीत सैनिकों को समर्पित - ईशान किशन

कोलम्बो 15 फरवरी। टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के कोच उत्तम मजूमदार ने कहा कि भारत बनाम पाकिस्तान टी20 विश्व कप 2026 का मैच न केवल भारतीय टीम के लिए बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि वे अपना प्रदर्शन भारतीयों और पुलवामा हमले के लिए काला दिवस मनाने वाले सैनिकों को समर्पित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह घटना कभी नहीं भूली जाएगी और यह क्षण सिर्फ एक मैच से कहीं अधिक है।

### विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स

## भारत ने पाकिस्तान को हराया

बैंकॉक, 15 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के महामुकाबले से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम (भारत-ए) ने पाकिस्तान को हरा दिया है। विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के छठे मैच में भारत-ए ने पाकिस्तान-ए को 8 विकेट से मात दी।

रविवार को बैंकॉक के तेर्दथाई क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान-ए ने भारत-ए को जीत के लिए 94 रनों का टारगेट दिया था। इस टारगेट को भारत-ए ने 10.1 ओवर में ही आसानी से हासिल कर लिया। पाकिस्तान-ए के खिलाफ रन चेज में भारत-ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पारी की पहली ही गेंद पर हुमैरा काजी का विकेट गंवा दिया।

## सोनू यादव ने शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक प्राप्त किया

जयपुर, 15 फरवरी। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 9 से 14 फरवरी चंडीगढ़ में आयोजित की गई जिसमें राजस्थान सिविल सर्विसेज की महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोनू यादव के शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक प्राप्त किया और सोनू यादव को टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

सोनू यादव के कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हीरानंद कटारिया ने बताया कि राजस्थान ने पंजाब को फाइनल में 32 24 से अंकों से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया मध्यांतर तक राजस्थान टीम 8 अंकों की लीड बना रखी थी सेमीफाइनल में बिहार को 33 30 अंकों से हराया। इससे पूर्व




के मैचों में लीग मैचेज मै मुंबई दिल्ली उड़ीसा , मध्यप्रदेश हैदराबाद टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया राजस्थान टीम की और से सोनू यादव के अलावा सुमित्रा, कृष्णा खीचड़, किरण यादव, अंजू ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हीरानन्द कटारिया ने पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि राजस्थान महिला कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास बना दिया जिस सोनू यादव को सीनियर नेशनल मै नहीं चुना था और टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के हाथों हारकर बाहर हो गई थी उसी सोनू यादव ने सिविल सर्विसेज महिला कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर बेस्ट खिलाड़ी का खिताब जीता।

कटारिया ने कहा कि खिलाड़ी मै जज्बा और जूनून हो तो वो अपनी मंजिल हासिल कर सकता है कठिनाइयों मै घबराना नहीं चाहिए।

## एक पारी से स्टार बने वैभव सूर्यवंशी ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

नई दिल्ली, 15 फरवरी। क्रिकेट की दुनिया में इन दिनों जिस नाम की सबसे ज्यादा चर्चा है, वह है 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी। कम उम्र में बड़े रिकॉर्ड बनाने वाले इस युवा बल्लेबाज ने इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा नहीं देने का फैसला किया है।

बता दें कि वैभव सूर्यवंशी बिहार के ताजपुर के रहने वाले हैं और मोडेस्टी स्कूल, ताजपुर में पढ़ाई करते हैं। उनके परीक्षा फॉर्म भरे जा चुके थे, प्रवेश पत्र भी जारी हो चुका था और परीक्षा केंद्र तय हो गया था। हालांकि, मौजूद जानकारी के अनुसार उनके व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम को देखते हुए स्कूल प्रशासन और उनके पिता संजीव सूर्यवंशी के बीच बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया कि वे इस साल परीक्षा में शामिल नहीं होंगे।

### जयपुर पोलो सीजन 2026

## टीम जयपुर अरावली ने जीता रैफल्स सिरमौर कप

जयपुर, 15 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड में खेला गया। इस मैच में टीम जयपुर अरावली ने टीम कैरेसिल सुहाना को 14-10 के स्कोर से हराकर कप अपने नाम किया। इस अवसर पर ट्रॉफी राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर द्वारा प्रदान की गई। दक्षिण-पश्चिमी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विजेता टीम की ओर से लांस वॉटसन शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 गोल हासिल किए। मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे ने 4 गोल तथा हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल किया।




प्रताप सिंह कानोता भी टीम में शामिल थे। वहीं, कैरेसिल सुहाना से माटियास वायल ने 8 गोल कर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, मैनुअल प्राडो ने 2 गोल किए। कुलदीप सिंह राठौड़ और अशोक चांदना भी टीम से खेले।

अगले सप्ताह से जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप (14 गोल्स) खेला जाएगा। इस कप का फाइनल मुकाबला शनिवार, 21 फरवरी को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर होगा।

## सलीग (कामरेड) को राजस्थान प्रदेश सेल प्रकोष्ठ में जिला राजसमन्द प्रभारी नियुक्त



जयपुर, 15 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोटासरा के निर्देशानुसार मौ-सलीग (कामरेड) को राजस्थान प्रदेश सेल प्रकोष्ठ में जिला राजसमन्द प्रभारी नियुक्त किया गया है। सलीम ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ (संगठन) की मजबूती और कांग्रेस पार्टी के हित लगातार कार्य करेंगे, एवं कांग्रेस विचाराधारा को लगातार आगे बढ़ाएंगे।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.) चौमूँ जयपुर**

राधाबाग कॉलोनी सीकर रोड चौमूँ

PH NO. 01423-220047 FAX NO. 01423-223873 Email:- KUMS.CHOMUFV@rajasthan.gov.in

**NIB NO.: 01/2025-26 DATED: 14-02-2026**

E-Bids are invited from Manufacturers/ Direct importers/ Authorized Dealer up to 3.00P.M. of 04-03-2026 for procurement of Electronic Grading And Cleaning Unit for Fruits and Vegitable for E-nam on behalf of office of the Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Chomu. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Chomu or State Public Procurement Portal website "sppp.raj.nic.in" "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in" The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/-(1000+18% GST) through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Chomu at Chomu Details of bid are following:-

| SN | BID Title | UBN No |
|---|---|---|
| 1. | Electronic Grading And Cleaning Unit For Fruits And Vegetables | DAM2526GLOB01208 |

| S. No | Name of article | Specifications (with reference to BIS code, patent, ISO, Agmark, part No. etc.) | Estimated Quantity | Estimated Cost (Lakhs) | Amount of Bid security (Rupees) | Validity period of bids | Place of delivery and delivery period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Electronic Grading And Cleaning Unit For Fruits And Vegetables | As per Annexure- C | 01 | 38.00 | 76000/- | As per bid condition | As per bid condition |

Secretary Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Chomu

# अमेरिका से ट्रेड डील में किसानों, व्यापारियों व युवाओं का भविष्य दांव पर लगाया- पायलट

## प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक में उन्होंने ट्रेड डील को ऊर्जा सुरक्षा के साथ समझौता बताया



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री निवास स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पत्नी के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया और आरती उतारी।

## प्रधानमंत्री ने महाशिवरात्रि और हेराथ पोश्ते त्योहार की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 15 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को महाशिवरात्रि और कश्मीरी पंडित समुदाय की समृद्ध परंपराओं को दर्शाने वाले पवित्र त्योहार हेराथ पोश्ते की शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को महाशिवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो।"

हेराथ पोश्ते के अवसर पर सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमारे कश्मीरी पंडित समुदाय की समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है। यह उत्सव सफलता के नए रास्ते खोले और हर घर को आनंद एवम संतोष से भर दे।

## यूएस ट्रेड ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकर संसद में भी सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील में सरकार ने किसानों की मेहनत और खून पसीने को बेच दिया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि वे दबाव में हैं। उन्होंने सरकार पर संसद में बोलने से रोकने का भी आरोप लगाया।

जयपुर 15 फरवरी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर गंभीर सवाल खड़े किए। पायलट ने कहा कि, इस ट्रेड डील के दूरगामी परिणाम देश, किसानों, छोटे एवं मध्यम व्यापारियों तथा नौजवानों के लिए अहितकारी साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि इस डील से भारत के किसानों, विशेषकर कपास और सोयाबीन उत्पादकों का भारी अहित

- **कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि यूरोपीय यूनियन संघ के साथ पूरी तरह व्यापारिक समझौता हुआ, पर अमेरिका जो करवा रहा है, वो दबाव है।**




कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को पीसीसी मुख्यालय पर प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित किया।

होगा। सरकार ने जान-बूझकर छोटे व्यापारियों, नौजवानों और हमारे दुग्ध उत्पादकों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। पायलट ने रविवार को पीसीसी मुख्यालय पर प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए भी इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखा।

पायलट ने कहा कि भारत की ट्रेड डील यूरोपीय संघ के साथ भी हुई है, जो कि पूरी तरह से एक व्यापारिक समझौता है, परन्तु अमेरिका जो करवा रहा है, वो दबाव है। अमेरिका द्वारा भारत पर पहले जो 3 से 5 प्रतिशत टैरिफ था, उसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक किया गया और अब उसे 18 प्रतिशत करने की खुशियां मनाई जा रही हैं। पायलट ने कहा कि लगभग 500 अरब डॉलर के व्यापार का समझौता हुआ है, परन्तु क्या खरीदेंगे, किस दाम पर खरीदेंगे, इसका कुछ पता नहीं है।

पायलट ने कहा कि देश में यह पहली बार हुआ है कि भारत की ऊर्जा-सुरक्षा के साथ समझौता किया गया है। कोई दूसरा देश भारत जैसे ताकतवर देश को कैसे डिक्टेट कर सकता है कि हमें कहां से तेल खरीदना है और कहां से नहीं।

यह देश की ऊर्जा-सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भारत सरकार में असमंजस है। वाणिज्य मंत्री कहते हैं विदेश मंत्री को पता है, विदेश मंत्री कहते हैं, वाणिज्य मंत्री को पता है, किसी को पता ही नहीं है कि क्या हो रहा है?

पायलट ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन के अंदर और बाहर लगातार इन मुद्दों को उठाया है, सरकार के पास उनके एक भी सवाल का जबाव नहीं है। इसलिए जनता को जागरूक और सचेत रहने की आवश्यकता है।

## राजस्थान के कई जिलों में 17-18 को बारिश की संभावना

जयपुर, 15 फरवरी। प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। प्रदेश में सक्रिय हो रहे पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से 17-18 फरवरी को कई शहरों में बारिश की संभावना है। रविवार को प्रदेश में गर्मी का असर देखने को मिला। प्रदेश के जयपुर सहित 21 शहरों का दिन का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 35.8 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 17 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर के अलावा अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, पिलानी, कोटा, चित्तौड़गढ़ , डबोक, पाली, जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू और लूणकरणसर का दिन का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

## मुझ पर सबसे ज्यादा छापे पड़े, पर कुछ नहीं मिला- कार्ति चिदंबरम

नई दिल्ली, 15 फरवरी। नई दिल्ली में चल रहे बहुचर्चित जांच मामलों के बीच कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने अपने खिलाफ दर्ज मामलों और छापों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उन पर सबसे ज्यादा छापे डाले गए, लेकिन जांच एजेंसियों को अब तक कुछ भी ठोस नहीं मिला। उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे मनी लॉन्डरिंग और वीज़ा से जुड़े मामलों को बेबुनियाद और अतिरंजित बताया।

एक इंटरव्यू में कार्ति चिदंबरम ने कहा कि उनके खिलाफ चीनी वीज़ा और आईएनएक्स मीडिया मामले जैसे केस बनाए गए, लेकिन इनमें तथ्य कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि चीनी वीज़ा केस में जिस व्यक्ति का नाम लिया जा रहा है,

- **उन्होंने मनी लॉन्डरिंग व वीज़ा से जुड़े मामलों को बेबुनियाद बताया।**

वह अब जीवित नहीं है और उससे कभी पूछताछ भी नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि केस में किसी सरकारी अधिकारी का नाम तक साफ तौर पर नहीं जोड़ा गया, जबकि वीज़ा जारी करने का अधिकार सरकार के पास होता है।

कार्ति चिदंबरम ने बताया कि उन्होंने सीबीआई केस में आरोप तय किए जाने को अदालत में चुनौती दी है। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार निवारण कानून की जिन धाराओं के तहत केस बनाया गया, उनके जरूरी तत्व ही मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में कहीं भी अवैध लाभ मांगने या लेने का प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनके विदेशी बैंक खाते और विदेश में संपत्तियां हैं, लेकिन कहा कि यह सब घोषित है और आरोप पत्र पढ़ने पर केस की कमजोरी साफ दिखती है।

कार्ति चिदंबरम ने आइएनएक्स मीडिया केस का जिक्र करते हुए कहा कि जमानत आदेश में भी लिखा है कि उन्होंने किसी सरकारी अधिकारी को प्रभावित करने का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भारत में एफआईआर दर्ज करना सबसे आसान काम है और छोटी रकम के मामलों में भी बड़े पैमाने पर कानूनी खर्च किया जा रहा है।

## केदारनाथ धाम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गौरीकुंड में रात्रि प्रवास तथा 21 अप्रैल को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। इसके बाद 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे विधि-विधान से कपाट खोले जाएंगे। इस वर्ष केदारनाथ धाम में एम.टी. गंगाधर मुख्य पुजारी का दायित्व संभालेंगे। मदमहेश्वर धाम के लिए शिवशंकर लिंग ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में पूजा व्यवस्था देखेंगे, जबकि पुजारी बागेश लिंग अतिरिक्त व्यवस्था में रहेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सुशील ने ओंकारेश्वर मंदिर को पुष्प सज्जा में सहयोग किया। मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट तिथि घोषित होते ही यात्रा तैयारियों को गति दी जा रही है तथा मंदिर समिति के कार्यालयों एवं विश्राम गृहों का निरीक्षण जारी है। यात्रा प्रबंधन को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

## सरकार संसद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निलंबन को वापस लेने की मांग भी शामिल है।उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस नेता केवल बोलते रहें, आरोप लगाते रहें और हंगामा करते रहें, तो यह विपक्ष के लिए नुकसानदेह होगा। रिजिजू स्पष्ट किया कि सरकार केवल कांग्रेस को ही नहीं, बल्कि सभी सांसदों को बोलने का मौका देगी। उन्होंने कहा कि संसद में बहस जरूरी है और सभी छोटे या बड़े दलों को बोलने का मौका मिलना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल स्पीकर से मिला था। उन्होंने मांग की थी कि राहुल गांधी को दो मिनट अलग से बोलने का मौका मिले। सरकार ने कहा कि बजट पर बहस के दौरान किसी को अलग से बोलने का मौका क्यों दिया जाए। रिजिजू ने कहा कि अगर संसद सही ढंग से चलनी है, तो सभी सांसदों को बोलने का मौका देना होगा। स्पीकर ने इस बात को मान लिया है।

## दिल्ली पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई गैंग के 3 वांटेड शूटर पकड़े

नई दिल्ली, 15 फरवरी। दिल्ली पुलिस और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन शूटरों के बीच मुठभेड़ हुई है। बवाना मुल्क नहर के पास आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक बवाना थाने की टीम ने मुठभेड़ के बाद तीन शूटर्स को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर पर गोली लगी है। दोनों तरफ से चार राउंड गोलियां चलाई गई हैं।

इन वांटेड बदमाशों न े तीन दिन पहले बवाना इलाके में ही कारोबारी को दौड़ा दौड़ा कर गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इसकी जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लॉरेंस गैंग के रणदीप मलिक और अनिल पंडित ने ली थी।

- **गिरफ्तारी से पहले हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी।**

मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए तीन शूटर्स से पूछताछ की जा रही है। कारोबारी की हत्या किन वजहों से की गई और इसकी सुपारी किसने दी थी?

पिछले महीने उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में हुई मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में बताया था कि आरोपी बाहरी और पूर्वी दिल्ली में दर्ज फायरिंग और जबरन वसूली के मामलों में वांछित थे।

## सिलचर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार प्लान के हिस्से के तौर पर की गई है, जिसका मकसद रोड नेटवर्क को मजबूत करना और रीजनल इंटीग्रेशन को बढ़ाना है।

## बसपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल

लखनऊ, 15 फरवरी। प्रदेश में सत्तासीन होने के लिए पीडीए का प्रभाव बढ़ ाने में जुटी सपा ने रविवार को मायावती सरकार में कद्दावर नेता रहे नसीमुद्दीन सिद्दकी के हाथ में साइकिल थमा दी। उनकी जॉइनिंग को दिग्गज सपाई नेता आजम खान के राजनीतिक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

वहीं, अखिलेश ने अपना दल एस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रतापगढ़ से विधायक रहे राजकुमार पाल, पूर्व मंत्री अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू, देवरिया के पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, पहली ड्रोन दीदी इटावा की रंजना पाल समेत कई अन्य के जरिए पीडीए के तंबू को मजबूत करने का प्रयास किया है।

1988 से बांदा से राजनीतिक करियर शुरू कर चार बार मंत्री रहने एवं नौ साल कांग्रेस में काम करने वाले नसीमुद्दीन सिद्दकी ने कहा कि मैं किसी पद की लालसा में सपा में नहीं आया, बल्कि अखिलेश के बड़े मन और पीडीएस के बड़े विचार ने मुझे प्रेरित किया। मेरा परिवार भी पार्टी ज्वाइन कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस दौरान योगी सरकार पर जमकर तंज किया।

## बेंगलुरु में तेज रफ्तार कार-बस से टकराई, 5 की मौत

बेंगलुरु (कर्नाटक), 15 फरवरी। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक तेज रफ्तार कार बस से टकरा गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि शहर के बाहरी इलाके, नेलमंगला के पास एक कार और केएसआरसीटी बस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार आधी रात को हुई। बेंगलुरु की ओर जा रही कार कथित तौर पर डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में चली गई और फिर सामने से आ रही एक बस से टकरा गई।

पुलिस के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस हादसे में कार बुरी तरह डैमेज हो गई। मरने वाले सभी लोग 17-22 साल के युवा थे और डोड्डाबल्लापुरा के रहने वाले थे। हालांकि, बस में सवार सभी 43 यात्री बिना किसी बड़ी चोट के बच गए। मदनायकनहल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आगे की जांच चल रही है। जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस कार्तिक रेड्डी ने कहा कि एक्सीडेंट के कारण की जांच की जाएगी और यह भी देखा जाएगा कि कार के ड्राइवर और उसमें बैठे लोगों ने शराब पी थी या नहीं। उन्होंने कहा, "हमने ब्लड सैंपल इकट्ठा किए हैं और उन्हें टेस्ट के लिए एफएसएल भेज दिया है।

- **कार में सवार चार व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, पांचवे घायल ने अस्पताल में दम तोड़ा।**

## अब दुर्लभ प्रजातियों की तस्करी में ट्रेन का खुलकर उपयोग कर रहे हैं स्मगलर

### भोपाल में ट्रेन से दुर्लभ प्रजाति के 311 कछुए मिले, ये कछुए पटना-इंदौर एक्सप्रैस के फर्स्ट क्लास कोच से बरामद किए गए

- **मध्य प्रदेश टाइगर स्ट्राइक टास्क फोर्स, रेल्वे प्रोटैक्शन फोर्स और भोपाल फॉरैस्ट डिवीज़न ने संयुक्त कार्यवाही कर यह सफलता प्राप्त की।**
- **जाँच से पता चला है कि दुर्लभ प्रजाति के ये कछुए गंगा, गोमती व उनकी सहायक नदियों से लाए गए थे तथा उन्हें फर्स्ट क्लास कोच में रखा गया था ताकि किसी को भी शक न हो।**

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 फरवरी। भारतीय रेलवे में एसी फर्स्ट क्लास कोच की आलीशान प्राइवेसी, जिसे लंबे समय से सबसे सुरक्षित और एलीट ट्रैवल स्पेस माना जाता रहा है, अब वन्यजीव तस्करी का एक अनोखा रास्ता बनकर सामने आई है। एक अंतरराज्यीय गिरोह इन लग्जरी डिब्बों का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश में दुर्लभ और लुप्तप्राय: कछुओं की स्मगलिंग करने के लिए कर रहा था, जहां से उन्हें पश्चिमी भारत में भेजा जाता था।

एक बड़ी सफलता में मध्य प्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और भोपाल वन मंडल के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई में, भोपाल के संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन पर 19322 पटना-इंदौर एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट क्लास कोच से 311 दुर्लभ और संकटग्रस्त कछुए जब्त किए।

जांचकर्ताओं ने बताया कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश की नदियों, खासकर गंगा और गोमती तथा उनकी सहायक नदियों से कछुए पकड़ता था और उन्हें एसी फर्स्ट क्लास कोच में छिपाकर मध्य प्रदेश लाता था। आरोप है कि इस तस्करी में कोच अटेंडेंट की मदद से यात्रा के दौरान कछुओं को छिपाया जाता था।

कोच अटेंडेंट अजय सिंह राजपूत से 311 कछुए बरामद किए गए, जो कथित रूप से इस गिरोह के लिए कुरियर का काम कर रहा था। बचाए गए कछुओं में क्राउन रिवर टर्टल, इंडियन टेंट टर्टल और इंडियन रूफ्ड टर्टल शामिल हैं। ये सभी प्रजातियां वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित हैं।

वन्यजीव अधिकारियों ने बताया कि कछुओं को बेहद खराब हालत में रखा गया था। उन्हें घुटन भरी जगह में पैक किया गया था और लंबे समय तक छिपाकर रखने के कारण कई कछुए डीहाइड्रेशन और तनाव से ग्रस्त थे।

आगे की जांच के बाद, एसटीएसएफ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंची, जहां साढ़े 17 साल के एक किशोर को हिरासत में लिया गया और बाद में भोपाल के सुधार गृह भेज दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि यह नाबालिग लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, सुल्तानपुर और अमेठी सहित, कई जिलों में चल रहे बड़े नदी आधारित शिकार गिरोह का हिस्सा था।

जांचकताओं के अनुसार, स्थानीय शिकारी नदी किनारे और आर्द्र क्षेत्रों से कछुए पकड़ते थे और रेलवे मार्ग से उन्हें मध्य प्रदेश भेजते थे। इस खेप को कथित रूप से पश्चिमी मध्य प्रदेश के देवास जिले में बैठे एक सरगना द्वारा नियंत्रित किया जा रहा था।

आसिफ खान नाम का सरगना 10 फरवरी को देवास शहर से गिरफ्तार होने से पहले, कई दिनों तक गिरफ्तारी से बचता रहा। पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लिया गया है और अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में गिरोह के वित्त पोषकों और मध्य प्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र में ग्राहकों को सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क की जानकारी मिल सकती है।

एसटीएसएफ सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह कई वर्षों से सक्रिय था। ट्रेन रूट और प्रीमियम डिब्बों के अंदरूनी सहयोग का इस्तेमाल इस तस्करी में गहरी योजना और अंदरूनी तालमेल को दिखाता है।

यह पहली बार नहीं है, जब वन्यजीव तस्करी के लिए रेलवे मार्ग का इस्तेमाल किया गया है।

अक्टूबर 2023 में "ऑपरेशन कच्छप" नामक देशव्यापी कार्रवाई के दौरान, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने नागपुर, भोपाल और चेन्नई में एक साथ छापेमारी कर 955 जीवित गैंजटिक कछुओं के बच्चों को बचाया था और छह लोगों को गिरफ्तार किया था। उस समय इटारसी और नागपुर से गुजरने वाली ट्रेनों से कछुए बरामद किए गए थे।

## डॉ. आदिल ने कश्मीर में नया आतंकी संगठन बनाया

नई दिल्ली/श्रीनगर, 15 फरवरी। दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के तार जम्मू-कश्मीर से जुड़े मिले थे। पुलिस जांच में एक वाइट-कॉलर आतंकी मॉड्यूल को लेकर कई बड़ी बातें सामने आई हैं। अब जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस मामले में डॉ. अदील को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।पुलिस ने हाल ही में जिस आतंकी समूह का पर्दाफाश किया है, उसमें शामिल डॉक्टर 2016 से ही कट्टरपंथी बन रहे थे। इन लोगों ने मिलकर अंसार इंतरिम नाम का एक नया आतंकी संगठन बनाया था। इस संगठन को बनाने का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर और देश के दूसरे हिस्सों में आतंकी वारदातों को अंजाम देना था।

अब इस पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। इस मॉड्यूल का मुख्य चेहरा डॉ. उमर-उन नबी था। उमर ने ही 10 नवंबर 2025 को लाल किले के बाहर विस्फोटकों से लदी कार को उड़ाया था, जिसमें कई लोग मारे गए थे। जांच में सामने आया कि उमर ने 2016 और 2018 में भी आतंकी समूहों में शामिल होने की कोशिश की थी, लेकिन तब वह इस मंसूबे में नाकाम रहा। अधिकारियों के अनुसार, अप्रैल 2022 में श्रीनगर के ईदगाह में एक गुप्त बैठक हुई थी। इस बैठक में मुजम्मिल गनी, उमर-उन नबी, आदिल राथर, मौलवी इरफान और कुछ अन्य साजिश कर्ता शामिल थे। यहीं पर अंसार इंतरिम बनाने का फैसला हुआ। अदिल को इस ग्रुप का मुखिया (अमीर) और मौलवी इरफान को उप-मुखिया बनाया गया। मुजम्मिल गनी को खजांची की जिम्मेदारी दी गई। इन लोगों ने नया ग्रुप इसलिए बनाया क्योंकि पुराने आतंकियों से इनका संपर्क टूट गया था। इसके बाद साल 2023 में ग्रुप ने साजिश को अंजाम देने के लिए हरियाणा के सोहना और नूह से खाद खरीदी। फरीदाबाद की एक दुकान से पोटेशियम नाइट्रेट जैसा केमिकल लिया गया। उमर ने इंटरनेट पर वीडियो देखकर आईईडी और टीएटीपी जैसे खतरनाक विस्फोटक बनाना सीखा। अदील ने दक्षिण कश्मीर के दानिश नाम के युवक को सुसाइड हमले के लिए तैयार करने की कोशिश की, लेकिन दानिश आखिरी वक्त पर पीछे हट गया।

- **अंसार इंतरिम नाम से संगठन का डॉ. आदिल मुखिया व मौलवी इरफान उप-मुखिया बने।**

उमर का असली प्लान दिल्ली की किसी भीड़भाड़ वाली जगह या धार्मिक स्थल पर बड़ा धमाका करने का था। हालांकि, श्रीनगर पुलिस ने जब मुजम्मिल गनी को गिरफ्तार किया और विस्फोटक बरामद किए, तो उमर घबरा गया। इसी घबराहट में उसने लाल किले के बाहर समय से पहले धमाका कर दिया। इस पूरे नेटवर्क का पता 19 अक्टूबर को श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर दिखने के बाद चला। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पहले तीन स्थानीय लोगों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ के बाद मौलवी इरफान और फिर इन डॉक्टरों तक पहुंचा जा सका।

## भारत व फ्रांस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

देश नियमित रूप से शक्ति, वरुण और गरुड़ सैन्य अभ्यास करते हैं। कैथरीन वौत्रिन के रक्षा मंत्री बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा होगा। इससे पहले पांचवां रक्षा संवाद अक्टूबर 2023 में फ्रांस में आयोजित हुआ था।

## ब्रिटेन के साथ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी हस्ताक्षर किए हैं, ताकि अस्थायी कर्मचारी किसी भी देश में दो बार सामाजिक कर न दें। अधिकारी ने बताया कि दोनों समझौते एक साथ लागू किए जा सकते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908